रविवार, 31 मई 2026

**मौसम**



| | |
|---|---|
| तापमान | 24 – 32 |
| आर्द्रता | 78% |
| सूर्योदय: 04:52 | सूर्यास्त: 18:16 |

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

कोलकाता, ज्येष्ठ (अधिक) शुक्लपक्ष पूर्णिमा, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 4.00 रुपये



आरसीबी और गुजरात टाइटंस के बीच फाइनल में होगी रोमांचक टक्कर पृष्ठ 8

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

**सुविचार :** जिंदगी कुछ नहीं जिम्मेदारी है जिसे हम जीते कम हैं निभाते ज्यादा हैं।

# राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन लागू करेगा बंगाल : शुभेंदु अधिकारी

## केंद्र ने 2,103 करोड़ रुपये मंजूर किए

**कहा... '1.36 करोड़ से अधिक परिवार आयुष्मान भारत योजना के तहत आएंगे'**

**मुख्यमंत्री ने चार जिलों में मेडिकल कॉलेज स्थापित करने की घोषणा**

**दलाल राज पर लगाम कसने के लिए खुलेगा केंद्रीय कंट्रोल रूम**



**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने शनिवार को कहा कि राज्य राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) लागू करेगा और केंद्र ने इस योजना के लिए 2,103 करोड़ रुपये मंजूर किए हैं। शुभेंदु ने बिधान-नगर में स्वास्थ्य विभाग के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि बंगाल में 1.36 करोड़ से अधिक परिवारों को आयुष्मान भारत योजना के दायरे में लाया जाएगा। उन्होंने कहा कि इससे यह सुनिश्चित होगा कि राज्य की बड़ी आबादी को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिले। शुभेंदु ने कहा कि पश्चिम बंगाल, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) लागू करेगा। केंद्र ने इस योजना के लिए 2,103 करोड़ रुपये मंजूर किए हैं, जिनमें से 527 करोड़ रुपये हमें मिल चुके हैं। इन निधियों से राज्यभर में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के तहत लाभार्थियों को निर्धारित सरकारी अस्पतालों में पांच लाख रुपये तक का स्वास्थ्य बीमा कवर मिलेगा। उन्होंने कहा कि भारत के अन्य हिस्सों में काम करने वाले प्रवासी श्रमिक भी इस योजना का लाभ उठा सकेंगे। शुभेंदु ने कहा कि राज्य के सरकारी अस्पताल अब 'आयुष्मान मंदिर' के नाम से जाने जाएंगे। अगर कोई मरीज दवाओं पर महीने में 1,000 रुपये खर्च करता है, तो उसे वही दवाएं इन अस्पतालों में 100 रुपये में उपलब्ध होंगी। उन्होंने कहा कि राज्य में 467 प्रधानमंत्री जनऔषधि केंद्र संचालित किए जाएंगे और कैंसर सहित गंभीर बीमारियों की दवाएं जल्द ही 30 प्रतिशत सब्सिडी पर उपलब्ध कराई जाएंगी। मुख्यमंत्री ने अलीपुरद्वार, कलिम्पोंग, दक्षिण दिनाजपुर और पश्चिम बर्दवान जिलों में मेडिकल कॉलेज स्थापित करने की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि कोई भी जिला मेडिकल कॉलेज के लाभ से वंचित नहीं रहना चाहिए। सरकार ने इसी कारण यह पहल की है। शुभेंदु ने यह भी कहा कि राज्यभर के जिला अस्पतालों की निगरानी और पर्यवेक्षण के लिए नियंत्रण कक्ष स्थापित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग अस्पतालों में कथित बिचौलियों और मरीजों को अनावश्यक रूप से रेफर किए जाने के खिलाफ 'कतई बर्दाश्त नहीं करने' की नीति अपनाएगा। शुभेंदु ने कहा कि जिला अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों की चौबीसों घंटे निगरानी के लिए 'स्वास्थ्य भवन' में एक केंद्रीय नियंत्रण कक्ष स्थापित किया जा रहा है। शुभेंदु ने कहा कि हम इस पर नजर रखेंगे कि अस्पतालों में बिचौलियों का कोई नेटवर्क सक्रिय तो नहीं है, डॉक्टर मौजूद हैं या नहीं, बिस्तरों पर मरीज हैं या नहीं और परिसर में आवारा कुत्ते और बिल्लियां तो नहीं घूम रहीं। नियंत्रण कक्ष सरकारी स्वास्थ्य सुविधाओं में स्वच्छता, सेवा वितरण और प्रशासनिक कामकाज की भी निगरानी करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोलकाता मेडिकल कॉलेज के एक डॉक्टर के खिलाफ गंभीर रूप से बीमार मरीज को रेफर करने के मामले में पहले ही कार्रवाई शुरू कर दी गई है। शुभेंदु ने उन निजी अस्पतालों से संबंधित नीतिगत फैसले की भी घोषणा की, जिन्हें सरकार से एक रुपये की नाममात्र दर पर जमीन मिली थी। ऐसे अस्पतालों को सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों से भेजे गए आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों के लिए 15 प्रतिशत तक बिस्तर आरक्षित रखने होंगे। उन्होंने कहा कि अगर सरकारी अस्पतालों पर अधिक दबाव है और मरीजों को इन निजी अस्पतालों में भेजा जाता है तो उन्हें मरीजों को भर्ती करना होगा। हमने यह भी फैसला किया है कि ऐसे मरीजों का इलाज निःशुल्क किया जाना चाहिए। शुभेंदु ने कहा कि उनकी सरकार स्वास्थ्य क्षेत्र में जवाबदेही बढ़ाने और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने सरकारी सेठ सुखलाल करनानी मेमोरियल (एसएसकेएम) अस्पताल में 100 बिस्तरों वाली इकाई का भी उद्घाटन किया और पिछले तीन सप्ताह में स्वास्थ्य क्षेत्र में सरकार द्वारा की गई पहलों का ब्योरा पेश किया।

# दिल्ली पुलिस ने आईएसआई-अंडरवर्ल्ड मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया, आठ गिरफ्तार

## सुरक्षा एजेंसियों की बड़ी सफलता

**दिल्ली, मुंबई, पंजाब और चंडीगढ़ थे निशाने पर**



**नयी दिल्ली :** दिल्ली पुलिस ने शनिवार को कहा कि उसने पाकिस्तान समर्थित आईएसआई के एक आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया और एक नेपाली नागरिक समेत उन आठ संदिग्ध सदस्यों को गिरफ्तार किया, जो कथित तौर पर दिल्ली और अन्य शहरों में महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों, सुरक्षा प्रतिष्ठानों और पुलिसकर्मियों पर हमले की साजिश रच रहे थे। पुलिस ने कहा कि ये गिरफ्तारियां एक समन्वित बहु-राज्यीय अभियान के तहत की गईं, जिससे पाकिस्तान की जासूसी एजेंसी 'इंटर-सर्विसेज इंटेलीजेंस' (आईएसआई), अंडरवर्ल्ड के गुर्गों और गैंगस्टर शहजाद भट्टी द्वारा कथित तौर पर रची गई साजिश का पर्दाफाश हुआ। इसने बताया कि इस साजिश का उद्देश्य दिल्ली, मुंबई, पंजाब और चंडीगढ़ में विभिन्न स्थानों को निशाना बनाना था। पुलिस ने कहा कि मुंबई में रेलवे स्टेशन, पार्क और पुल निशाने पर थे। विशेष पुलिस आयुक्त (विशेष प्रकोष्ठ) अनिल शुक्ला ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि आरोपियों के पास से पाकिस्तान निर्मित चार हथगोले, दो ग्लॉक पिस्तौल, 24 कारतूस, चोरी की एक मोटरसाइकिल और एक स्कूटर बरामद किया गया है। उन्होंने बताया कि आरोपियों में उत्तर प्रदेश का विजय उर्फ शूटर (23), झारखंड का नीतीश पासवान (23), महाराष्ट्र के तौकीर रिजवान अहमद शेख (27) और साजिद मेहबूब शेख उर्फ अरबाज खान (27), पंजाब के हरविंदर सिंह (28), गगनदीप सिंह (28) और मंजीत सिंह (23) तथा नेपाली नागरिक अनग कामी लामा (66) शामिल हैं। भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) और गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) की संबंधित धाराओं के तहत विशेष प्रकोष्ठ पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार, यह अभियान उन सूचनाओं के आधार पर शुरू किया गया था जिनमें कहा गया था कि पाकिस्तान के गुर्गों और अंडरवर्ल्ड नेटवर्क से जुड़े लोग कई शहरों में रणनीतिक लक्ष्यों और सुरक्षाकर्मियों पर हमले की साजिश रच रहे हैं।

# बंगाल में गंदगी फैलाने वालों की खैर नहीं, लॉन्च हुआ 'स्वच्छ ऐप'

## थूकने, कचरा फेंकने या खुले में पेशाब करने पर लगेगा भारी जुर्माना

**फोटो भेजते ही 2 घंटे के भीतर पहुंचेगी नगर निगम टीम**




**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल को साफ-सुथरा और प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए राज्य की नई भाजपा सरकार ने एक ऐतिहासिक और कड़ा फैसला लिया है। राज्य में आधिकारिक तौर पर 'स्वच्छ ऐप' लॉन्च कर दिया गया है। इसके साथ ही आगामी सितंबर महीने से पूरे राज्य में 'वेस्ट फाइन' (यानी गंदगी फैलाने पर जुर्माना) का नियम लागू होने जा रहा है। इस ऐप के उद्घाटन कार्यक्रम में खुद केंद्रीय शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल खट्टर, मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी और शहरी विकास मंत्री अग्निमित्रा पॉल उपस्थित थे। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने ऐप लॉन्चिंग के मौके पर पूर्ववर्ती ममता सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि पिछले 10-12 वर्षों में देश के अन्य राज्यों में स्वच्छता और विकास के जो काम हुए, वे बंगाल में नहीं हो सके। हम इन अधूरे कामों को तेजी से पूरा करेंगे। जब मैं कोलकाता की सड़कों से गुजरता हूं, तो कचरे के ढेर देखता हूं। शहर को साफ रखने में आम जनता की जिम्मेदारी सबसे बड़ी है। उन्होंने ऐप की कार्यप्रणाली समझाते हुए कहा कि अब नागरिक कहीं भी कचरा देखने पर उसकी तस्वीर ऐप पर अपलोड कर सकते हैं। स्थानीय नगरपालिका उस तस्वीर को देखकर तुरंत सफाई करेगी और शिकायतकर्ता को समाधान की सूचना भी दी जाएगी।

**सुधार के लिए मिलेंगे 3 महीने : अग्निमित्रा पॉल**

शहरी विकास मंत्री अग्निमित्रा पॉल ने नियमों की जानकारी देते हुए बताया कि आम जनता को अपनी आदतें सुधारने और जागरूक होने के लिए 3 महीने का समय (विंडो पीरियड) दिया जा रहा है। इस दौरान लोगों को जागरूक किया जाएगा, जिसके बाद सितंबर से सीधे जुर्माने की कार्रवाई शुरू होगी। राज्य के शहरी इलाकों में हर 100 मीटर की दूरी पर डस्टबिन लगाए जाएंगे। सड़क पर चिप्स के पैकेट फेंकने, कचरा डालने, पान की पीक या थूक फेंकने और खुले में पेशाब करने पर पुलिस और प्रशासन द्वारा भारी जुर्माना वसूला जाएगा। राज्य की हर सार्वजनिक बस में 'वेस्ट बैग' रखना अनिवार्य होगा, ताकि यात्री कचरा सड़क पर फेंकने के बजाय उसी बैग में डालें।

**पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर 10 नगरपालिकाओं में शुरुआत**

मुख्यमंत्री ने बताया कि फिलहाल इस योजना और ऐप को पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर राज्य के 10 नगर निकायों में शुरू किया जा रहा है। आने वाले समय में इसे पूरे राज्य में चरणबद्ध तरीके से लागू किया जाएगा। पहले चरण में आसनसोल नगर निगम, दुर्गापुर नगर निगम, बशीरहाट, पूजाली, तूफानगंज, कांथी, कृष्णनगर, नलहाटी, बैद्यबाटी और मध्यमग्राम नगरपालिका शामिल है।

# सोनारपुर में अभिषेक बनर्जी पर फूटा जनता का गुस्सा, लगे 'चोर-चोर' के नारे

## अंडे-जूते फेंके गए, शर्ट फाड़ी, हेलमेट पहनकर पहुंचे पीड़ित परिवार तक

**हिंसा में मारे गए तृणमूल कार्यकर्ताओं के परिवारों से मिलने निकले थे नेता**



**कोलकाता, समाज्ञा :** बंगाल में सत्ता परिवर्तन के बाद पहली बार चुनावोत्तर हिंसा के पीड़ित पार्टी कार्यकर्ताओं के परिवारों से मिलने निकले पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे व तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और डायमंड हार्बर के सांसद अभिषेक बनर्जी को शनिवार को दक्षिण 24 परगना के सोनारपुर में अभूतपूर्व जनविरोध का सामना करना पड़ा। रास्ते भर 'चोर-चोर' और 'गो बैक' के नारों के बीच उनका काफिला घिर गया। प्रदर्शनकारियों ने उन पर अंडे और जूते-चप्पल फेंके, धक्का-मुक्की की, यहां तक कि उनकी सफेद कमीज के बटन टूट गए और कपड़े फट गए। हालात इस कदर बेकाबू हो गए कि अपनी सुरक्षा के लिए तृणमूल नेता को आनन-फानन में क्रिकेट खेलने वाला हेलमेट सिर पर पहनना पड़ा। रास्ते में कई जगह महिलाओं ने उन्हें काले झंडे दिखाए, जिसके कारण उन्हें अपनी चार पहिया गाड़ी छोड़कर मोटरसाइकिल का सहारा लेना पड़ा। सोनारपुर पहुंचने से पहले कामलगाजी इलाके में महिलाओं ने काले झंडे दिखाकर विरोध दर्ज कराया। इसके बाद, जैसे ही अभिषेक सोनारपुर में दाखिल हुए, विरोध और उग्र हो गया। भीड़ ने उन्हें घेर लिया और लगातार अंडे फेंके गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, धक्का-मुक्की और हाथापाई में उनकी घड़ी और चश्मा भी क्षतिग्रस्त हो गए।

### अभिषेक बनर्जी को दो अस्पतालों ने भर्ती करने से किया इंकार, मेडिकल जांच के बाद छुट्टी

सांसद अभिषेक बनर्जी को शनिवार की शाम कोलकाता के दूसरे निजी अस्पताल में भी भर्ती नहीं किया गया। अस्पताल प्रशासन ने जांच के बाद उन्हें भर्ती की आवश्यकता नहीं बताते हुए मेडिकल प्रमाणपत्र जारी कर दिया। बता दें कि सुरक्षा बलों द्वारा सोनारपुर से बाहर निकाले जाने के बाद अभिषेक बनर्जी को सबसे पहले ईस्टर्न मेट्रोपॉलिटन बाइपास के पास स्थित एक निजी अस्पताल ले जाया गया था। इसके बाद, अभिषेक बनर्जी को मध्य कोलकाता के मिंटो पार्क स्थित एक अन्य निजी अस्पताल में ले जाया गया। वहां उन्हें जांच के लिए आईटीयू (इंटेंसिव ट्रीटमेंट यूनिट) में रखा गया। अस्पताल में विस्तृत चिकित्सकीय परीक्षण के बाद डॉक्टरों ने कहा कि उन्हें भर्ती करने की आवश्यकता नहीं है। अस्पताल द्वारा जारी मेडिकल प्रमाणपत्र में कहा गया कि अभिषेक बनर्जी को कोई गंभीर आंतरिक चोट नहीं मिली है और वह पूरी तरह से होश में हैं। इसलिए अस्पताल में भर्ती करना जरूरी नहीं समझा गया। डॉक्टरों ने उन्हें कुछ दवाइयां लिखीं, जिनमें एक पाचन संबंधी दवा भी शामिल है। इस जानकारी के सामने आने के बाद अस्पताल परिसर में मौजूद ममता बनर्जी नाराज हो गईं।

**मुझे मार डालना चाहते थे : अभिषेक बनर्जी**

बाद में, सोनापुर में हमले व विरोध प्रदर्शन को लेकर अभिषेक बनर्जी ने मीडिया से कहा कि वे मुझे मार डालना चाहते थे। पूरी घटना कैमरे में कैद है। हम इस मामले को लेकर हाई कोर्ट और राज्यपाल के पास जाएंगे। उन्होंने कानून-व्यवस्था को लेकर राज्य प्रशासन और भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा को सत्ता संभाले एक महीना भी नहीं हुआ और राज्य में डर का माहौल बना दिया गया है। शेष पृष्ठ 5 पर

### सोमवार को शुभेंदु कैबिनेट का होगा पहला विस्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी अपने मंत्रिमंडल का पहला बड़ा विस्तार आगामी-एक जून को करने जा रहे हैं। मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के ठीक बाद से ही इस बात की चर्चाएं तेज थीं कि कैबिनेट में नए चेहरों को कब जगह मिलेगी। अब इस पर से सस्पेंस पूरी तरह हट चुका है। प्राप्त आधिकारिक आमंत्रण और सूचना के आधार पर, इस नवगठित राज्य मंत्रिमंडल के शपथ ग्रहण समारोह की मीडिया कवरेज के लिए शनिवार से आधिकारिक मीडिया पास और इनविटेशन कार्ड वितरित शुरू हो गए है। यह जानकारी राज्य सरकार के सूचना व संस्कृति विभाग की ओर से दी गई है। कहा जा रहा है कि मंत्रिमंडल का यह बहुप्रतीक्षित विस्तार एक जून को राजभवन में संपन्न हो सकता है। सूत्रों अनुसार, इस विस्तार में उत्तर बंगाल, जंगलमहल और मतुआ बहुल क्षेत्रों के विधायकों को बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है ताकि राज्य में एक मजबूत और संतुलित प्रशासनिक ढांचा तैयार किया जा सके।

### वियतनाम के साथ ब्रह्मोस समझौते पर हुए हस्ताक्षर, इंडोनेशिया के साथ समझौता अंतिम चरण में: रक्षा सचिव

**सिंगापुर :** रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने शनिवार को कहा कि वियतनाम के साथ ब्रह्मोस मिसाइल समझौता हो चुका है, जबकि इंडोनेशिया के साथ इसी तरह का समझौता अंतिम चरण में है। सिंह, 'शांगरी-ला' वार्ता में भाग लेने के लिए सिंगापुर में हैं और उनकी ये टिप्पणी मिसाइल प्रणाली के संभावित खरीदारों से संबंधित एक प्रश्न के उत्तर में आई। उन्होंने कहा, मेरी जानकारी के अनुसार, इंडोनेशिया और वियतनाम दोनों के साथ समझौता अंतिम चरण में है। वास्तव में, वियतनाम के साथ तो समझौता हो चुका है, हालांकि इसकी सार्वजनिक घोषणा नहीं हुई है, लेकिन इस पर हस्ताक्षर हो चुके हैं। फिलीपीन ने 2022 में लगभग 37.5 करोड़ अमेरिकी डॉलर का अनुबंध किया था और भारत से ब्रह्मोस मिसाइल प्रणाली खरीदने वाला पहला देश था। इंडोनेशिया ने मार्च में कहा था कि उसने भारत से ब्रह्मोस मिसाइल प्रणाली खरीदने के लिए एक समझौता किया है। इस महीने की शुरुआत में ऐसी खबरें आई थीं कि वियतनाम, भारत के साथ ब्रह्मोस मिसाइल समझौते पर हस्ताक्षर करने के करीब है, लेकिन शनिवार को सिंह की टिप्पणी इस विषय पर सार्वजनिक रूप से पहली आधिकारिक घोषणा थी।

# सीमावर्ती जिलों में जनसांख्यिकीय परिवर्तन सबसे गंभीर चुनौती: अमित शाह



**अहमदाबाद :** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सीमांत जिलों में जनसांख्यिकीय परिवर्तन को देश के समक्ष सबसे गंभीर चुनौती बताते हुए इन घटनाक्रमों की सख्त निगरानी एवं नियमित रिपोर्टिंग पर जोर दिया है। शनिवार को जारी एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है कि शाह ने गुजरात के कच्छ जिले में स्थित भुज में शुक्रवार को सुरक्षा समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। शाह ने कहा कि सीमा जिलों के प्रशासन को मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार करनी चाहिए, ताकि मौजूदा घुसपैठियों की पहचान सुनिश्चित की जा सके तथा ड्रोन एवं मादक पदार्थ से जुड़े खतरों पर निगरानी रखी जा सके। विज्ञप्ति के अनुसार, शाह ने कहा कि सीमा जिलों में जनसांख्यिकीय परिवर्तन देश के सामने सबसे बड़ी चुनौती है और जिलाधिकारियों को ऐसे बदलावों की सख्त निगरानी करने के साथ ही नियमित रिपोर्टिंग सुनिश्चित करनी चाहिए। इसी सप्ताह की शुरुआत में केंद्रीय गृहमंत्री ने अवैध प्रवासन और अन्य अप्राकृतिक कारणों से देश में हो रहे जनसांख्यिकीय बदलावों का आकलन करने तथा उनसे निपटने के उपाय सुझाने के लिए एक उच्च स्तरीय समिति के गठन की घोषणा की थी। बैठक में शाह ने अंतरराष्ट्रीय सीमा के 0 से 15 किलोमीटर के दायरे में अनधिकृत अतिक्रमण के खिलाफ बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं करने की नीति अपनाने और सीमा क्षेत्रों में कट्टरपंथ से जुड़े केंद्रों पर कड़ी निगरानी रखने पर बल दिया। शुक्रवार की इस बैठक में गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और उपमुख्यमंत्री हर्ष संघवी के साथ वरिष्ठ अधिकारी तथा कच्छ, वाव-थराद और पाटन जिलों के जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक शामिल हुए। गृहमंत्री ने कहा कि सीमा क्षेत्रों में औद्योगिक इकाइयों की स्थापना के कारण लोगों का वापस आना एक स्वागत योग्य घटनाक्रम है और पुलिस थानों से लेकर पटवारियों तक सभी को मिलकर काम करना चाहिए ताकि अवैध घुसपैठियों की पहचान करके उन्हें वापस भेजने की प्रक्रिया सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने प्रत्येक ऐसे जिले में सुरक्षा समन्वय समूह गठित करने की आवश्यकता पर भी बल दिया, जिनमें सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ), तटरक्षक बल, आयकर विभाग, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और प्रमुख बैंकों के प्रबंधक शामिल हों।

# कर्नाटक: कांग्रेस विधायक दल के नेता चुने गए डी. के. शिवकुमार



**बेंगलुरु :** कांग्रेस की कर्नाटक इकाई के अध्यक्ष डी के शिवकुमार को शनिवार को पार्टी विधायक दल का नेता चुन लिया गया, जिससे उनके राज्य के अगले मुख्यमंत्री बनने का मार्ग प्रशस्त हो गया। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं निवर्तमान मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने शनिवार को विधान सौध में हुई बैठक के दौरान विधायक दल के नये नेता के रूप में शिवकुमार के नाम का प्रस्ताव रखा। यह बैठक कांग्रेस महासचिव (संगठन) के. सी. वेणुगोपाल और पार्टी के कर्नाटक मामलों के प्रभारी महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला की मौजूदगी में हुई। सूत्रों ने बताया कि हालांकि, नये नेता के चयन के लिए विधायक दल की बैठक के दौरान 10 मिनट का विराम लिया गया और सिद्धरमैया, वेणुगोपाल और सुरजेवाला सहित शीर्ष नेता विचार-विमर्श के लिए अलग कमरे में चले गए। कांग्रेस की कर्नाटक इकाई ने शिवकुमार के विधायक दल का नेता चुने जाने की घोषणा करते हुए एक बयान में कहा कि सिद्धरमैया ने शिवकुमार का नाम शीर्ष पद के लिए प्रस्तावित किया, जी परमेश्वर ने प्रस्ताव का समर्थन किया और बैठक में सर्वसम्मति से इसे मंजूरी दे दी गई। पार्टी महासचिव (संगठन) के सी वेणुगोपाल ने शिवकुमार को विधायक दल का नया नेता चुने जाने की घोषणा की।

# सभी कारोबारियों को टैरिफ रिफंड की अनुमति देने वाले आदेश के खिलाफ अपील करने पर विचार कर रहे ट्रंप


**न्यूयॉर्क :** अमेरिका की शीर्ष अदालत के एक फैसले के बाद बड़े और छोटे कारोबारों को टैरिफ रिफंड मिलना शुरू हो गया है। शीर्ष अदालत ने फैसले में कहा था कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पास लगभग हर दूसरे देश से आने वाले सामान पर अधिक आयात कर लगाने का संवैधानिक अधिकार नहीं है। हालांकि, यह प्रक्रिया थम सकती है क्योंकि ट्रंप प्रशासन ने शुक्रवार को कहा कि सरकार संघीय न्यायाधीश के आदेश के खिलाफ अपील करने के बारे में सोच रही है। आदेश में न सिर्फ मुकदमा करने वाली कंपनियों बल्कि अमान्य शुल्क का भुगतान करने वाली सभी कंपनियों को रिफंड लेने की इजाजत दी गई। 'कस्टम्स एंड बॉर्डर प्रोटेक्शन' (सीबीपी) ने इस सप्ताह की शुरुआत में एक लीगल फाइलिंग में बताया कि कुल 85 अरब डॉलर के रिफंड के आवेदन 22 मई को स्वीकार किए गए, जो एजेंसी के अनुमान के मुताबिक आयातित सामान पर शुल्क का भुगतान करने वाली कंपनियों के सरकार पर बकाया 166 अरब डॉलर से आधे से ज्यादा राशि है।



## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 31 मई, रविवार, 2026, विक्रम सम्वत् 2083, ज्येष्ठ (अधिक) शुक्लपक्ष पूर्णिमा, 14:15 तक, नक्षत्र : अनुराधा, 16:05 तक, योग : सिद्ध, 30:11 तक, सूर्योदय: 04:52, सूर्यास्त: 18:16, चन्द्रोदय : 19:06, चन्द्रास्त: 05:03, शक सम्वत: 1948 पराभव, सूर्य राशि : वृषभ, चन्द्र राशि : वृश्चिक, राहू काल : 17:09 से 18:49

## साप्ताहिक : राशिफल
## 31-05-26 से 06-06-26



**मेष : चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ :** इस सप्ताह आप खुद को थोड़ा इमोशनली फंसा हुआ महसूस करेंगे। हां, आपके खर्च भी साथ-साथ बढ़ेंगे, लेकिन आप अपने खर्चों पर नियंत्रण करने की कोशिश भी करेंगे और अगर कोशिश करेंगे तो कामयाबी जरूर मिलेगी। एक बात का ध्यान जरूर रखें कि अगर कोई नया काम शुरू करने जा रहे हैं, तो अपने बड़ों से सलाह जरूर लें और कुछ चीजों पर अपना बैलेंस बनाकर रखें। इस हफ्ते आपका मन भी कुछ विचलित रह सकता है। थोड़ा-थोड़ा अकेलापन भी आप महसूस करेंगे।



**वृष : ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो :** यह सप्ताह आपके लिए बहुत अच्छा साबित होने वाला है। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने के अवसर मिलेंगे। जैसा आप चाहेंगे, ईश्वर आपको वैसा ही फल देंगे। हां, खान-पान पर ध्यान देने की जरूरत है। मेडिटेशन करें। सकारात्मकता के साथ आप नए रास्तों की तरफ आगे बढ़ेंगे। हनुमान जी की उपासना करें। ऐसा करना आपके लिए लाभकारी साबित होगा।



**मिथुन : का, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, ह :** पिछली लंबी उथल-पुथल के बाद इस सप्ताह आप काफी अच्छा महसूस करेंगे। स्वभाव से आप काफी इमोशनल हैं, पर इस बार इमोशनल होकर ही आप अपने परिवार के साथ काफी एंज्वॉय करने वाले हैं। आपका जुड़ाव योग व आयुर्वेदिक थैरेपीज से भी हो सकता है। धन सम्बन्धी मामलों के लिए समय अनुकूल है, लेकिन खर्चे भी बढ़ेंगे। ये हफ्ता आप अपनी परेशानियों से बाहर निकल सकेंगे। देवी की उपासना करें, ऐसा करना आपके लिए फलदायी साबित होगा।



**कर्क : ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो :** इस सप्ताह घर पर किसी सेलिब्रेशन को एंज्वॉय करने का मौका मिल सकता है। इसके अलावा कुछ नई दिशाएं व नए रास्ते बाहें खोले आपका स्वागत करेंगे। लोगों के साथ आपका कम्युनिकेशन पहले से ही अच्छा है और आगे भी अच्छा ही रहेगा। खुद को और बेहतर तरीके से लोगों के सामने प्रेजेंट कर सकेंगे। रिस्क लेने की कैपेसिटी बढ़ेगी। किसी भी काम में कुछ नया करने के बारे में गहराई से सोचें। धन लाभ का भी योग है। इसी के साथ पॉजिटिव फीलिंग भी मिलेगी।



**सिंह : मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे :** यह सप्ताह आपको निगेटिविटी की ओर खींचेगा। खासतौर पर अपनी सेहत और आर्थिक स्थिति को लेकर आप नकारात्मकता की तरफ खिचेंगे, पर ऐसा न होने दें। इससे बचने के लिए मेडिटेशन की हेल्प लें। किसी भी परेशानी के बारे में ज्यादा न सोचें, क्योंकि ईश्वर एक दरवाजा बंद करता है, तो उसके बदले में चार दरवाजे और खोलता भी देता है। अपने विश्वास को कायम रखें। शिव जी की आराधना करें, आपके लिए लाभकारी होगा।



**कन्या : ढो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो :** सप्ताह के शुरुआत में आप कुछ-कुछ निगेटिविटी की ओर बढ़ेंगे। इसी का परिणाम होगा, जो आप अपनी टीम से नाखुश हो सकते हैं, लेकिन यहां आपको खुद को पॉजिटिविटी के आइने में देखने की जरूरत है और थोड़ी सी कोशिश से आप ऐसा कर सकते हैं। आपकी टीम आपके बताए हुए रास्ते पर चलेगी और पॉजिटिव रूप से आपको फॉलो करेगी। यहां आपके लिए जरूरत पड़ेगी अपनी टीम पर विश्वास रखने की। तभी वह आपकी उम्मीदों पर खरी उतर सकेगी। नेचर से जुड़कर आप अच्छा महसूस करेंगे।



**तुला : रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते :** यह सप्ताह आपके लिए बहुत पॉजिटिविटी से भरा होगा। आप नई चीजों के बारे में खुलकर सोचेंगे। हो सकता है आपकी कुछ सेंसटिविटी थोड़ी बढ़ी रहे और आपके रिलेशनशिप में भी थोड़ी परेशानी आ सकती है। आप काफी क्रिएटिव हैं, इसका असर आपके काम पर साफ नजा आता है। इस बार भी अपनी क्रिएटिविटी के बल पर आप काफी कुछ करेंगे। धन सम्बन्धी मामलों के लिए भी यह हफ्ता काफी अच्छा गुजरने वाला है। आप तरक्की के रास्ते पर आगे बढ़ेंगे। ईश्वर की आराधना में थोड़ा समय व्यतीत करना आपके लिए फलदायी साबित होगा। शिव जी की आराधना करें।



**वृश्चिक : तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू :** इस हफ्ते आपको अपने मन से पुरानी चीजों को निकालना होगा। आप थोड़ा-थोड़ा निगेटिव भी हो सकते हैं। इसका एक कारण यह भी हो सकता है कि आप बीते कुछ अवसरों के बारे में सोच रहे हैं, जो आपके हाथों से निकल चुके हैं। यहां आपको खुद को एक बात समझाने की जरूरत पड़ेगी कि जो गुजर गया वो कल था। अब वक्त है आगे बढ़ने का, इसलिए बेहतर होगा कि सकारात्मक होकर आगे बढ़ें। घर पर इलेक्ट्रिकल रिपेयर का काम हो सकता है, उसको लेकर थोड़ी परेशानी आ सकती है। खर्चों में बढ़ोतरी हो सकती है।



**धनु : ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे :** इस हफ्ते आप खुद को इमोशनल फेज में पाएंगे। वैसे आप इमोशनली कुछ ज्यादा ही सोच रहे हैं। साथ ही साथ काम का भी काफी ज्यादा स्ट्रेस ले रहे हैं। बेहतर होगा कि ज्यादा निगेटिविटी में न उतरें। इससे सिवाए स्ट्रेस के आपको और कुछ नहीं मिलेगा। बेहतर होगा कि पॉजिटिव होकर काम को करने की कोशिश करें। अपने हर काम की पूरी जानकारी लेने की कोशिश करें और अपने इंट्यूशन को शार्प करने के लिए मेडिटेशन करें। धन सम्बन्धी मामलों के लिए समय अनुकूल है। खुद पर विश्वास बनाए रखें। ईश्वर की मदद से आप परेशानियों का हल निकाल सकेंगे।



**मकर : भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, गा, गी :** इस सप्ताह आप खुद को इकोनॉमिकली कमजोर फील करेंगे। दवाइयों पर खर्चा बढेग़ा। इसके अलावा कुछ और खर्चे भी बढ़ सकते हैं। आप खुद पर कुछ ज्यादा ही जिम्मेदारियां लेकर चल रहे है। आपका ये स्वभाव इस हफ्ते आपके लिए कुछ मुश्किलें खड़ी कर सकता है। सेहत और धन सम्बन्धी मामलों के लिए समय बिल्कुल अनुकूल है। आप अपने काम को बहुत एंज्वॉय करेंगे। इन कामों को धीरे-धीरे सही करते हुए आगे बढ़ेंगे। इसी के साथ नेचर से भी कुछ जुड़ाव महसूस करेंगे। हो सके तो आप एक समय का खाना जमीन पर बैठकर खाएं। इससे आपको पॉजिटिव फीलिंग मिलेगी। गणेश की उपासना करें।



**कुम्भ : गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा :** एक ही चीज के बारे में आप कुछ ज्यादा ही सोच रहे हैं और इस तरह से अपना बेहद कीमती समय बर्बाद कर रहे हैं। इससे अच्छा होगा कि आपके हाथ में इस समय जो काम है, उसके बारे में सोचें। जो चीज आपके पास है नहीं, उसके बारे में सोचना बेकार ही होगा। थोड़ा सा अवसरवादी बनें, नकारात्मक न हों। धन लाभ के भी योग हैं, पर आपको खुद इमोशनली सारी चीजों को ठीक करना होगा। कुत्ते को खाना खिलाएं, लाभ होगा। गणेश जी की उपासना करें। अपने ऊपर विश्वास बनाए रखें।



**मीन : दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची :** इस सप्ताह अपनी आय और व्यय को बैलेंस करने में आप बड़ी कामयाबी पाएंगे। बीते समय में जो कुछ आपको काफी मुश्किल लग रहा था, वही चीजें अब आपको आसान लगेंगी। आपको सही रास्ता दिखाने में ईश्वरीय शक्तियां आपकी मदद करेंगी। लाइफ को लेकर थोड़ा पॉजिटिव रहने की कोशिश करें। ये सप्ताह आपके लिए अच्छा रहेगा। धन लाभ के योग हैं, लेकिन साथ ही साथ जेब पर भी खर्चों का बोझ बढ़ेगा। मेडिटेशन करने से आप शांति का अनुभव करेंगे।

# पूरी तरह आत्मनिर्भर होने की दिशा में तेजी से बढ़ रहा है भारत का रक्षा क्षेत्र : राजनाथ सिंह



### खतरे के समय अंतत: हिंसा ही अपनानी पड़ती है, यह काम बखूबी करती है भारतीय सेना : योगी

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि सामान्य जीवन में अहिंसा ही सर्वोच्च धर्म होना चाहिये लेकिन देश और समाज की सुरक्षा के लिये खतरे के सामने अंतत: हिंसा ही अपनानी पड़ती है और भारतीय सेना यह काम पूरी मजबूती से करती है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ यहां 'नौसेना शौर्य वाटिका' का लोकार्पण करने के बाद अपने सम्बोधन में मुख्यमंत्री ने कहा, 'जब सुरक्षा के मोर्चे पर आप मजबूत होंगे तो दुनिया भी आपसे मैत्री करेगी लेकिन आप अगर कमजोर हैं तो याद रख लीजिए कि कमजोर के सामने कोई नहीं झुकता है। हमारी ऋषि परंपरा ने भी हमें ऐसी बात की प्रेरणा दी है।' उन्होंने कहा, 'भारत की ऋषि परंपरा हमें इस बात की प्रेरणा देती है कि 'अहिंसा परमो धर्म:, धर्म हिंसा तदैव च।' यानी सामान्य जीवन में अहिंसा ही सर्वोच्च धर्म होना चाहिए लेकिन अगर सामने वाला देश और समाज की सुरक्षा के लिए खतरा है तो उसके लिए अहिंसा नहीं चल सकती है। उसके लिए तो हिंसा ही हमें अंतत: अपनानी पड़ेगी और देश के दुश्मन के लिए यही हमारा धर्म भी है। यही काम भारतीय सेना पूरी मजबूती के साथ करती है।'

### लखनऊ में हुआ 'नौसेना शौर्य वाटिका' का लोकार्पण, युद्धपोत आईएनएस गोमती होगा मुख्य आकर्षण



**लखनऊ:** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को कहा कि भारतीय सेनाओं की स्मृतियों को सहेजने वाली वाटिकाएं और संग्रहालय सेना से आत्मीय रिश्ते को फिर से जीवंत कर लोगों में उसके प्रति कृतज्ञता का भाव उत्पन्न करते हैं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ यहां इकाना स्टेडियम के पास 'नौसेना शौर्य वाटिका' का लोकार्पण करने के बाद अपने सम्बोधन में रक्षा मंत्री ने कहा कि यह पार्क कोई साधारण पर्यटन स्थल नहीं, बल्कि एक जीवंत प्रेरणास्थल है और यह शौर्य वाटिका आने वाली पीढ़ियों को यह बताएगी कि आजादी और सुरक्षा की कीमत क्या होती है। उन्होंने कहा, 'कई लोग यह सोच सकते हैं कि आखिर इस तरह की शौर्य वाटिका का लखनऊ में क्या काम है, लेकिन इस पर हमें सोचने की जरूरत है कि हमारी सीमाओं की हिफाजत करने वाले हमारे सैनिकों का जो बलिदान है, उनका रोज का जो संघर्ष है, उससे हमारा आत्मीय रिश्ता रोजमर्रा की भागदौड़ में पीछे छूट जाता है।' उन्होंने कहा, 'ऐसे में यह शौर्य वाटिका हमें एक बार रुक कर सोने पर मजबूर करेगी कि जिन लोगों की वजह से हमारी यह सारी जिंदगी सुरक्षित चल रही है, उनका योगदान हमारी जिंदगी में कितना बड़ा है। उनके प्रति हमारी नई पीढ़ी कृतज्ञता का अनुभव करेगी, ऐसा मेरा विश्वास है।' उन्होंने शौर्य वाटिका में प्रदर्शन के लिये नौसेना से 'रिटायर' हो चुकी एक पनडुब्बी भी मंगवाने का भरोसा दिलाया।

**लखनऊ:** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को कहा कि भारत का रक्षा क्षेत्र पूरी तरह से आत्मनिर्भर होने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है तथा रक्षा उत्पादन 2014 के 46 हजार करोड़ रुपये के मुकाबले अगले महीने पौने दो लाख करोड़ रुपये का हो जाएगा। सिंह ने अपने संसदीय निर्वाचन क्षेत्र लखनऊ में नौसेना शौर्य वाटिका का लोकार्पण करने के बाद अपने सम्बोधन में रक्षा क्षेत्र में भारत की तीव्र प्रगति और रक्षा निर्यात में हुई बढ़ोत्तरी का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि 2014 के पहले भारत में छोटे-मोटे हथियारों के कलपुर्जों का निर्यात केवल एक हजार करोड़ रुपए का था लेकिन अब भारत का रक्षा क्षेत्र पूर्ण रूप से आत्मनिर्भर होने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। रक्षा मंत्री ने कहा कि 2014 में जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनी तब से ही इस बात पर विशेष बल दिया गया कि भारत सही मायनों में सबसे ताकतवर कहलाए ताकि देश की सेनाओं को हथियार के लिए अन्य देशों पर निर्भर नहीं रहना पड़े। उन्होंने कहा कि 'मेक इन इंडिया' और 'डिफेंस कॉरिडोर' समेत कई कदमों से यह सुनिश्चित किया गया कि भारतीय सेना के लिए अत्याधुनिक हथियार भारत में ही निर्मित किये जाएं और अगर संभव हो तो हम उन्हें दूसरे देशों को बेच सके। सिंह ने कहा, 'जब हमने रक्षा क्षेत्र में निर्यात की ओर ध्यान देने की बात कही थी तो कई लोगों ने हमारी इस योजना को बड़ी शंका की नजर से देखा था, क्योंकि भारत का रक्षा क्षेत्र कभी अपने निर्यात के लिए नहीं जाना जाता था, आयात के लिए जाना जाता था।'

## म्यांमा के राष्ट्रपति ने बिहार के गया जी में महाबोधि मंदिर में दर्शन किए



**गया जी:** म्यांमा के राष्ट्रपति यू मिन आंग ह्लाइंग ने शनिवार को बिहार के गया जी जिले में स्थित महाबोधि मंदिर में पूजा-अर्चना की। महाबोधि मंदिर बौद्ध श्रद्धालुओं के लिए तीर्थस्थल और संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) विश्व धरोहर स्थल है। कई कैबिनेट मंत्रियों और व्यापारिक नेताओं सहित एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल के साथ ह्लाइंग शनिवार सुबह भारत की अपनी पांच दिवसीय यात्रा के तहत गया जी पहुंचे। हवाई अड्डे पर पहुंचने पर बिहार के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) सैयद अता हसनैन और राज्य के मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने उनका स्वागत किया तथा उन्हें औपचारिक सलामी गारद दिया गया। इस संबंध में एक अधिकारी ने कहा, 'म्यांमा के राष्ट्रपति ने भगवान बुद्ध के जीवन से संबंधित चार पवित्र स्थलों में से एक महाबोधि मंदिर का दौरा किया और वहां प्रार्थना की।' सिन्हा ने कहा कि बोधगया जहां भगवान बुद्ध को ज्ञान की प्राप्ति हुई थी, उस पवित्र भूमि पर आंग ह्लाइंग की यात्रा भारत और म्यांमा के बीच ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक संबंधों को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। राज्य के कृषि मंत्री ने 'एक्स' पर अपने पोस्ट में लिखा, 'प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत और म्यांमा के बीच सहयोग, सांस्कृतिक आदान-प्रदान, बौद्ध विरासत और पारस्परिक विकास के संबंध लगातार नयी ऊंचाइयों को छू रहे हैं।'

## अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की बेटी टिफनी ने किया ताजमहल का दीदार



**आगरा (उप्र):** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की बेटी टिफनी ट्रंप ने शनिवार को यहां अपने पति माइकल बोलस के साथ विश्व धरोहर ताजमहल का दीदार किया। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि टिफ़नी पूर्वाह्न लगभग 11 बजे माइकल बोलस और कुछ करीबी दोस्तों के साथ ताजमहल पहुंचीं। उन्होंने बताया कि करीब एक घंटे के इस दौरे के दौरान उन्होंने स्मारक परिसर के भीतर विभिन्न स्थानों पर तस्वीरें लीं। पर्यटक गाइड रमेश दीवान ने बताया कि टिफनी ने स्मारक के इतिहास और वास्तुकला में गहरी दिलचस्पी दिखाई एवं इसके निर्माण के बारे में कई सवाल पूछे। उन्होंने बताया कि टिफनी ने यह भी पूछा कि ताजमहल के निर्माण में इस्तेमाल किए गए पत्थर कहां से लाये गये थे। दीवान ने बताया कि टिफनी ने ताजमहल की खूबसूरती की तारीफ की और इस अनुभव को 'अविश्वसनीय' बताया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि टिफनी दिल्ली से एक 'चार्टर्ड' विमान से आगरा हवाई अड्डे पर उतरने के बाद सड़क मार्ग से एक होटल गईं और फिर गोल्फ कोर्स मार्ग से होते हुए ताजमहल पहुंचीं एवं पूर्वी द्वार से ताजमहल परिसर में प्रवेश किया। उन्होंने बताया कि इस हाई-प्रोफ़ाइल दौरे के लिए सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किये गये थे और अधिकारियों ने हवाई अड्डे से ताजमहल तक एक 'हाई-सिक्योरिटी कॉरिडोर' बनाया था।

## न्यूज अपडेट

### उत्तर प्रदेश में वर्षा होने से लोगों को गर्मी से मिली राहत

**लखनऊ:** पिछले कई दिनों से भीषण गर्मी से त्रस्त उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों में शनिवार को वर्षा होने से लोगों ने राहत महसूस की। राज्य की राजधानी लखनऊ में अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 6.1 डिग्री कम है । यहां न्यूनतम तापमान 24.5 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से एक डिग्री कम है। मौसम विभाग ने शनिवार यह जानकारी दी। मौसम विभाग के अनुसार बहराइच में 18.0 मिलीमीटर (मिमी), मुजफ्फरनगर में 12.2 मिमी, लखीमपुर खीरी में 5.0 मिमी, नजीबाबाद में 3.0 मिमी, मेरठ में 0.6 मिमी और मुरादाबाद में कुछ बारिश हुई। राज्य में सबसे गर्म स्थान मुरादाबाद रहा, जहां पारा 38.5 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया । मौसम विभाग ने कहा कि राज्य में अलग-अलग स्थानों पर तेज हवाओं के साथ आंधी चलने एवं बिजली गिरने की संभावना है।

### झारखंड: मेडिकल छात्र की रहस्यमय परिस्थितियों में मौत

**रांची:** झारखंड के रांची जिले में शनिवार को सरकारी राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) में स्नातकोत्तर के 34 वर्षीय छात्र का शव उसके घर में रहस्यमय परिस्थितियों में मिला। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि छात्र की पहचान सनल सानू बरवार के रूप में हुई है, जो दलादली चौक क्षेत्र के कंथल मोड़ का निवासी था और घर में अकेले रहता था। चौकी प्रभारी सत्य प्रकाश ने बताया, सनल के माता-पिता बाहर गए हुए थे और आज (शनिवार) सुबह जब वे घर लौटे और मुख्य द्वार पर कई बार दस्तक देने पर उन्हें कोई जवाब नहीं मिला, तो उन्होंने पुलिस को सूचना दी। उन्होंने बताया, हमने दरवाजा तोड़कर घर में प्रवेश किया, जहां सनल जमीन पर पड़ा हुआ मिला। उसे पहले स्थानीय अस्पताल ले जाया गया और फिर रिम्स में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल के प्रवक्ता ने बताया कि सनल रिम्स में सर्जरी में स्नातकोत्तर (एमएस सर्जरी) के प्रथम वर्ष का छात्र था और उसने दिसंबर 2025 में दाखिला लिया था।

### मंदिर परिसर में टूटी पायी गयी भगवान हनुमान की मूर्ति, अज्ञात लोगों पर मुकदमा

**सोनभद्र (उप्र):** सोनभद्र जिले में एक मंदिर परिसर में भगवान हनुमान की मूर्ति को कथित तौर पर कुछ अराजक तत्वों ने खंडित कर दिया। पुलिस ने यह जानकारी दी। अपर पुलिस अधीक्षक ऋषभ रुनवाल ने बताया कि शनिवार सुबह रामपुर बरकोनिया थाना क्षेत्र के धरमदासपुर गांव में शीतला माता मंदिर में अज्ञात लोगों द्वारा भगवान हनुमान की मूर्ति खंडित किये जाने की सूचना मिली थी। उन्होंने बताया कि पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पड़ताल शुरू की। रुनवाल ने बताया कि इस सिलसिले में अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि इलाके में कानून-व्यवस्था की स्थिति सामान्य है।

### राजस्थान में तेज अंधड़ से जनजीवन प्रभावित, अनेक जगह बारिश

**जयपुर:** राजस्थान का एक बड़ा हिस्सा शनिवार दोपहर बाद आए धूल भरे तेज अंधड़ से प्रभावित हुआ लेकिन बारिश होने से लोगों को कई दिन की भीषण गर्मी से राहत भी मिली। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के कारण आई इस आंधी ने चूरू, हनुमानगढ़, गंगानगर, बीकानेर, नागौर, डीडवाना-कुचामन, अलवर और सीकर जैसे जिलों को प्रभावित किया। राज्य की राजधानी जयपुर में भी हवाओं के बाद बारिश हुई। इस अंधड़ की तीव्रता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि जयपुर हवाई अड्डे पर 76 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चली एवं वर्षा हुई। धूल के विशालकाय गुबार ने दोपहर बाद कई सीमावर्ती इलाकों में गांव, कस्बों एवं शहरों को ढ़क लिया। दृश्यता इतनी कम हो गई कि वाहन चालकों को दिन के समय भी अपनी गाड़ियों की 'हेडलाइट' जलानी पड़ी। अधिकारियों ने बताया कि हवाओं की गति सबसे पहले हनुमानगढ़ और गंगानगर इलाकों में बढ़ी जहां लगभग 56 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से धूल उड़ी।

### राजस्थान: गेहूं खरीद की समय सीमा बढ़ाने की मांग को किसान रेल पटरी पर बैठे

**जयपुर:** राजस्थान में हनुमानगढ़ जिले के पीलीबंगा कस्बे में गेहूं खरीद की समय सीमा और खरीद का लक्ष्य बढ़ाने की मांग को लेकर सैकड़ों किसानों ने शनिवार को विरोध प्रदर्शन किया तथा कुछ समय के लिए एक रेल लाइन को अवरुद्ध कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि प्रदर्शनकारी करीब एक घंटे तक बीकानेर-हनुमानगढ़ रेल लाइन पर बैठे रहे जिससे आवाजाही बाधित हुई। उन्होंने बताया कि बाद में प्रशासन के समझाने-बुझाने पर प्रदर्शनकारी ट्रैक खाली करके अपने विरोध स्थल पर लौट गए। किसान सुबह सभा के लिए इकट्ठा हुए और अपने नेताओं की अपील पर सड़क पार करके करीब 50 मीटर दूर स्थित रेल लाइन पर पहुंचे। उन्होंने वहां धरना दिया। किसान गेहूं खरीद की समय सीमा बढ़ाने और खरीद का लक्ष्य बढ़ाने की अपनी मांगों को लेकर पिछले दो दिनों से उपखंड अधिकारी कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। इस आंदोलन के तहत उन्होंने शुक्रवार को रास्ता भी रोका। प्रदर्शनकारियों के अनुसार मंडियों में अब भी बड़ी मात्रा में गेहूं पड़ा है जबकि खरीद की अवधि समाप्त होने वाली है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासन के साथ कई दौर की बातचीत के बावजूद कोई ठोस समाधान नहीं निकल पाया है।

## झारखंड में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से पांच लोगों की मौत



**रांची:** झारखंड के चार जिलों में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से पिछले 24 घंटों में एक लड़की और दो महिलाओं सहित कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि शुक्रवार को गढ़वा जिले से दो लोगों की मौत तथा रांची, धनबाद और बोकारो से एक-एक व्यक्ति की मौत की सूचना मिली। एक अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार को रांची के इटकी थाना क्षेत्र के अंतर्गत कुल्ली गांव में अपने माता-पिता के साथ पेड़ से आम तोड़ रही 12 वर्षीय लड़की आश्रिता की आकाशीय बिजली की चपेट में आने से मौत हो गई। उन्होंने बताया कि उसके माता-पिता घायल हो गए और उन्हें स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि गढ़वा में कंडी थाना अंतर्गत गराखुर्द गांव में आकाशीय बिजली गिरने से 45 वर्षीय महिला की मौत हो गई, जबकि बनजंघा गांव में 32 वर्षीय व्यक्ति की जान चली गई। उन्होंने बताया कि धनबाद के राजगंज थाना क्षेत्र के चुंगी गांव में 44 वर्षीय महिला की मौत हो गई जबकि बोकारो के पिंडराजोरा थाना क्षेत्र के बाबूडीह गांव में बिजली गिरने से 21 वर्षीय युवक की मृत्यु हो गई। शुक्रवार को झारखंड के अधिकतर हिस्सों में भारी बारिश और बिजली गिरने की घटनाएं हुईं जो शनिवार सुबह भी जारी रही।

# राबड़ी देवी ने अपना बंगला अन्य मंत्री को आवंटित किए जाने पर कहा, 'मुझे बलपूर्वक हटाना होगा'



**पटना:** बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी ने शनिवार को मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को उस बंगले को 'बलपूर्वक' खाली कराने की चुनौती दी जिसमें वह एक दशक से अधिक समय से रह रही हैं। राबड़ी देवी ने दो-टूक अंदाज में कहा कि वह अपना बंगला खाली नहीं करेंगी। वर्ष 1997 से 2005 तक आठ साल मुख्यमंत्री रहीं राष्ट्रीय जनता दल (राजद) की नेता राबड़ी देवी उस समय बिफर पड़ीं जब कुछ पत्रकारों ने उनसे भवन निर्माण विभाग के उस आदेश के बारे में पूछा, जिसमें पटना के सर्कुलर रोड स्थित बंगला नंबर 10 का आवंटन डेयरी एवं मत्स्य पालन मंत्री नंद किशोर राम को किया गया है। राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव की पत्नी राबड़ी देवी ने नाराजगी जताते हुए कहा, 'हां, मैं देख सकती हूं कि हाल ही में मुख्यमंत्री बने सम्राट चौधरी काफी उत्साहित हैं। वह मुझे जबरन हटा दें। मैं यह बंगला खाली नहीं करने वाली।' दिल्ली से लौटीं राबड़ी देवी से इस घटनाक्रम के बारे में पटना हवाई अड्डे पर सवाल किया गया। दिल्ली में उन्होंने अपने पोते का जन्मदिन मनाया और बताया जा रहा है कि उनके पति वहीं से इलाज के लिए सिंगापुर रवाना हुए हैं। पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी बार-बार याद दिलाती रही हैं कि चौधरी ने अपने करियर की शुरुआत उन्हीं के मंत्रिमंडल में मंत्री के रूप में की थी। राबड़ी देवी ने अपनी कार के अंदर से मीडियाकर्मियों से बात की और इस दौरान नाराज होकर उनके माइक एक तरफ हटा दिए। परिवार को लोक भवन और मुख्यमंत्री आवास से कुछ ही दूरी पर स्थित 10, सर्कुलर रोड बंगला राज्य की पूर्ववर्ती नीतीश कुमार सरकार द्वारा आवंटित किया गया था। कुछ महीने पहले, चौधरी के मुख्यमंत्री बनने से पूर्व भवन निर्माण विभाग द्वारा एक आदेश जारी किया गया था कि यह बंगला अब से केवल किसी उपमुख्यमंत्री को ही आवंटित किया जाएगा। बिहार में चौधरी के रूप में पहली बार भाजपा का कोई नेता मुख्यमंत्री बना है। राज्य विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष होने के नाते राबड़ी देवी को हार्डिंग रोड स्थित एक अन्य आवास में स्थानांतरित होने के लिए कहा गया था।

## वर्ग पहेली नं. 3455

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | ■ | 4 | | ■ | 5 | |
| 6 | | ■ | 7 | | | ■ | 8 | | ■ |
| | ■ | 9 | | ■ | 10 | | | | ■ |
| 11 | 12 | ■ | 13 | | ■ | ■ | 14 | | 15 |
| ■ | 16 | | | ■ | 17 | | ■ | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | 18 | | | 19 | | |
| 20 | | ■ | 21 | ■ | 22 | | | ■ | |
| 23 | | | | ■ | | ■ | 24 | 25 | |
| | ■ | ■ | 26 | | | ■ | 27 | | ■ |

*बायें से दायें:-* 1) इश्क़, 4) भिन्न, 5) तबाह, 6) ऊँचाई, 7) पावती, 8) चुकता; हावभाव, 9) अत्यधिक, 10) अस्वीकृत, 11) गर्व, 13) उसी समय, 14) मेघ, 16) छींक, 17) चीथड़ा, 18) पूँजी, 19) अत्यधिक, 20) वक्षस्थल व उदर के बीच का भाग 22) नष्ट, 23) अलमस्त, 24) बरतन मुँह, 26) नशाख़ोर, 27) रुधिरवाहिका.

*ऊपर से नीचे:-* 1) हटना; इनकार करना, 2) पराकाष्ठा; सीमा, 3) भींगा हुआ, 4) तुच्छ, 5) गायब, 8) अनूठा, 12) शक्तिशाली; हेकड़ीबाज़, 15) जायकेदार, 17) उछल-कूद; हुड़दंग, 19) रुकना, 20) गोबर, 21) घोषणा, 25) यान; सवारी.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स | ही | ■ | त | ला | क | ■ | ■ | श | र्त |
| मा | ■ | ना | ना | ■ | द | ■ | बु | रा | ■ |
| लो | फ़ | र | ■ | ग | र | दा | ■ | बी | ज |
| च | ■ | द | या | ■ | दा | म | न | ■ | ग |
| क | क्ष | ■ | च | य | न | ■ | ग | वा | ह |
| ■ | पा | ल | क | ■ | ■ | त | र | ह | ■ |
| ■ | क | च | ■ | वि | ला | प | ■ | वा | ■ |
| न | र | क | ■ | वे | ■ | ■ | म | ही | न |
| य | ■ | ना | जु | क | ख़ | या | ल | ■ | फ़ा |

**Mob. No. 08329510310**

## सुडोकू-पहेली-3413

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 1 | 6 | | 8 |
| | 2 | | | 6 | | | 9 | |
| | 7 | 3 | | | | | 1 | 2 |
| | | | | 4 | | 8 | | 9 |
| | | | | | | 5 | | |
| 7 | | | 5 | | 3 | | | |
| | | | 1 | 8 | 7 | | | |
| 2 | | | | | | | | 6 |
| 9 | | | | | | | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3412 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 8 | 7 | 6 | 3 | 5 | 9 | 4 |
| 7 | 4 | 6 | 1 | 5 | 9 | 3 | 2 | 8 |
| 3 | 5 | 9 | 4 | 8 | 2 | 1 | 6 | 7 |
| 8 | 1 | 4 | 2 | 9 | 6 | 7 | 3 | 5 |
| 6 | 3 | 2 | 5 | 7 | 1 | 4 | 8 | 9 |
| 9 | 7 | 5 | 8 | 3 | 4 | 2 | 1 | 6 |
| 5 | 9 | 7 | 3 | 2 | 8 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 6 | 1 | 9 | 4 | 5 | 8 | 7 | 3 |
| 4 | 8 | 3 | 6 | 1 | 7 | 9 | 5 | 2 |

# 'डबल इंजन' सरकार के सभी लाभ प्राप्त करने के लिए साथ मिलकर करेंगे काम : शुभेंदु अधिकारी



**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने शनिवार को कहा कि उनकी सरकार केंद्र के साथ मिलकर काम करेगी ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि राज्य को भाजपा शासित अन्य कई राज्यों की तरह 'डबल इंजन' सरकार के सभी लाभ प्राप्त हों। केंद्रीय विद्युत तथा आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री मनोहरलाल की उपस्थिति में राज्य में 'स्वच्छ ऐप' की शुरुआत के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि मैं राज्य के लोगों को आश्वस्त करना चाहता हूं कि हम केंद्र सरकार के हर मंत्रालय के साथ मिलकर यह सुनिश्चित करेंगे कि 'डबल इंजन' सरकार के सभी लाभ, जो 20 अन्य राज्यों को मिल रहे हैं, हमारे राज्य को भी मिलें। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बार-बार इस बात पर खेद व्यक्त किया है कि स्वतंत्रता के बाद उद्योग और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में अग्रणी होने के बावजूद पश्चिम बंगाल का विकास अपेक्षित गति से नहीं हुआ। शुभेंदु ने कहा कि उन्होंने केंद्रीय मंत्री मनोहरलाल के साथ पश्चिम बंगाल में शहरी और विद्युत क्षेत्र के विकास के लिए केंद्र तथा राज्य सरकार मिलकर क्या कर सकती हैं, इस पर विस्तृत चर्चा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने राज्य के पुनर्निर्माण के लिए हर क्षेत्र में केंद्रीय सहयोग का आश्वासन दिया, जिसमें कुछ परियोजनाएं लागत-साझाकरण के आधार पर लागू की जाएंगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि उनकी सरकार ने जल जीवन मिशन के तहत केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय के साथ 39,000 करोड़ रुपये के समझौते पर हस्ताक्षर डिजिटल माध्यम से किए हैं। उन्होंने यह भी बताया कि राज्य को चालू वित्त वर्ष के लिए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय से राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत 2,103 करोड़ रुपये और आयुष्मान भारत मिशन के तहत 976 करोड़ रुपये की मंजूरी मिल चुकी है। मुख्यमंत्री ने केंद्र से शहरी चुनौती कोष के तहत राज्य की छोटी नगरपालिकाओं और नगर निगमों को विभिन्न योजनाओं का लाभ देने का आग्रह किया। उन्होंने पर्यावरण और प्रदूषण संबंधी चुनौतियों से निपटने के लिए राज्य में ई-परिवहन विकल्पों को बढ़ाने के लिए केंद्र सरकार से समर्थन मांगा। शुभेंदु ने कहा कि राज्य के आदिवासी और पहाड़ी क्षेत्रों में केंद्र सरकार की 'रूफटॉप सोलर पावर' के लिए राष्ट्रीय मिशन 'पीएम सूर्य घर योजना' को लागू किया जाना चाहिए और इस मुद्दे पर चर्चा के लिए उनकी सरकार की एक टीम दिल्ली जाएगी। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि ममता बनर्जी की पिछली सरकार ने दक्षिण बंगाल में हर साल आने वाली बाढ़ के लिए दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) को गलत तरीके से दोषी ठहराया था। उन्होंने कहा कि आगामी मानसून के दौरान डीवीसी और राज्य सरकार मिलकर काम करेंगे।

# मुख्यमंत्री ने गर्भाशय ग्रीवा कैंसर से बचाव के लिए टीकाकरण अभियान की शुरुआत की

❑ 7.5 लाख से अधिक किशोरियों को लगेगा मुफ्त टीका

❑ मुख्यमंत्री ने राज्य को टीके की खुराक उपलब्ध कराने के लिए केंद्र का किया धन्यवाद

**कोलकाता, समाज्ञा**




मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने किशोरियों को गर्भाशय ग्रीवा कैंसर से बचाने के लिए राज्यव्यापी 'ह्यूमन पैपिलोमावायरस' (एचपीवी) टीकाकरण अभियान शनिवार को शुरू किया, जिसके तहत 14 वर्ष की आयु की लगभग 7.65 लाख लड़कियों का टीकाकरण किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने बिधाननगर अस्पताल में आयोजित कार्यक्रम से राज्य के 235 सरकारी अस्पतालों में एक साथ इस टीकाकरण अभियान की शुरुआत की। अधिकारी ने कहा कि हम आज मेडिकल कॉलेजों और अस्पतालों, अनुमंडलीय अस्पतालों, ग्रामीण अस्पतालों तथा ब्लॉक अस्पतालों सहित 235 स्वास्थ्य केंद्रों पर गर्भाशय ग्रीवा कैंसर से बचाव के लिए टीकाकरण कार्यक्रम शुरू कर रहे हैं। अभियान के तहत 14 वर्ष की आयु पूरी कर चुकीं और 15 वर्ष से कम उम्र की लड़कियों को निर्धारित सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर गार्डासिल-4 टीके की एक खुराक निःशुल्क दी जाएगी। अधिकारी ने कहा कि यह पहल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 28 फरवरी को शुरू किए गए देशव्यापी एचपीवी टीकाकरण कार्यक्रम का हिस्सा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं बंगाल को 7,72,650 टीके की खुराक निशुल्क उपलब्ध कराने के लिए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्डा को धन्यवाद देना चाहता हूं। इससे हमें यह कार्यक्रम शुरू करने में मदद मिली है। आने वाले दिनों में हम 880 केंद्रों पर यह अभियान चलाएंगे और मैं सभी से सहयोग की अपील करता हूं।

## 'अन्नपूर्णा योजना' के तहत महिलाओं को धनराशि का अंतरण तीन जून से शुरू होगा : शुभेंदु अधिकारी

❑ **कहा... 'अफवाहों पर ध्यान ना दें, अन्नपूर्णा योजना के फॉर्म भरने घर-घर जाएंगे सरकारी प्रतिनिधि'**

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने शनिवार को कहा कि 'अन्नपूर्णा योजना' के तहत धनराशि के अंतरण का पहला चरण तीन जून से शुरू होगा, जिसमें पात्र महिला लाभार्थियों को सीधे उनके बैंक खातों में तीन हजार रुपये प्राप्त होंगे। शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि लाभार्थियों को चिंता करने की जरूरत नहीं है, क्योंकि राज्य सरकार के अधिकारी योजना के लिए आवेदन पत्र भरने में उनकी मदद करने के लिए घरों का दौरा करेंगे, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सहायता केवल वास्तविक लाभार्थियों तक ही पहुंचे। इस दिन, स्वास्थ्य विभाग के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है। हमारे अधिकारी घर-घर जाकर फॉर्म भरने में महिलाओं की मदद करेंगे। किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें। हम चाहते हैं कि योजना का लाभ केवल वास्तविक लाभार्थियों को ही मिले। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार कल्याणकारी कार्यक्रमों को लागू करते समय पारदर्शिता और वित्तीय अनुशासन बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि हम नहीं चाहते कि धनराशि किसी गैर-भारतीय के खाते में जमा हो या पुरुष उन लाभों को प्राप्त करें, जो महिला लाभार्थियों के लिए हैं। उन्होंने कहा कि महिला लाभार्थियों के लिए निर्धारित लाभ कथित तौर पर प्राप्त करने के लिए कई पुरुषों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि राज्य सरकार अपने 'संकल्प पत्र' (चुनाव घोषणापत्र) में उल्लेखित सभी वादों को पूरा करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा संचालित बसों में महिलाएं एक जून से निशुल्क यात्रा कर सकेंगी, जिससे भाजपा के चुनावी वादों में से एक पूरा हो जाएगा। शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि राज्य का बजट 22 जून को पेश किया जायेगा और उन्होंने उम्मीद जताई कि यह पश्चिम बंगाल के लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करेगा।

## शुभेंदु सरकार का बड़ा एक्शन, लापरवाही और अनियमितता के आरोप में चार शीर्ष अधिकारी निलंबित

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में नई सरकार के गठन के बाद अब प्रशासनिक स्तर पर सख्ती दिखाई देने लगी है। भ्रष्टाचार, लापरवाही और सरकारी कामकाज में अनियमितता के आरोपों को लेकर सरकार ने 4 सरकारी अधिकारियों के खिलाफ बड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की है। धान-चावल वितरण, तिरपाल वितरण और बालू से जुड़े मामलों में कार्रवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को सस्पेंड कर दिया गया है। जानकारी के मुताबिक, 2023-24 वित्त वर्ष में धान-चावल वितरण प्रक्रिया में गंभीर अनियमितता सामने आई है। आरोप है कि सरकारी धान के बदले राइस मिलों से समान मात्रा में चावल की वसूली नहीं की गई। जांच में यह भी सामने आया कि संबंधित जिला नियंत्रक, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग अधिकारियों ने आवश्यक प्रशासनिक कदम नहीं उठाए। मामले को गंभीर मानते हुए सरकार ने दो जिला नियंत्रक खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया है। सरकारी जांच के बाद संबंधित राइस मिलों की भूमिका भी संदेह के घेरे में आई है। प्रशासन की ओर से संबंधित राइस मिलों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है और मामले की आगे जांच जारी है। दूसरे मामले में, आपदा प्रबंधन विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी को तिरपाल वितरण में कथित गड़बड़ी के आरोप में सस्पेंड किया गया है। बताया जा रहा है कि पिछले वित्त वर्ष में तिरपाल वितरण का हिसाब-किताब मेल नहीं खा रहा था। वित्तीय रिकॉर्ड में विसंगति पाए जाने के बाद सरकार ने यह कड़ा कदम उठाया। इसी क्रम में, बीरभूम जिले में बालू से जुड़ी अनियमितताओं के आरोप में एक बीएलआरओ को भी निलंबित किया गया है। आरोप है कि प्रशासनिक स्तर पर नियमों की अनदेखी की गई, जिसके बाद विभागीय कार्रवाई शुरू की गई।

## टाटा समूह को सिंगूर वापस लाकर राज्य की निवेशक-अनुकूल छवि बहाल करना चाहते हैं : समिक भट्टाचार्य



**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष समिक भट्टाचार्य ने कहा कि राज्य सरकार चाहती है कि टाटा समूह हुगली जिले के सिंगूर में फिर से लौटे। उन्होंने इसे न केवल आर्थिक आवश्यकता बताया, बल्कि यह भी कहा कि इससे एक मजबूत संदेश जाएगा कि पश्चिम बंगाल फिर से निवेश के लिए तैयार है। पार्टी की औद्योगिक दूरदृष्टि पर शुक्रवार को एक साक्षात्कार में भट्टाचार्य ने कहा कि टाटा समूह की सिंगूर वापसी से लगभग दो दशक पहले नैनो परियोजना के राज्य से बाहर जाने के बाद निवेशकों के बीच बना 'गलत संदेश' मिटाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि हम चाहते हैं कि टाटा समूह वापस आए और वह भी सिंगूर में। हम पूरे देश और दुनिया को यह संदेश देना चाहते हैं कि पश्चिम बंगाल निवेशकों के लिए अनुकूल है और निवेश का स्वागत करने के लिए तैयार है। जब उनसे पूछा गया कि क्या टाटा की सिंगूर वापसी को पिछली सरकार की गलतियों के लिए 'प्रायश्चित' माना जा सकता है, तो उन्होंने कहा कि टाटा मोटर्स के जाने से राज्य के निवेश के माहौल को दीर्घकालिक नुकसान पहुंचा है। उन्होंने कहा कि हम चाहते हैं कि टाटा समूह सिंगूर या बंगाल में किसी भी रूप में लौटे, चाहे वह ऑटोमोबाइल क्षेत्र हो या कोई अन्य क्षेत्र। वे देश के सबसे पुराने, सम्मानित और भरोसेमंद औद्योगिक समूहों में से एक हैं।

❑ **'तृणमूल के कई सांसद-विधायक संपर्क में, किसी को पार्टी में शामिल नहीं कराया जाएगा'**

समिक भट्टाचार्य ने कहा कि राज्य में भाजपा की जीत के बाद पार्टी में शामिल होने के इच्छुक कई मौजूदा तृणमूल कांग्रेस सांसदों और विधायकों के लिए फिलहाल दरवाजे बंद हैं, लेकिन भविष्य में बेदाग नेताओं के प्रवेश की संभावना खुली है। उन्होंने कहा कि राजनीति में दो और दो हमेशा चार नहीं होते। भट्टाचार्य ने कहा कि अपने दम पर स्पष्ट जनादेश हासिल करने के बाद पार्टी पर अब प्रतिद्वंद्वी दलों के नेताओं को शामिल करने का कोई दबाव या मजबूरी नहीं है। उन्होंने 'अच्छी तृणमूल कांग्रेस' और 'बुरी तृणमूल कांग्रेस' के बीच किसी भी तरह के अंतर को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि पार्टी ने 2021 के विधानसभा चुनाव से पहले बड़े पैमाने पर हुए दलबदल के अपने अनुभव से सबक सीखा है और भविष्य में उनसे मिली सीख को ध्यान में रखेगी।

## केएमसी कमिश्नर का कड़ा आदेश, बिना अनुमति बाहर नहीं जाएगा एक भी दस्तावेज

❑ **24 घंटे कड़ा पहरा और अतिरिक्त सुरक्षा कर्मी तैनात**

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता नगर निगम (केएमसी) के केंद्रीय भवन (सेंट्रल बिल्डिंग) से महत्वपूर्ण फाइलों और दस्तावेजों के गायब होने की शिकायतों के बाद प्रशासन ने बेहद कड़ा रुख अख्तियार कर लिया है। निगम मुख्यालय के भीतर से किसी भी फाइल या दस्तावेज को बाहर ले जाने पर पूरी तरह से पाबंदी और कड़े नियम लागू कर दिए गए हैं। अब उचित और लिखित अनुमति के बिना एक भी फाइल विभाग से बाहर नहीं भेजी जा सकेगी।

सूत्रों के मुताबिक, भाजपा पार्षदों द्वारा लगाए गए गंभीर आरोपों के बाद नगर निगम कमिश्नर स्मिता पांडे ने सेंट्रल बिल्डिंग की सुरक्षा व्यवस्था को पूरी तरह से बदलने का यह अभूतपूर्व निर्देश जारी किया है। नगर निगम द्वारा जारी नई गाइडलाइन में स्पष्ट किया गया है कि केंद्रीय भवन के छोटे-बड़े सभी प्रवेश और निकास द्वारों पर दिन-रात 24 घंटे कड़ी निगरानी रखी जाएगी। प्रत्येक गेट पर आवश्यकता से अधिक अतिरिक्त सुरक्षा कर्मियों को तैनात करने का निर्देश दिया गया है। कोई भी अधिकारी या सामान्य कर्मचारी उच्च अधिकारियों के लिखित आदेश या संबंधित विभाग की विशिष्ट मंजूरी के बिना कोई भी फाइल भवन से बाहर नहीं ले जा सकेगा।

## मंगलवार को ममता का धरना प्रदर्शन

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व मुख्यमंत्री व तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी आगामी मंगलवार को कोलकाता के धर्मतला स्थित रानी रासमणि रोड पर धरना प्रदर्शन करने जा रही हैं। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, यह कार्यक्रम कथित 'चुनाव बाद हिंसा' के आरोपों के खिलाफ आयोजित किया जाएगा। तृणमूल कांग्रेस इस प्रदर्शन को एक बड़े राजनीतिक संदेश के तौर पर देख रही है। पार्टी के अनुसार, धरना प्रदर्शन में तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ता और समर्थक बड़ी संख्या में शामिल होंगे। संगठन स्तर पर इसकी व्यापक तैयारी की जा रही है। पार्टी नेतृत्व का मानना है कि यह आंदोलन चुनाव बाद हिंसा के मुद्दे को प्रमुखता से उठाने और प्रभावित लोगों के पक्ष में समर्थन जताने का मंच बनेगा। धर्मतला में प्रस्तावित धरना कार्यक्रम के लिए तृणमूल कांग्रेस ने कोलकाता पुलिस से अनुमति मांगी है। हालांकि, अभी तक अंतिम मंजूरी नहीं मिली है, जिससे कार्यक्रम की अनुमति को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है।

## बसीरहाट में आवास योजना में हेराफेरी के आरोप में तृणमूल पार्षद गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिले के बसीरहाट नगरपालिका के वार्ड 21 के तृणमूल कांग्रेस के पार्षद गोपाल दास को आवास योजना में कथित भ्रष्टाचार और धन की हेराफेरी के आरोप में शुक्रवार की रात गिरफ्तार कर लिया गया। स्थानीय लोगों का आरोप है कि गोपाल दास ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान दिलाने का आश्वासन देकर अनेक लोगों से लाखों रुपये वसूले। आरोप है कि कुछ लोगों को योजना का लाभ मिला, जबकि कई लोग पैसे देने के बावजूद लाभ से वंचित रह गए। इसको लेकर नाराज स्थानीय निवासियों ने पहले उनके घर के बाहर प्रदर्शन किया और बाद में बसीरहाट थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने जांच शुरू की और शुक्रवार की रात उन्हें गिरफ्तार कर लिया। पुलिस फिलहाल मामले की जांच में जुटी है और यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि आवास योजना के नाम पर कथित रूप से कितने लोगों से धन वसूला गया तथा इस पूरे मामले में और कौन-कौन लोग शामिल हो सकते हैं।

## बेलघाटा में मारे गए तृणमूल कार्यकर्ता के परिवार से मिले अभिषेक बनर्जी



**कोलकाता, समाज्ञा :** मतगणना की रात कोलकाता के बेलघाटा इलाके के वार्ड 35 में मारे गए तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ता विश्वजीत पटनायक के परिवार से पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने परिवार के सदस्यों से बातचीत कर घटना को लेकर उनकी पीड़ा और समस्याओं को सुना। अभिषेक बनर्जी ने विश्वजीत पटनायक के परिजनों को आश्वासन दिया कि तृणमूल कांग्रेस न्याय की लड़ाई में उनके साथ खड़ी रहेगी। उन्होंने कहा कि पार्टी हर जरूरी मामले और संबंधित प्रक्रियाओं में परिवार का सहयोग करेगी। तृणमूल नेतृत्व की ओर से यह संकेत दिया गया है कि मामले में न्याय सुनिश्चित करने के लिए पार्टी परिवार के साथ लगातार संपर्क में रहेगी और हर संभव मदद दी जाएगी।

## 'थ्रेट कल्चर' के आरोपी डॉ. बिरूपाक्ष बिस्वास की नौकरी रद्द, देना होगा 20 लाख का जुर्माना

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य के स्वास्थ्य विभाग ने एक कड़ा कदम उठाते हुए बर्दवान मेडिकल कॉलेज के पैथोलॉजी विभाग के पूर्व सीनियर रेजिडेंट डॉक्टर बिरूपाक्ष बिस्वास की नौकरी स्थायी रूप से रद्द कर दी है।

शुक्रवार को स्वास्थ्य भवन की ओर से जारी अधिसूचना में कहा गया कि डॉ. बिरूपाक्ष के खिलाफ कदाचार, आपराधिक मामले, कई एफआईआर और भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की जांच रिपोर्ट में लगे सभी आरोप सही पाए गए हैं। डॉ. बिरूपाक्ष बिस्वास 5 सितंबर 2024 से निलंबित (सस्पेंड) चल रहे थे। अब उनकी सीनियर रेजिडेंसी को हमेशा के लिए समाप्त कर दिया गया है। इसके साथ ही, इंडेम्निटी बॉन्ड की शर्तों के उल्लंघन के कारण उन्हें 2 साल के भीतर कुल 20 लाख रुपये सरकारी कोष में वापस करने का आदेश दिया गया है। स्वास्थ्य विभाग ने वेस्ट बंगाल मेडिकल काउंसिल को भी पत्र लिखकर भविष्य में उनके सरकारी सेवा में आने पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाने की सिफारिश की है।

इस कड़ी कार्रवाई पर अपनी संक्षिप्त प्रतिक्रिया में डॉ. बिरूपाक्ष ने कहा कि सरकारी निर्देशों का पालन करना एक नागरिक के रूप में मेरा कर्तव्य है। मैंने 1 साल 9 महीने तक सीनियर रेजिडेंट डॉक्टर के रूप में काम किया। इससे ज्यादा मुझे कुछ नहीं कहना है।

**NAME CHANGE**

I, Sekhar Agarwal, son of Ashok Kumar Agarwal, residing at 37, Bhagwan Lane, Howrah-711101, do hereby solemnly affirm and declare that my actual name is Sekhar Agarwal and my father's Ashok Kumar Agarwal and Shekhar Agarwal and Sekhar Agarwal (myself) and Ashoke Agarwal and Ashok Kumar Agarwal (my father) names of the same and one identical person via affidavit in the Court of Ld 1st Class executive Magistrate at Howrah dated 20th May 2026.

**पश्चिम मध्य रेल**

**शुद्धि पत्रक ई. निविदा नोटिस संख्या DYCE-C-HQ-02, दिनांक : 21.05.2026**

सर्वसंबंधित को सूचित किया जाता है कि यह शुद्धिपत्र निविदा आमंत्रण सूचना संख्या : DYCE-C-HQ-02, दिनांक : 21.05.2026 के संदर्भ में जारी किया जा रहा है, कि जो कि कार्य "विद्युतीकृत नई लाइन/दोहरीकरण (डबलिंग)/तीसरी लाइन/चौथी लाइन, फ्लाई ओवर कार्य/बाईपास लाइन आदि के निर्माण के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने, भू-तकनीकी (जियोटेक्निकल) जांच, सिग्नलिंग कार्य, विद्युत कार्य और परिचालन/यातायात कार्य सहित फाइनल लोकेशन सर्वेक्षण (एफएलएस) आयोजित करने हेतु निविदा" के लिए समाचार पत्रों में प्रकाशित की गई थी। समाचार पत्र में असावधानीवश (unintentional) हुई टाइपिंग की गलती के कारण एक तिथि गलत छप गई थी। सभी संबंधित बोलीदाताओं (bidders) से अनुरोध है कि कृपया संशोधित तिथि को निम्नानुसार पढ़े :- **विवरण** : निविदा जमा करने की अंतिम तिथि – 30.06.2026, **समाचार पत्र में छपी गलत तिथि** : दिनांक – 21.05.2026, **सही संशोधित तिथि (जिसे सही पढ़ा जाए)** : दिनांक– 30.06.2026। मूल निविदा दस्तावेज (Original Tender Document) की अन्य सभी नियम, शर्तें और विवरण पूरी तरह से अपरिवर्तित (unchanged) रहेंगे। निविदाएं इसी संशोधित कार्यक्रम के अनुसार जमा की जानी चाहिए।

**हस्ता.**

**उप मुख्य अभियंता (निर्माण) मुख्यालय पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर**

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

**पूर्व रेलवे**

मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा रेलवे स्टेशन के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के निष्पादन के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस अथवा किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के साथ पंजीकृत सहित समतुल्य प्रकृति के कार्य का अनुभव एवं वांछित वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से निम्नलिखित ई-निविदाएं ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैः **सीनि. डीईएन/3/हावड़ा। (1) ई-निविदा सं.: 74 _2026-27-जोन, दिनांक 29.05.2026; कार्य का विवरणः** एईएन/कटवा के अधीन जोन सं. 20 (जनरल जोन), समापन अवधि 30.06.2027; क्षेत्राधिकारः एईएन/कटवा के अधीन बीबी लूप में किमी. 89/0-107/0 तक के लिए जोनल कार्य - सभी सेवा भवनों, कॉलोनियों के साथ सभी सेवा भवन तथा अन्य ढांचे में लकड़ी एवं सैनिटरी तथा कलर वाश/व्हाइट वाश तथा अन्य खुदरा मरम्मत कार्य। **अनुमानित लागतः** रु. 85,00,000/-। **बयाना राशिः** रु. 1,70,000/-। **(2) ई-निविदा सं.: 75 _2026-27-जोन, दिनांक 29.05.2026; कार्य का विवरणः** एईएन/कटवा के अधीन जोन सं. 21 (जनरल जोन), समापन अवधि 30.06.2027; क्षेत्राधिकारः एईएन/कटवा के अधीन बीबी लूप में किमी. 107/0 से 125/0 तक, ए-के एवं कटवा-बलगोना बीजी अनुभाग (बलगोना रहित) के साथ कटवा स्टेशन के लिए जोनल कार्य - सभी सेवा भवनों, कॉलोनियों के साथ सभी सेवा भवन तथा अन्य ढांचे में लकड़ी एवं सैनिटरी तथा कलर वाश/व्हाइट वाश तथा अन्य खुदरा मरम्मत कार्य। **अनुमानित लागतः** रु. 66,00,000/-। **बयाना राशिः** रु. 1,32,000/-। (3) ई-निविदा सं.: 76 _2026-27-जोन, दिनांक 29.05.2026; कार्य का **विवरणः** एईएन/नवद्वीप धाम के अधीन **जोन सं. 22** (जनरल जोन), समापन अवधि 30.06.2027; क्षेत्राधिकारः एईएन/नवद्वीप धाम के अधीन बीबी लूप में किमी. 02/0 -89/0 तक के लिए जोनल कार्य - सभी सेवा भवनों, कॉलोनियों के साथ सभी सेवा भवन तथा अन्य ढांचे में लकड़ी एवं सैनिटरी तथा कलर वाश/व्हाइट वाश तथा अन्य खुदरा मरम्मत कार्य। **अनुमानित लागतः** रु. 88,00,000/-। **बयाना राशिः** रु. 1,76,000/-। **(4) ई-निविदा सं.: 77 _2026-27-जोन, दिनांक 29.05.2026; कार्य का विवरणः** एईएन/आजिमगंज के अधीन जोन सं. 28 (जनरल जोन), समापन अवधि 30.06.2027; क्षेत्राधिकारः एईएन/आजिमगंज के अधीन आजिमगंज-नैहाटी अनुभाग में किमी. 2.2 से 43.74 तक के लिए जोनल कार्य - सेवा भवनों सहित, कॉलोनियों के साथ सभी सेवा भवन तथा अन्य ढांचे में लकड़ी एवं सैनिटरी तथा कलर वाश/व्हाइट वाश तथा अन्य खुदरा मरम्मत कार्य। **अनुमानित लागतः** रु. 60,00,000/-। **बयाना राशिः** रु. 1,20,000/-। **(5) ई-निविदा सं.: 78 _2026-27-जोन, दिनांक 29.05.2026; कार्य का विवरणः** एईएन/आजिमगंज के अधीन **जोन सं. 29** (जनरल जोन), समापन अवधि 30.06.2027; क्षेत्राधिकारः एईएन/आजिमगंज के अधीन आजिमगंज स्टेशन सहित किमी. 125/0 से 181/0 तक के लिए जोनल कार्य तथा एजेड सेवा भवन, कॉलोनियों की सभी सम्पत्तियों के साथ सभी सेवा भवन तथा अन्य ढांचे (एजेड लोको शेड कार्य तथा एजेड कोचिंग डिपो के लिए 2000000) में लकड़ी एवं सैनिटरी तथा कलर वाश/व्हाइट वाश तथा अन्य खुदरा मरम्मत कार्य। **अनुमानित लागतः** रु. 88,00,000/-। **बयाना राशिः** रु. 1,76,000/-। **(6) ई-निविदा सं.: 79_2026-27-जोन, दिनांक 29.05.2026; कार्य का विवरणः** सीनि. डीईएन/3/हावड़ा के अधिकार क्षेत्र के अधीन एईएन/कटवा के अधीन जोन सं. 33 (रोड जोन-एलसी गेट तथा स्टेशन पहुंच सड़क इत्यादि), समापन अवधि 30.06.2027। **अनुमानित लागतः** रु. 56,00,000/-। **बयाना राशिः** रु. 1,12,000/-। **(7) ई-निविदा सं.: 80 _2026-27-जोन, दिनांक 29.05.2026; कार्य का विवरणः** सीनि. डीईएन/3/हावड़ा के अधिकार क्षेत्र के अधीन एईएन/नवद्वीप धाम के अधीन जोन सं. 34 (रोड जोन-एलसी गेट तथा स्टेशन पहुंच सड़क इत्यादि), समापन अवधि 30.06.2027। **अनुमानित लागतः** रु. 56,00,000/-। **बयाना राशिः** रु. 1,12,000/-। **(8) ई-निविदा सं.: 81_2026-27-जोन, दिनांक 29.05.2026; कार्य का विवरणः** सीनि. डीईएन/3/हावड़ा के अधिकार क्षेत्र के अधीन एईएन/आजिमगंज के अधीन जोन सं. 35 (रोड जोन-एलसी गेट तथा स्टेशन पहुंच सड़क इत्यादि), समापन अवधि 30.06.2027। **अनुमानित लागतः** रु. 56,00,000/-। **बयाना राशिः** रु. 1,12,000/-। **(9) ई-निविदा सं.: 82 _2026-27-जोन, दिनांक 29.05.2026; कार्य का विवरणः जोन सं. 45 (पुल जोन)** एईएन/कटवा अनुभाग के सभी पुलों के साथ एफओबी, आरयूबी/आरओबी इत्यादि, एईएन/कटवा के अधिकार क्षेत्र के अधीन विभिन्न पुलों की मरम्मत एवं रखरखाव कार्य, समापन अवधि 30.06.2027। **अनुमानित लागतः** रु. 56,00,000/-। **बयाना राशिः** रु. 1,12,000/-। **(10) ई-निविदा सं.: 83 _2026-27-जोन, दिनांक 29.05.2026; कार्य का विवरणः जोन सं. 46 (पुल जोन)** एईएन/नवद्वीप धाम अनुभाग के सभी पुलों के साथ एफओबी, आरयूबी/आरओबी इत्यादि, एईएन/नवद्वीपधाम के अधिकार क्षेत्र के अधीन विभिन्न पुलों की मरम्मत एवं रखरखाव कार्य, समापन अवधि 30.06.2027। **अनुमानित लागतः** रु. 56,00,000/-। **बयाना राशिः** रु. 1,12,000/-। **(11) ई-निविदा सं.: 84 _2026-27-जोन, दिनांक 29.05.2026; कार्य का विवरणः जोन सं. 47 (पुल जोन)** एईएन/आजिमगंज अनुभाग के सभी पुलों के साथ एफओबी, आरयूबी/आरओबी इत्यादि, एईएन/आजिमगंज के अधिकार क्षेत्र के अधीन विभिन्न पुलों की मरम्मत एवं रखरखाव कार्य, समापन अवधि 30.06.2027। **अनुमानित लागतः** रु. 56,00,000/-। **बयाना राशिः** रु. 1,12,000/-। **(12) ई-निविदा सं.: 96 _2026-27, दिनांक 29.05.2026; कार्य का विवरणः** एडीईएन/आजिमगंज के अधिकार क्षेत्र के अधीन विभिन्न लेवल क्रॉसिंग गेटों के लिए सबमर्शिबल पम्प की सुविधा द्वारा जल आपूर्ति का प्रावधान तथा एईएन/नवद्वीप धाम के अधीन नवद्वीप धाम रेलवे कॉलोनी के लिए पम्प हाउस के साथ गहरे नलकूप (350x200 मिमी व्यास) धंसाने के साथ पाइपलाइन, अतिरिक्त विद्युतीय मीटर सह स्विच का प्रावधान। **अनुमानित लागतः** रु. 93,35,379/-। **बयाना राशिः** रु. 1,86,700/-। **(13) ई-निविदा सं.: 97 _2026-27, दिनांक 29.05.2026; कार्य का विवरणः** हावड़ा मंडल - सीनि. डीईएन/3/हावड़ा के अधिकार क्षेत्र के अधीन टीएफटीआर-3.008 टीकेएम, बीडीसी-केडब्ल्यूएईः अप 12.625-13.100=0.475 किमी, 76.285-76.466=0.181 किमी, 11.930-12.820=0.890 किमी, 76.286-76.450=0.164 किमी, 79.597-80.310=0.713 किमी, 80.440-81.025=0.585 किमी। **अनुमानित लागतः** रु. 4,78,01,692.46। **बयाना राशिः** रु. 9,56,000/-। **समापन अवधिः** क्रमांक 1 से 11 के लिए समापन अवधि 30.06.2027, क्रमांक 12 के लिए स्वीकृति पत्र जारी किए जाने की तारीख से 04 (चार) महीने तथा क्रमांक 13 के लिए स्वीकृति पत्र जारी किए जाने की तारीख से 12 (बारह) महीने। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लेखित बंद होने की तारीख को किसी भी कारणवश छुट्टी का दिन/बंद/हड़ताल घोषित होने पर भी ऑनलाइन निविदा बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में एप्लीकेशन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के उपरांत कोई भी प्रस्ताव जमा करने की अनुमति नहीं देती है। हालांकि, ऑनलाइन निविदा अगले कार्यकारी दिवस को खोली जाएगी। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समयः** दिनांक 18.06.2026 को 14.00 बजे। निविदाओं का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से अपने प्रस्ताव उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करने का अनुरोध किया जाता है। ईएमडी एवं टीडीसी का भुगतान - ई-निविदा से संबंधित बयाना राशि जमा (ईएमडी) तथा निविदा दस्तावेज की कीमत का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग अथवा पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। टिप्पणीः आईआरईपीएस (ई-टेंडर पोर्टल) पर आमंत्रित निविदाओं के लिए ईएमडी के रूप में फिक्स्ड डिपॉजिट रिसिप्ट (एफडीआर) स्वीकार नहीं की जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

(HWH-113/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

वरिष्ठ मंडल अभियंता (IV), पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा रेलवे स्टेशन के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के निष्पादन के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस अथवा किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के साथ पंजीकृत सहित समतुल्य प्रकृति के कार्य का अनुभव एवं वांछित वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से निम्नलिखित ई-निविदाएं ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैः **सीनि. डीईएन/4/हावड़ा। (1) ई-निविदा सं.: 85 _2026-27-जोन, दिनांक 29.05.2026; कार्य का विवरणः** एईएन/रामपुरहाट के अधीन जोन सं. 23 (जनरल जोन), समापन अवधि 30.06.2027; क्षेत्राधिकारः एईएन/रामपुरहाट के क्षेत्राधिकार के अधीन किमी. 135/0 से 172/2 तक-बांसलोई पुल से गुमानी तक (बोनीडांगा लिंक केबिन छोड़कर) साथ में राजग्राम तथा पाकुड़ क्वैरी। कार्य में साधारण कार्य, सैनिटरी कार्य, लकड़ी का कार्य, कलर वाश/ह्वाइट वाश इत्यादि शामिल है। **अनुमानित लागतः** रु. रु. 1,10,00,000/-। **बयाना राशिः** रु. 2,20,000/-। **(2) ई-निविदा सं.: 86 _2026-27-जोन, दिनांक 29.05.2026; कार्य का विवरणः** सीनि. डीईएन/4/हावड़ा के क्षेत्राधिकार के अधीन जोन सं. 24 (पुल जोन), समापन अवधि 30.06.2027। सीनि. डीईएन/4/हावड़ा के अधिकार क्षेत्र के अधीन एसबीजी लूप में किमी. 1/0 से किमी. 88/0 तक तथा रामपुरहाट-दुमका अनुभाग के सभी पुलों, विभिन्न पुलों की मरम्मत तथा रखरखाव कार्य। **अनुमानित लागतः** रु. 56,00,000/-। **बयाना राशिः** रु. 1,12,000/-। **(3) ई-निविदा सं.: 87 _2026-27-जोन, दिनांक 29.05.2026; कार्य का विवरणः** सीनि. डीईएन/4/हावड़ा के क्षेत्राधिकार के अधीन **जोन सं. 48 (पुल जोन)**, समापन अवधि 30.06.2027। सीनि. डीईएन/4/हावड़ा के अधिकार क्षेत्र के अधीन एसबीजी लूप में किमी. 88/0 से किमी. 172/2 तक तथा रामपुरहाट-दुमका अनुभाग के सभी पुलों, विभिन्न पुलों की मरम्मत तथा रखरखाव कार्य। **अनुमानित लागतः** रु. 70,00,000/-। **बयाना राशिः** रु. 1,40,000/-। **(4) ई-निविदा सं.: 88_2026-27-जोन, दिनांक 29.05.2026; कार्य का विवरणः** एईएन/बोलपुर के अधीन **जोन सं. 25 (साधारण जोन)**, समापन अवधि 30.06.2027; क्षेत्राधिकारः किमी. 1/0 (खाना छोड़कर) से 88/0 तक। कार्य में एईएन/बोलपुर के अधीन साधारण कार्य, सैनिटरी कार्य, लकड़ी का कार्य, कलर वाश/ह्वाइट वाश इत्यादि शामिल है। **अनुमानित लागतः** रु. 1,20,00,000/-। **बयाना राशिः** रु. 2,40,000/-। **(5) ई-निविदा सं.: 89 _2026-27-जोन, दिनांक 29.05.2026; कार्य का विवरणः** एईएन/रामपुरहाट के अधीन **जोन सं. 26 (साधारण जोन)**, समापन अवधि 30.06.2027; क्षेत्राधिकारः रामपुरहाट (यार्ड सहित) से दुमका तक के अधिकार क्षेत्र में। कार्य में एईएन/रामपुरहाट के अधीन साधारण कार्य, सैनिटरी कार्य, लकड़ी का कार्य, कलर वाश/ह्वाइट वाश इत्यादि शामिल है। **अनुमानित लागतः** रु. 75,00,000/-। **बयाना राशिः** रु. 1,50,000/-। **(6) ई-निविदा सं.: 90_2026-27-जोन, दिनांक 29.05.2026; कार्य का विवरणः** एईएन/रामपुरहाट के अधीन **जोन सं. 27 (साधारण जोन)**, समापन अवधि 30.06.2027। क्षेत्राधिकारः किमी 88/0 से किमी. 135/0 तक साथ में रामपुरहाट से बांसलोई पुल तक सभी स्टेशन, कॉलोनी तथा सभी सेवा भवनें, विभिन्न अवसंरचनाएं। कार्य में एईएन/रामपुरहाट के अधिकार क्षेत्र के अधीन साधारण कार्य, सैनिटरी कार्य, लकड़ी का कार्य, कलर वाश/ह्वाइट वाश इत्यादि शामिल है। **अनुमानित लागतः** रु. 1,15,00,000/-। **बयाना राशिः** रु. 2,30,000/-। **(7) ई-निविदा सं.: 91 _2026-27-जोन, दिनांक 29.05.2026; कार्य का विवरणः** सीनि. डीईएन/4/हावड़ा के क्षेत्राधिकार के अधीन एईएन/रामपुरहाट के अधीन **जोन सं. 36 (सड़क जोन-एलसी गेट तथा स्टेशन पहुंच सड़क इत्यादि)**। [विवरणः अद्यतन संशोधन स्लिप इत्यादि के साथ सभी खंडों में अभियांत्रिकी विभाग के सीपीडब्ल्यूडी-डीएसआर-2023 मदों की दरों से समग्र प्रतिशत ऊपर/नीचे/बराबर। [मूल्य रु. 75,00,000.00]। टिप्पणीः 1. निविदादाता को निविदा के लिए सिर्फ एक दर कोट करना होगा। विज्ञापित मूल्य विभागीय आंकलित मूल्य है। 2. विभागीय आंकलित मूल्य/विज्ञापित मूल्य को सीपीडब्ल्यूडी-डीएसआर-2023 मदों की मूल लागत के बराबर मानते हुए निर्धारित किया गया है। यह दर्शाता है कि इस निविदा के लिए आंकलित लागत को निर्धारित करने में मूल लागत में वृद्धि नहीं करने पर विचार किया गया है। 3. इस जोनल निविदा की आंकलित लागत/विज्ञापित लागत तैयार करने के लिए i) मिट्टी का कार्य - खंड सं. 2 में 4% ii) मोर्टार-खंड सं. 3 में 2%, iii) कंक्रीट कार्य-खंड सं. 4 में 4%, iv) मैसोनरी कार्य-खंड सं. 6 में 4%, v) इस्पात कार्य-खंड सं. 10 में 5%, vi) तोड़ना एवं ढाहना-खंड सं. 15 में 1%, vii) सड़क कार्य- 80% मात्र का योगदान है, 4. आवश्यक समझे जाने पर सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन पर निष्पादन के दौरान, ऊपर उल्लेखित प्रतिशत से संबंधित अनुसूची में परिवर्तन किया जा सकता है। यदि आवश्यक हो तो इस संदर्भ में वित्तीय जांच भी की जा सकती है। 5. उपरोक्त निर्देश केवल निविदादाताओं के मार्गदर्शन के लिए है। निविदादाताओं को दरें कोट करते समय उपरोक्त पहलुओं पर विचार करना चाहिए। 7) निविदादाताओं को दरें कोट करते समय, आंकलित/विज्ञापित मूल्य के सापेक्ष में प्रतिशत ऊपर/नीचे/बराबर दरें कोट करनी चाहिए, जैसा कि संबंधित अनुसूचियों के विरुद्ध दर्शाया गया है तथा लागू होने वाले जीएसटी और अन्य करों के प्रभाव और वृद्धि पर विचार करना चाहिए। **अनुमानित लागतः** रु. 75,00,000/-। **बयाना राशिः** रु. 1,50,000/-। **(8) ई-निविदा सं.: 92 _2026-27-जोन, दिनांक 29.05.2026; कार्य का विवरणः** सीनि. डीईएन/4/हावड़ा के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत एईएन/बीएचपी के अधीन **जोन सं. 37 (सड़क जोन-एलसी गेट तथा स्टेशन पहुंच सड़क इत्यादि)**। [विवरणः अद्यतन संशोधन स्लिप इत्यादि के साथ सभी खंडों में अभियांत्रिकी विभाग के सीपीडब्ल्यूडी-डीएसआर-2023 मदों की दरों से समग्र प्रतिशत ऊपर/नीचे/बराबर। [मूल्य रु. 75,00,000.00]। टिप्पणीः 1. निविदादाता को निविदा के लिए सिर्फ एक दर कोट करना होगा। विज्ञापित मूल्य विभागीय आंकलित मूल्य है। 2. विभागीय आंकलित मूल्य/विज्ञापित मूल्य को सीपीडब्ल्यूडी-डीएसआर-2021 मदों की मूल लागत के बराबर मानते हुए निर्धारित किया गया है। यह दर्शाता है कि इस निविदा के लिए आंकलित लागत को निर्धारित करने में मूल लागत में वृद्धि नहीं करने पर विचार किया गया है। 3. इस जोनल निविदा की आंकलित लागत/विज्ञापित लागत तैयार करने के लिए i) मिट्टी का कार्य - खंड सं. 2 में 4% ii) मोर्टार-खंड सं. 3 में 2%, iii) कंक्रीट कार्य-खंड सं. 4 में 4%, iv) मैसोनरी कार्य-खंड सं. 6 में 4%, v) इस्पात कार्य-खंड सं. 10 में 5%, vi) तोड़ना एवं ढाहना-खंड सं. 15 में 1%, vii) सड़क कार्य- 80% मात्र का योगदान है, 4. आवश्यक समझे जाने पर सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन पर निष्पादन के दौरान, ऊपर उल्लेखित प्रतिशत से संबंधित अनुसूची में परिवर्तन किया जा सकता है। यदि आवश्यक हो तो इस संदर्भ में वित्तीय जांच भी की जा सकती है। 5. उपरोक्त निर्देश केवल निविदादाताओं के मार्गदर्शन के लिए है। निविदादाताओं को दरें कोट करते समय उपरोक्त पहलुओं पर विचार करना चाहिए। 7) निविदादाताओं को दरें कोट करते समय, आंकलित/विज्ञापित मूल्य के सापेक्ष में प्रतिशत ऊपर/नीचे/बराबर दरें कोट करनी चाहिए, जैसा कि संबंधित अनुसूचियों के विरुद्ध दर्शाया गया है तथा लागू होने वाले जीएसटी और अन्य करों के प्रभाव और वृद्धि पर विचार करना चाहिए। **अनुमानित लागतः** रु. 75,00,000/-। **बयाना राशिः** रु. 1,50,000/-। **निविदा प्रपत्र की कीमतः** प्रत्येक के लिए शून्य। **समापन अवधि** : प्रत्येक के लिए स्वीकृति पत्र के जारी होने की तारीख से 12 (बारह) महीने। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लेखित बंद होने की तारीख को किसी भी कारणवश छुट्टी का दिन/बंद/हड़ताल घोषित होने पर भी ऑनलाइन निविदा बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में एप्लीकेशन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के उपरांत कोई भी प्रस्ताव जमा करने की अनुमति नहीं देती है। हालांकि, ऑनलाइन निविदा अगले कार्यकारी दिवस को खोली जाएगी। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समयः** दिनांक 18.06.2026 को 14.00 बजे तक। निविदाओं का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से अपने प्रस्ताव उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करने का अनुरोध किया जाता है। ईएमडी एवं टीडीसी का भुगतान - ई-निविदा से संबंधित बयाना राशि जमा (ईएमडी) तथा निविदा दस्तावेज की कीमत का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग अथवा पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। टिप्पणीः आईआरईपीएस (ई-टेंडर पोर्टल) पर आमंत्रित निविदाओं के लिए ईएमडी के रूप में फिक्स्ड डिपॉजिट रिसिप्ट (एफडीआर) स्वीकार नहीं की जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

(HWH-116/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# 'फर्जी हस्ताक्षर' मामले में सीआईडी का अभिषेक को समन, सोमवार को भवानी भवन में पेशी का निर्देश

## गिरफ्तार करना है तो कर लो, सिर नहीं झुकाऊंगा : अभिषेक बनर्जी

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य के अपराध जांच विभाग (सीआईडी) ने शनिवार को तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी को नोटिस जारी करके जांच एजेंसी के समक्ष पेश होने के लिए कहा है। यह नोटिस उन्हें विधानसभा सचिवालय को सौंपे गए उस पत्र में पार्टी विधायकों के जाली हस्ताक्षरों के कथित इस्तेमाल की जांच के सिलसिले में दिया गया है, जिसमें शोभनदेब चट्टोपाध्याय को नेता प्रतिपक्ष के रूप में समर्थन दिया गया था। सीआईडी सूत्रों के अनुसार, यह नोटिस उन्हें सोमवार की दोपहर एजेंसी के भवानी भवन मुख्यालय में पूछताछ के लिए पेश होने का निर्देश देने वाला समन है। यह नोटिस अभिषेक बनर्जी को उनके कालीघाट रोड स्थित आवास पर व्यक्तिगत रूप से सौंपा गया। हालांकि, यह नोटिस डेढ़ घंटे के नाटकीय घटनाक्रम के बाद ही उन्हें सौंपा जा सका। घटनाक्रम तब शुरू हुआ जब राज्य



सीआईडीके पांच अधिकारियों की एक टीम दोपहर लगभग 1.25 बजे दक्षिण कोलकाता के हरीश मुखर्जी रोड स्थित बनर्जी के आवास 188ए (जिसका नाम शांतिनिकेतन है) पर पहुंची, लेकिन नेता की अनुपस्थिति के कारण घर में प्रवेश करने में असफल रही। अधिकारियों को अभिषेक बनर्जी के आवास पर तैनात एक कर्मचारी से यह कहते हुए सुना गया कि वे गृह स्वामी को नोटिस देने आए हैं और वे लगभग 30 मिनट तक वहीं रुके रहे। इसके बाद, टीम को नेता के कालीघाट रोड पर पास में ही स्थित वैकल्पिक आवास पर भेजा गया, जहां अभिषेक बनर्जी के कार्यालय के कर्मचारियों को समन सौंपने से इनकार करने पर अधिकारियों को लगभग 10 मिनट तक बाहर इंतजार करना पड़ा। अधिकारियों ने टीएमसी सांसद को नोटिस सौंपा, जिसकी प्राप्ति की उन्होंने पुष्टि की। इसके बाद दोपहर करीब 2:50 बजे सीआईडी टीम रवाना हो गई। जांच टीम के जाने के बाद, अभिषेक ने पत्रकारों से कहा कि मैंने अभी तक नोटिस की सामग्री नहीं देखी है। मैं अपने वकीलों से सलाह लूंगा और उचित जवाब दूंगा। मैं जांच में हर संभव तरीके से सहयोग करूंगा। उन्होंने आरोप लगाया कि यह कदम राजनीतिक बदले की भावना और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का सीधा विरोध करने का नतीजा है। तृणमूल सांसद ने कहा कि मैं उनकी धमकियों के आगे नहीं झुकने वाला और मैदान नहीं छोड़ने वाला। मैं कोलकाता और दिल्ली दोनों जगह ईडी और सीबीआई का करीब 10-12 बार सामना कर चुका हूं। अब विधानसभा चुनाव में उनकी जीत के बाद, वे कोलकाता पुलिस, सीआईडीऔर कोलकाता नगर निगम को भी मेरे पीछे लगाने के लिए तैयार हैं। उन्हें मुझे गिरफ्तार करने दीजिए, मैं भागने वाला नहीं हूं।

### अमेजन फैशन की 'वार्डरोब रिफ्रेश सेल' शुरू, 80% तक छूट

**कोलकाता :** अमेज़न फैशन ने अपनी लोकप्रिय 'वार्डरोब रिफ्रेश सेल' के 18वें संस्करण की शुरुआत की है। 28 मई से 2 जून तक चलने वाली इस सेल में ग्राहकों को फैशन, ब्यूटी, फुटवियर, लगेज और एक्सेसरीज़ समेत विभिन्न श्रेणियों के 4 लाख से अधिक उत्पादों पर 50 से 80 प्रतिशत तक की छूट मिलेगी। सेल में 1500 से अधिक ब्रांड शामिल हैं। प्राइम सदस्यों को अमेजन पे के माध्यम से भुगतान पर 15 प्रतिशत अतिरिक्त कैशबैक और कूपन के जरिए 10 प्रतिशत अतिरिक्त छूट मिलेगी। वहीं एचडीएफसी बैंक क्रेडिट कार्ड से खरीदारी करने पर 3000 रुपये या उससे अधिक के ऑर्डर पर 10 प्रतिशत तक, अधिकतम 750 रुपये की छूट का लाभ मिलेगा। कंपनी का कहना है कि सेल के दौरान ग्राहकों को ट्रेंडिंग फैशन और लाइफस्टाइल उत्पाद आकर्षक कीमतों पर उपलब्ध होंगे।

## फरार तृणमूल नेता के करीबी बालू कारोबारी के घर पर पुलिस की छापेमारी

❑ **भारी मात्रा में नकदी और सोना जब्त, कारोबारी गिरफ्तार**

**बीरभूम :** बीरभूम जिले के मोहम्मदबाजार थाना अंतर्गत राज्यधरपुर गांव में एक बालू कारोबारी के घर और कार्यालय पर पुलिस ने छापेमारी कर भारी मात्रा में नकदी और सोने के आभूषण बरामद किए हैं। गुप्त सूचना के आधार पर शुक्रवार की रात यह अभियान चलाया गया। पुलिस के अनुसार, तलाशी के दौरान लगभग 49.75 लाख रुपये नकद और करीब 502 ग्राम सोने के आभूषण बरामद कर जब्त किए गए। बरामद धनराशि और आभूषणों के स्रोत की जांच शुरू कर दी गई है। इस मामले में शमीम शेख नामक एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। आरोप है कि वह लंबे समय से बालू कारोबार से जुड़ा हुआ था।



हालांकि, मामले के मुख्य आरोपी लवण शेख समेत दो अन्य लोग फिलहाल फरार हैं। उनकी तलाश में मोहम्मदबाजार थाना पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। पुलिस का दावा है कि आरोपितों के खिलाफ अवैध बालू कारोबार और बालू घाट संचालन के आरोप हैं। साथ ही, उनका सड़क निर्माण से जुड़ी एक ठेकेदार कंपनी से भी संबंध होने की जानकारी सामने आई है। जांच एजेंसियां यह भी पता लगाने में जुटी हैं कि बरामद नकदी और सोने के आभूषणों का संबंध इन व्यवसायों से है या नहीं। घटना के बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है। जांचकर्ता धन के स्रोत, वित्तीय लेन-देन और संभावित अवैध कारोबारी नेटवर्क के संबंध में विस्तृत जानकारी जुटाने में लगे हुए हैं।

## लक्खी भंडार योजना में फर्जीवाड़े का बड़ा खुलासा, युवक के सात खातों में जा रही थी अनुदान राशि

❑ **पुलिस ने आरोपित को किया गिरफ्तार**

**मुर्शिदाबाद :** लक्खी भंडार योजना में कथित धोखाधड़ी का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। मुर्शिदाबाद जिले के रघुनाथगंज क्षेत्र में एक युवक के सात अलग-अलग खातों में इस योजना की मासिक अनुदान राशि पहुंचने का आरोप लगा है। मामले में शुक्रवार की रात पुलिस ने आरोपित युवक को गिरफ्तार कर लिया है। शनिवार को पुलिस ने बताया कि आरोपित का नाम तारिकुल रहमान है। वह मुर्शिदाबाद जिले के रघुनाथगंज-2 ब्लॉक के जोतकामल ग्राम पंचायत अंतर्गत उस्मानपुर गांव का निवासी है। आरोप है कि उसने महिलाओं के नाम पर आवेदन पत्र भरकर उनमें अपना बैंक खाता नंबर दर्ज कराया और इस तरह लक्खी भंडार योजना की राशि प्राप्त करता रहा। पुलिस सूत्रों के अनुसार, इससे पहले इसी मामले में गिरफ्तार किए गए मोस्ताफिजुर रहमान से पूछताछ के दौरान तारिकुल रहमान का नाम सामने आया था। जांच में पता चला कि उसके सात बैंक खातों में योजना की अनुदान राशि भेजी जा रही थी। इसके बाद, शुक्रवार की रात पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। इस घटना के बाद यह आशंका भी जताई जा रही है कि कहीं मुर्शिदाबाद जिले में कोई संगठित फर्जीवाड़ा गिरोह तो सक्रिय नहीं था, जो सरकारी योजनाओं का लाभ गलत तरीके से हासिल कर रहा था। साथ ही, यह सवाल भी उठ रहा है कि लाभार्थियों के दस्तावेजों और बैंक खातों की जांच की जिम्मेदारी जिन स्थानीय और जिला प्रशासनिक अधिकारियों पर थी, क्या उनकी लापरवाही या मिलीभगत के कारण यह गड़बड़ी संभव हो सकी? पुलिस अब इस मामले की गहन जांच कर रही है। यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि इस कथित फर्जीवाड़े में और कौन-कौन लोग शामिल हैं तथा क्या इसके तार किसी बड़े नेटवर्क से जुड़े हुए हैं। जांच एजेंसियां संबंधित बैंक खातों और दस्तावेजों की भी पड़ताल कर रही हैं।

## सेनको हाउस के ब्रांड सेनेस ने 'सीन एट कान्स' के जरिए भारत में पेश किया कान्स का ग्लैमर

**कोलकाता, समाज्ञा :** सेनको हाउस के लैब-ग्रोउन डायमंड ब्रांड 'सेनेस' ने कान्स फिल्म फेस्टिवल 2026 में अपने विशेष ज्वेलरी कलेक्शन 'ड्यूड्रॉप्स' के साथ अंतरराष्ट्रीय फैशन जगत में खास पहचान बनाई है। अब कंपनी 'सीन एट कान्स' प्रदर्शनी के माध्यम से इस चर्चित कलेक्शन को भारतीय ग्राहकों के सामने पेश करने जा रही है।

कान्स फिल्म फेस्टिवल के दौरान निर्माता एवं स्टाइल आइकन रिदा थराना ने इस कस्टम-निर्मित ज्वेलरी उत्कृष्ट कृति को रेड कार्पेट पर प्रदर्शित किया। अपनी अनूठी डिजाइन, तरल सी चमक और आधुनिक ग्लैमर की अभिव्यक्ति के कारण 'ड्यूड्रॉप्स' ने फैशन प्रेमियों और विशेषज्ञों का ध्यान आकर्षित किया। रिवेरा की भव्यता, कैमरों की



चमक और हाउट कूट्योर फैशन के बीच यह कलेक्शन अपनी सादगीपूर्ण शालीनता और संतुलित आकर्षण के कारण चर्चा का केंद्र बना। 'ड्यूड्रॉप्स' की प्रेरणा सुबह की ओस की चमकती बूंदों से ली गई है। 14 कैरेट गोल्ड में तैयार इस विशेष नेकलेस में 105.5 कैरेट के एफजी-वीवीएस गुणवत्ता वाले नाशपाती आकार के लैब-ग्रोउन डायमंड जड़े गए हैं।

सेनेस की निदेशक जोइता सेन ने कहा कि इस कलेक्शन के माध्यम से प्राकृतिक, सहज और भावनात्मक सुंदरता को आधुनिक शैली में प्रस्तुत करने का प्रयास किया गया है। उन्होंने कहा कि 'सीन एट कान्स' भारतीय ग्राहकों को इस अंतरराष्ट्रीय डिजाइन यात्रा से जोड़ने का एक विशेष अवसर है।

कान्स 2026 में प्रदर्शित इस कलेक्शन को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सराहना मिली है और इसकी चर्चा कई प्रमुख फैशन प्लेटफॉर्म्स पर हुई। अब भारतीय दर्शकों को 'सीन एट कान्स' के जरिए इस विशेष कलेक्शन की डिजाइन, कारीगरी और आधुनिक लक्ज़री का अनुभव करने का अवसर मिलेगा।

## बीबीडी बाग डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी सेवा समिति ने किया नवनिर्वाचित विधायकों का सम्मान

**कोलकाता, समाज्ञा :** बीबीडी बाग डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी सेवा समिति ने मानिकतला से भाजपा के नवनिर्वाचित विधायक तापस राय और जोड़ासांको से विजय ओझा का भव्य सम्मान किया। समिति के महामंत्री हरिकेश सिंह (गुड्डन) और अन्य पदाधिकारियों ने उत्तरीय पहनाकर एवं गुलदस्ता भेंट कर इन जनप्रतिनिधियों का अभिनंदन किया। इसके लिए 18, नेताजी सुभाष रोड इलाके में समारोह का आयोजन किया गया था। मौके पर भाजपा नेता संतोष पाठक का भी सम्मान किया गया। इस अवसर पर समाजसेवी पंडित लक्ष्मीकांत तिवारी, अखिल भारतीय क्षत्रिय समाज के मुख्य संरक्षक ठाकुर जयप्रकाश सिंह, अध्यक्ष शेखर सिंह, दिनेश सिंह,



रणविजय सिंह सहित मौजूद अन्य अतिथियों को भी सम्मानित किया गया। योगेशराज उपाध्याय ने मंच संचालन किया। समिति के अध्यक्ष राजेश जैन की सक्रिय भूमिका रही। प्रभा जैन, नवीन भट्टर, तारक नाथ दूबे, उत्तर कोलकाता सांगठनिक जिला भाजपा अध्यक्ष तमघ्न घोष, दीपक मिश्रा, कलकत्ता कान्यकुब्ज समाज से दीपू दीक्षित, अजय तिवारी, अशोक तिवारी उपस्थित थे। कार्यक्रम में समिति के संतोष सिंह (सिटु), गणेश सिंह, सुनील सिंह, मनोज गोंड, अभिनय सिंह, किटू सिंह, राघव सिंह सहित अन्य सदस्य सक्रिय रहे।

## नारायणा स्कूल्स ने खेल दिग्गजों को बनाया कोच

**कोलकाता :** नारायणा ग्रुप ऑफ स्कूल्स, पश्चिम बंगाल ने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए भारतीय फुटबॉल और शतरंज जगत की दिग्गज हस्तियों को अपने कोचिंग पैनल में शामिल किया है। संस्थान ने पूर्व फुटबॉल सितारों जोसे बैरेटो, अल्वितो डी'कुन्हा और मेहताब हुसैन को फुटबॉल कोच तथा ग्रैंडमास्टर दिव्येंदु बरुआ को शतरंज कोच नियुक्त किया है।

नारायणा ग्रुप ऑफ स्कूल्स, पश्चिम बंगाल की सीईओ प्रियंका मुखर्जी ने कहा कि शिक्षा केवल कक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि खेल और बौद्धिक गतिविधियां भी विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने कहा कि इन दिग्गजों का मार्गदर्शन छात्रों को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में मदद करेगा।

मोहन बागान के पूर्व स्टार स्ट्राइकर जोसे बैरेटो, ईस्ट बंगाल के पूर्व खिलाड़ी अल्वितो डी'कुन्हा और भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी मेहताब हुसैन युवा प्रतिभाओं को प्रशिक्षित करेंगे। वहीं, भारत के अग्रणी शतरंज ग्रैंडमास्टर्स में शामिल दिव्येंदु बरुआ विद्यार्थियों में रणनीतिक सोच और विश्लेषणात्मक क्षमता विकसित करेंगे।

संस्थान का कहना है कि यह पहल छात्रों में खेल कौशल, नेतृत्व क्षमता, अनुशासन और आत्मविश्वास को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

## पश्चिम बंगाल में ई-वे बिल सीमा घटाकर 50,000, व्यापारिक संगठनों ने जताई चिंता

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल सरकार ने राज्य के भीतर माल परिवहन हेतु ई-वे बिल की अनिवार्यता की सीमा 1 लाख से घटाकर 50,000 कर दी है। वाणिज्यिक कर निदेशालय द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार यह नई व्यवस्था 1 जून 2026 से प्रभावी होगी। सरकार का मानना है कि इस कदम से कर अनुपालन को मजबूती मिलेगी, कर अपवंचन पर अंकुश लगेगा तथा राजस्व संग्रह में वृद्धि होगी। हालांकि, व्यापारिक जगत ने इस निर्णय पर चिंता व्यक्त की है। कॉन्फेडरेशन ऑफ वेस्ट बंगाल ट्रेड एसोसिएशन्स (सीडबल्यूबीटीए) के अध्यक्ष



सुशील पोद्दार ने संवाददाता को बताया कि ई-वे बिल की सीमा में की गई यह कटौती राज्य के लाखों छोटे एवं मध्यम व्यापारियों पर अतिरिक्त अनुपालन भार डालेगी। इससे व्यापारियों की प्रशासनिक जिम्मेदारियां बढ़ेंगी तथा कारोबार संचालन की लागत में भी वृद्धि होगी। श्री पोद्दार ने कहा कि सूक्ष्म एवं लघु व्यापारी पहले से ही अनेक नियामकीय औपचारिकताओं का पालन कर रहे हैं। ऐसे में सीमा को 50,000 तक घटाना उनके लिए व्यावहारिक कठिनाइयाँ उत्पन्न कर सकता है। उन्होंने बताया कि सीडब्ल्यूबीटीए ने राज्य सरकार को पत्र भेजकर ई-वे बिल की न्यूनतम सीमा पुनः 1 लाख निर्धारित करने का अनुरोध किया है, ताकि व्यापार सुगमता बनी रहे और छोटे व्यापारियों के हित सुरक्षित रह सकें।

# सकल जैन समाज ने आर्यिका व साध्वियों एवं जैन संतों की सुरक्षा हेतु कोलकाता में निकाली विशाल मौन रैली

❑ **संस्था की ओर से अपनी सात सूत्री मांगों को लेकर राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन**

**कोलकाता :** सकल जैन समाज की ओर से शनिवार को कोलकाता में हजारों जैन श्रद्धालुओं ने मध्य प्रदेश के रीवा में हुई दुखद सड़क दुर्घटना में देवलोक गमन हुईं पूज्य जैन आर्यिका द्वय को श्रद्धांजलि अर्पित करने तथा देशभर में पदविहार करने वाले जैन संतों व साध्वियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग को लेकर एक विशाल मौन रैली निकाली। यह मौन रैली बड़ा मंदिर से प्रारंभ होकर सत्यनारायण पार्क, एम.जी. रोड, ब्रेबर्न रोड, बेंटिक स्ट्रीट एवं एस्प्लेनेड मार्ग से गुजरते हुए धर्मतल्ला पहुंची, जहां यह एक सभा में परिवर्तित हो गई।

मौन रैली के उपरांत सकल जैन समाज का एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल राजभवन पहुंचा, जहां




पश्चिम बंगाल के राज्यपाल महामहिम आर.एन. रवि के नाम एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा गया। इस प्रतिनिधिमंडल में विनोद कुमार काला, संदीप पाटनी, अजीत सेठी, अजय भंसाली एवं बुधमलजी लूनिया शामिल थे।

ज्ञापन में कहा गया कि जैन संत एवं साध्वियां पूर्णतः अहिंसक, निःशस्त्र एवं त्यागमयी जीवन जीने वाले तपस्वी होते हैं, जो आजीवन केवल पैदल विहार करते हैं। अतः उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना प्रशासन का नैतिक, संवैधानिक एवं मानवीय दायित्व है। ज्ञापन में रीवा घटना की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच हेतु विशेष जांच दल (एसआईटी) अथवा न्यायिक जांच आयोग का तत्काल गठन करने, घटना से संबंधित सभी सीसीटीवी फुटेज, वीडियो रिकॉर्डिंग एवं डिजिटल साक्ष्यों को सुरक्षित रखकर उनकी निष्पक्ष जांच कराने, इस दुखद दुर्घटना के जिम्मेदारों और दोषियों के विरुद्ध कठोर एवं त्वरित कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने, देशभर में विहाररत संतों एवं साध्वियों की सुरक्षा हेतु व्यापक संत सुरक्षा प्रोटोकॉल तत्काल लागू करने, भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय संत सुरक्षा नीति बनाने, संतों एवं पैदल यात्रियों के लिए सुरक्षित मार्ग, विशेष सुरक्षा क्षेत्र तथा संरक्षित पैदल पथ विकसित करने, प्रशासनिक समन्वय तंत्र एवं हेल्पलाइन व्यवस्था स्थापित करने तथा संतों के विरुद्ध होने वाले अपराधों एवं दुर्घटनाओं को विशेष संवेदनशील श्रेणी में रखकर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की गई।

इस महत्वपूर्ण ज्ञापन का मसौदा



सकल जैन समाज की ओर से जैन रिसर्च फाउंडेशन के अध्यक्ष विनोद कुमार काला, जीतो कोलकाता चैप्टर के अध्यक्ष धर्मेन्द्र जैन तथा जैन समाज के युवा नेता जितेन्द्र काला द्वारा तैयार किया गया। हजारों श्रद्धालुओं की भारी उपस्थिति के बावजूद पूरा जुलूस पूरी तरह शांतिपूर्ण, व्यवस्थित और गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। इस संपूर्ण मौन रैली की व्यवस्था, मार्ग-व्यवस्था और सुचारु संचालन की जिम्मेदारी जैन समाज की अग्रणी स्वयंसेवी संस्था पुष्पांजलि के समर्पित कार्यकर्ताओं ने अत्यंत दक्षता के साथ निभाई। चंद्रेश मेघाणी, परेश दफ्तरी उपस्थित रहे।

### डिलीवरी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था के इलेक्ट्रिफिकेशन पर फोकस कर रही मोटोवोल्ट मोबिलिटी

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम एशिया में जारी भू-राजनीतिक तनाव और तेल आपूर्ति पर पड़ रहे असर के बीच मोटोवोल्ट मोबिलिटी भारत में फ्लीट इलेक्ट्रिफिकेशन को गति देने की रणनीति पर काम कर रही है। फुल-स्टैक कमर्शियल ईवी निर्माता कंपनी अपने पावरट्रेन, बैटरी सिस्टम और वाहन स्वयं विकसित करती है, जिससे लागत नियंत्रण और आयात पर निर्भरता कम होती है। कंपनी का एम7 मल्टी-यूटिलिटी इलेक्ट्रिक स्कूटर क्विक-कॉमर्स सेक्टर में लोकप्रिय हो रहा है। फ्लिपकार्ट, ब्लिंकिट और जेप्टो जैसी कंपनियों की बढ़ती ईवी मांग के चलते यह मॉडल कंपनी की कुल आय में 60-70 प्रतिशत योगदान दे रहा है। मोटोवोल्ट ग्रामीण क्षेत्रों में एचयूएम और किवो सीरीज की इलेक्ट्रिक यूटिलिटी साइकिलों के जरिए लास्ट-माइल मोबिलिटी को बढ़ावा दे रही है। कंपनी का मानना है कि किफायती और पर्यावरण-अनुकूल ईवी समाधान ग्रामीण रोजगार, स्थानीय व्यापार और टिकाऊ परिवहन व्यवस्था को मजबूती प्रदान करेंगे।

### एलजीटी ग्लोबल हॉस्पिटैलिटी का वित्त वर्ष 2025-26 में शानदार प्रदर्शन

**कोलकाता, समाज्ञा :** एलजीटी ग्लोबल हॉस्पिटैलिटी लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2025-26 में मजबूत वित्तीय प्रदर्शन दर्ज करते हुए सालाना आधार पर अपने राजस्व में 34.9 प्रतिशत की वृद्धि हासिल की है। कंपनी ने इस उपलब्धि का श्रेय कॉर्पोरेट यात्रा, बैठकों, प्रोत्साहन कार्यक्रमों, सम्मेलनों एवं प्रदर्शनी सेवाओं, आतिथ्य सेवाओं तथा अवकाश यात्रा क्षेत्र में बढ़ती मांग को दिया है। कंपनी ने याजा, ट्रैवफ्लिक्स और हॉलिडे वन के साथ रणनीतिक सहयोग एवं अधिग्रहण के माध्यम से अपने कारोबारी नेटवर्क और ग्राहक आधार का विस्तार किया। कंपनी के प्रबंध निदेशक विल्फ्रेड सेल्वराज ने कहा कि संस्था एकीकृत यात्रा पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण, ग्राहक अनुभव को बेहतर बनाने और दीर्घकालिक विकास के अवसरों को मजबूत करने पर केंद्रित है।

## पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक मिलिंद देउस्कर संभालेंगे मेट्रो रेलवे के महाप्रबंधक का अतिरिक्त प्रभार

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक मिलिंद देउस्कर को मेट्रो रेलवे के महाप्रबंधक का अतिरिक्त प्रभार सौंपने का निर्णय लिया गया है। मंत्रालय के आदेश के अनुसार, 31 मई 2026 के बाद श्री देउस्कर अपने वर्तमान दायित्वों के साथ-साथ मेट्रो रेलवे के महाप्रबंधक पद की जिम्मेदारियां भी संभालेंगे।

भारतीय रेलवे प्रबंधन सेवा (आईआरएमएस) के वरिष्ठ अधिकारी मिलिंद देउस्कर मूल रूप से भारतीय रेलवे भंडार सेवा के 1987 बैच से संबंधित हैं। रेलवे प्रशासन में उन्हें तीन दशक से अधिक का व्यापक अनुभव प्राप्त है। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने दक्षिण पश्चिम रेलवे में वरिष्ठ उप महाप्रबंधक, पुणे मंडल में



अतिरिक्त मंडल रेल प्रबंधक एवं मंडल रेल प्रबंधक तथा रेलवे बोर्ड में सचिव जैसे महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया है।

इसके अलावा, उन्होंने इंटीग्रल कोच फैक्ट्री (आईसीएफ), चेन्नई में मुख्य प्रधान सामग्री प्रबंधक, मध्य रेलवे में मुख्य सामग्री प्रबंधक तथा कोंकण रेलवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड में मुख्य सामग्री प्रबंधक के रूप में भी अपनी सेवाएं दी हैं। प्रशासनिक एवं प्रबंधकीय दक्षता के कारण उन्हें रेलवे के अनुभवी अधिकारियों में गिना जाता है। श्री देउस्कर ने इनसीड (आईएनएसईएडी), सिंगापुर/मलेशिया से एडवांस्ड मैनेजमेंट तथा इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस (आईएसबी), हैदराबाद से रणनीतिक प्रबंधन संबंधी प्रशिक्षण प्राप्त किया है। वे मैकेनिकल इंजीनियर हैं और मौलाना आजाद कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी, भोपाल (वर्तमान एनआईटी भोपाल) के पूर्व छात्र हैं। खेलकूद और सांस्कृतिक गतिविधियों में विशेष रुचि रखने वाले श्री देउस्कर को उत्कृष्ट सेवाओं के लिए वर्ष 2003 में राष्ट्रीय स्तर के रेल पुरस्कार से भी सम्मानित किया जा चुका है।

## एएम/एनएस इंडिया ने बनाया दुनिया का सबसे मजबूत वेल्डेड पाइप

**कोलकाता :** आर्सेलरमित्तल निप्पॉन स्टील इंडिया (एएम/एनएस इंडिया) समुद्री इंजीनियरिंग परियोजनाओं में उपयोग होने वाले एपीआई 5एल एक्स100 के समकक्ष ईक्यू70 ग्रेड के सबसे अधिक मजबूती वाले वेल्डेड पाइप का निर्माण करने वाली दुनिया की पहली स्टील कंपनी बन गई है। कंपनी को इस उपलब्धि के लिए प्रतिष्ठित अमेरिकन ब्यूरो ऑफ शिपिंग (एबीएस) से प्रमाणन भी प्राप्त हुआ है।

कंपनी का कहना है कि यह उपलब्धि 'आत्मनिर्भर भारत' और 'विकसित भारत' अभियान को मजबूती देगी। अब तक इस श्रेणी के पाइप मुख्य रूप से यूरोप से आयात किए जाते थे, लेकिन घरेलू उत्पादन शुरू होने से तेल एवं गैस प्लेटफॉर्म, अपतटीय पवन ऊर्जा परियोजनाओं और गहरे समुद्री पाइपलाइन जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों को लाभ मिलेगा।

ईक्यू70 ग्रेड एक हाई-स्ट्रेंथ लो-अलॉय स्टील है, जिसकी न्यूनतम यील्ड स्ट्रेंथ 690 मेगापास्कल है। इसकी विशेष मजबूती और जंग-रोधी क्षमता इसे समुद्र की कठिन परिस्थितियों के लिए उपयुक्त बनाती है। गुजरात के हजीरा स्थित संयंत्र में सबमर्ज्ड आर्क वेल्डिंग तकनीक से इन पाइपों का सफल उत्पादन किया गया है।

एबीएस प्रमाणन ने पुष्टि की है कि ये पाइप सुरक्षा, मजबूती और प्रदर्शन के वैश्विक मानकों पर खरे उतरते हैं। कंपनी पहले ही देश के एक प्रमुख तेल एवं गैस उत्पादक को बड़ी मात्रा में इन पाइपों की आपूर्ति कर चुकी है। यह उपलब्धि भारत की उन्नत विनिर्माण क्षमता और वैश्विक प्रतिस्पर्धा को नई मजबूती प्रदान करेगी।

## मानसून से पहले सुरक्षा अभियान में निजी भूमि के पेड़ बने चुनौती, पूर्व रेलवे की लोगों से अपील

**कोलकाता, समाज्ञा :** सियालदह मंडल में शुक्रवार को हुई भारी बारिश और तेज आंधी के कारण रेल सेवाएं प्रभावित होने के बाद पूर्व रेलवे ने रेलवे ट्रैक के आसपास रहने वाले नागरिकों से सहयोग की अपील की है। रेलवे प्रशासन ने लोगों से अपने परिसरों में स्थित ऐसे पेड़ों की समय पर कटाई-छंटाई करने अथवा रेलवे टीमों के साथ सहयोग करने का अनुरोध किया है, ताकि ओवरहेड इलेक्ट्रिक तारों पर पेड़ या शाखाएं गिरने से होने वाली दुर्घटनाओं और रेल परिचालन में बाधा को रोका जा सके।

पूर्व रेलवे ने स्पष्ट किया है कि रेलवे लाइन के समीप स्थित पेड़ों की छंटाई इस प्रकार की जानी चाहिए कि यदि पूरा पेड़ भी ट्रैक की ओर गिर जाए, तब भी उसकी किसी शाखा और निकटतम रेलवे ट्रैक के बीच कम से कम तीन मीटर की दूरी बनी रहे। शुक्रवार को आए अचानक तूफान के दौरान दमदम, कल्याणी, बारासात और सोनारपुर सहित 12 स्थानों पर पेड़, भारी शाखाएं और निजी बैनर रेलवे ट्रैक तथा ओएचई लाइनों पर गिर गए। इसके कारण रेल परिचालन प्रभावित हुआ, हालांकि पूर्व रेलवे की आपातकालीन टीमों ने प्रतिकूल मौसम में तेजी से कार्रवाई करते हुए ट्रैक साफ किए और बिजली आपूर्ति बहाल की।

रेलवे वर्तमान में 26,509 जोखिमपूर्ण पेड़ों की पहचान कर व्यापक मानसून पूर्व वृक्ष कटाई अभियान चला रहा है। इनमें से 21,384 पेड़ों की कटाई-छंटाई पूरी हो चुकी है। सियालदह मंडल में 7 जून की समयसीमा से पहले हटाए जाने वाले 735 जोखिमपूर्ण पेड़ों में से 351 निजी भूमि पर स्थित हैं, जिससे कार्य प्रभावित हो रहा है। आसनसोल, हावड़ा और मालदह मंडलों में भी इसी प्रकार की समस्याएं सामने आ रही हैं।

पूर्व रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शिबराम माझी ने कहा, आज के तूफान के बाद हमारी टीमों ने तेजी से सेवाएं बहाल कीं, लेकिन प्राकृतिक चुनौतियों से निपटने के लिए जनसहभागिता आवश्यक है। रेलवे ट्रैक के निकट रहने वाले नागरिक अपने परिसरों का निरीक्षण करें, तीन मीटर की अनिवार्य सुरक्षा दूरी बनाए रखें तथा रेलवे की इंजीनियरिंग टीमों को पूरा सहयोग दें। सार्वजनिक सुरक्षा और निर्बाध रेल सेवा सुनिश्चित करना हम सभी की साझा जिम्मेदारी है।

# पूर्व मंत्री अरूप रॉय के घर के पास गोदाम से सरकारी सामान बरामद, शुरू हुई जांच

❑ **स्थानीय लोगों ने रोकी लॉरी, बोरियों से निकले तिरपाल-कंबल और साइकिल**



**हावड़ा, समाज्ञा :** राज्य के पूर्व मंत्री और मध्य हावड़ा से तृणमूल कांग्रेस के विधायक अरूप रॉय के आवास से सटे एक गोदाम से कथित तौर पर सरकारी राहत सामग्री और खेल उपकरणों को लॉरी में भरकर बाहर भेजे जाने की कोशिश का आरोप लगा है। स्थानीय लोगों के विरोध के बाद मामला तूल पकड़ गया और मौके पर भारी पुलिस बल तैनात करना पड़ा। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, विधायक निधि और विभिन्न सरकारी योजनाओं के तहत प्राप्त सामान इस गोदाम में रखा जाता था। गत शुक्रवार की रात इलाके के एक निवासी ने देखा कि गोदाम से लगातार बोरियां लॉरी में लादी जा रही हैं। संदेह होने पर स्थानीय लोगों को सूचना दी गई, जिसके बाद उन्होंने लॉरी को रोक लिया। आरोप है कि जब बोरियां खोली गईं तो उनमें तिरपाल, सर्दियों के कंबल, स्कूली छात्रों के लिए आवंटित साइकिल, विकेट, हॉकी स्टिक और अन्य खेल सामग्री बरामद हुई। घटना की जानकारी फैलते ही इलाके में तनाव बढ़ गया और लोगों ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। स्थिति बिगड़ने के बाद शिवपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और लोरी समेत बरामद सामान को अपने कब्जे में ले लिया। अब पुलिस यह जांच कर रही है कि इतनी बड़ी मात्रा में सरकारी सामग्री निजी गोदाम में किसके निर्देश पर रखी गई थी और उसे बाहर भेजने का उद्देश्य क्या था। भाजपा की ओर से थाने में लिखित शिकायत दर्ज कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की गई है।

❑ **अरूप रॉय ने आरोपों को बताया राजनीतिक साजिश**

विधायक अरूप रॉय ने सभी आरोपों को खारिज करते हुए इसे पूरी तरह राजनीतिक साजिश बताया है। उनका कहना है कि किसी तरह की तस्करी नहीं हो रही थी, बल्कि गोदाम में रखी अतिरिक्त सरकारी राहत सामग्री को नियमानुसार जिला प्रशासन के कार्यालय में वापस भेजा जा रहा था। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा कार्यकर्ताओं ने जानबूझकर मौके पर पहुंचकर हंगामा किया और उनकी छवि खराब करने की कोशिश की। अरूप रॉय ने कहा कि उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन में कभी किसी तरह की बेईमानी नहीं की है।

# चंदननगर में मेयर समेत 30 पार्षदों का सामूहिक इस्तीफा



**हुगली, समाज्ञा :** चंदननगर विधानसभा क्षेत्र से तृणमूल उम्मीदवार इंद्रनील सेन की हार के बाद निगम की राजनीतिक स्थिति पूरी तरह से बदल गई है। शुक्रवार को निगम के 30 तृणमूल पार्षदों ने सामूहिक रूप से अपने पद से इस्तीफा दे दिया। 33 वार्डों वाले चंदननगर नगर निगम में अब तक 31 तृणमूल कांग्रेस और 2 माकपा (सीपीआईएम) के पार्षद थे। शुक्रवार की सुबह पांच पार्षदों ने इस्तीफा दिया था, जबकि रात में 25 अन्य पार्षदों ने भी अपना त्यागपत्र निगम की चेयरपर्सन स्निग्धा राय को सौंप दिया। साथ ही, पार्षदों ने ई-मेल के माध्यम से अपना इस्तीफा निगम आयुक्त को भी भेज दिया। नियमानुसार, चेयरपर्सन इन इस्तीफों को निगम आयुक्त के पास अग्रेषित करेंगी। इस्तीफा देने वाले पार्षदों में चंदननगर के निवर्तमान मेयर राम चक्रवर्ती भी शामिल हैं। हालांकि, तृणमूल कांग्रेस के एक पार्षद ने अब तक इस्तीफा नहीं दिया है। वहीं, माकपा के दोनों पार्षद भी अपने पद पर बने हुए हैं। तृणमूल पार्षदों के सामूहिक इस्तीफे के बाद चंदननगर नगर निगम के भविष्य और प्रशासनिक व्यवस्था को लेकर राजनीतिक हलकों में चर्चाएं तेज हो गई हैं।

## अभिषेक बनर्जी के साथ हुई घटना पर अग्निमित्रा पाल का हमला, तृणमूल नेतृत्व पर उठाए सवाल



**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस के सांसद अभिषेक बनर्जी के साथ हुई घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए पश्चिम बंगाल की राज्य मंत्री अग्निमित्रा पाल ने कहा कि यह तृणमूल कांग्रेस का आंतरिक मामला है, लेकिन राज्य की मौजूदा स्थिति को देखते हुए कई सवाल खड़े होते हैं। अग्निमित्रा पाल ने कहा, उनकी पार्टी का विषय है, उस पर बोलना मेरा काम नहीं है। लेकिन हम लोग भुगत रहे हैं। मानसून आने में 10 दिन बचे हैं, लेकिन कई जगह कोई काउंसिलर नहीं है। उन्होंने तृणमूल कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा, 15 साल तो चोरी किया है, पैसा उठाया है, सिंडिकेट चलाया है। अब अगर आप आएंगे तो काम भी करना पड़ेगा। जांच होगी कि कहां-कहां चोरी हुई है। ज्यादातर म्युनिसिपल कॉरपोरेशन में यही सब हुआ है। राज्य सरकार के कामकाज का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा, हमारा पहला और आखिरी कदम राज्य का विकास है। नीचे से लेकर मुख्यमंत्री तक सभी लोग काम पर जुटे हुए हैं। तृणमूल कांग्रेस की वर्तमान स्थिति पर टिप्पणी करते हुए अग्निमित्रा पॉल ने कहा, आज तृणमूल की जो हालत है, वह उनके राइट हैंड अभिषेक बनर्जी के कारण हुई है। उन्होंने कहा कि जनता अब जवाब मांग रही है और राज्य में विकास तथा पारदर्शिता की राजनीति की आवश्यकता है।

## बिना किराए के सरकारी गोदामों और स्टॉलों में व्यापार शुरू कर सकेंगे बेरोजगार युवा : दिलीप घोष

❑ **कृषि एवं विपणन अधिकारियों के साथ मंत्री ने की बैठक, विभागीय संसाधनों के बेहतर उपयोग पर जोर**



**हुगली, समाज्ञा :** राज्य की नई सरकार ने राज्य के बेरोजगार युवाओं और महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए एक बड़ा और अभूतपूर्व कदम उठाने का फैसला किया है। राज्य के पंचायत, ग्रामीण विकास और कृषि विपणन मंत्री दिलीप घोष ने शनिवार को अधिकारियों के साथ एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक के बाद घोषणा की कि राज्य सरकार के तहत आने वाले लगभग 25 से 30 प्रतिशत गोदाम और करीब 450 सरकारी स्टॉल वर्तमान में पूरी तरह बेकार और अप्रयुक्त पड़े हुए हैं। सरकार ने अब इन खाली संपत्तियों को बिना किसी किराए (नो-रेंट) के बेरोजगार युवक-युवतियों और स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को व्यापार करने के लिए सौंपने की योजना बनाई है ताकि वे अपना रोजगार शुरू कर सकें। वैद्यबाटी दिल्ली रोड स्थित नेताजी सुभाष ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट में हुई इस बैठक में विभाग की आय बढ़ाने और कर्मचारियों के सही संयोजन पर विस्तृत चर्चा हुई। मंत्री दिलीप घोष ने बताया कि पूरे राज्य में कई ऐसे मार्केट कॉप्लेक्स हैं जो बनकर तैयार हैं लेकिन पिछले 5-7 वर्षों से उद्घाटन के इंतजार में धूल फांक रहे थे। कुल 1600 सरकारी स्टॉलों में से 450 का कभी उपयोग ही नहीं हुआ। सरकार अब इन जगहों के लिए युवाओं से आवेदन आमंत्रित करेगी। इसके साथ ही सरकार 'सुफल बांग्ला' योजना का विस्तार करने जा रही है, जिसके तहत सीधे किसानों से ताजी सब्जियां खरीदकर बाजारों में बेची जाएंगी। इससे आम जनता को सस्ती और ताजी सब्जियां मिलेंगी और बिचौलियों का राज खत्म होगा, जिससे सीधे तौर पर किसानों और उपभोक्ताओं दोनों को बड़ा फायदा पहुंचेगा।

## राहत सामग्री जमाखोरी के आरोप में नवद्वीप नगरपालिका के अध्यक्ष गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** नदिया जिले के नवद्वीप नगरपालिका के अध्यक्ष बिमान कृष्ण साहा को पुलिस ने शनिवार के तड़के हिरासत में लिया। उन पर एक स्थानीय क्लब भवन में बड़ी मात्रा में राहत सामग्री अवैध रूप से जमा करने का आरोप है। पुलिस को सूचना मिली थी कि नवद्वीप में साहा के घर के पास स्थित एक क्लब के कमरों में राहत सामग्री रखी गई है। इसके बाद, कृष्णानगर जिला पुलिस की टीम ने वहां छापेमारी की। तलाशी के दौरान क्लब भवन के 10 कमरों से बड़ी मात्रा में ट्रैम्पोलिन, कंबल और साड़ियां बरामद की गईं। छापेमारी की खबर फैलते ही बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौके पर पहुंच गए। लोगों ने आरोप लगाया कि राहत सामग्री को अवैध रूप से जमा कर खुले बाजार में बेचने की तैयारी की जा रही थी। इसके विरोध में साहा के घर के बाहर भी प्रदर्शन शुरू हो गया। प्रदर्शनकारियों का आरोप था कि इस पूरे मामले के पीछे नगरपालिका अध्यक्ष बिमान कृष्ण साहा की भूमिका है। स्थिति तनाव-पूर्ण होने पर अतिरिक्त पुलिस बल और केंद्रीय सशस्त्र बल के जवानों को तैनात किया गया। पुलिस ने साहा के घर को घेर लिया और सुबह करीब 3:40 बजे उन्हें हिरासत में लेकर वाहन से वहां से ले गई। हिरासत में लिए जाने के दौरान मौके पर मौजूद कुछ लोगों ने साहा के खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान कुछ लोगों ने उनकी ओर पानी की बोतलें और जूते भी फेंके। हालात को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को हल्का लाठीचार्ज करना पड़ा।

### इस्तीफे के कुछ घंटों बाद टिटागढ़ के पार्षद इनाम खान गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा**

उत्तर 24 परगना जिले के टिटागढ़ नगरपालिका के वार्ड 12 के पार्षद पद से इस्तीफा देने के कुछ घंटों बाद इनाम खान को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। खड़दह थाना पुलिस ने शुक्रवार की देर रात उन्हें टिटागढ़ स्थित उनके आवास से हिरासत में लिया। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, इनाम खान के खिलाफ धमकी देने, कथित तौर पर वसूली करने तथा अन्य अवैध गतिविधियों में संलिप्तता के आरोप लंबे समय से लगाए जाते रहे हैं। हालांकि, सत्तारूढ़ दल से जुड़े होने के कारण स्थानीय लोग खुलकर शिकायत करने से बचते थे। राजनीतिक परिस्थितियों में बदलाव के बाद उनके खिलाफ आवाजें तेज हुई हैं।

## भांगड़ को और मजबूत बनाने की तैयारी, विभिन्न थानों में 67 अधिकारियों की तैनाती

❑ **शांतनु सिन्हा विश्वास के करीबी पुलिस अधिकारियों का भी तबादला, लालबाजार का बड़ा प्रशासनिक फेरबदल**

**कोलकाता :** कानून-व्यवस्था को और अधिक मजबूत करने तथा संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस बल की क्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से कोलकाता पुलिस मुख्यालय लालबाजार ने बड़े पैमाने पर प्रशासनिक फेरबदल किया है। जारी आदेश के अनुसार विभिन्न रैंक के कुल 273 पुलिसकर्मियों और अधिकारियों का तबादला किया गया है। इनमें से 67 अधिकारियों और कर्मियों को विशेष रूप से भांगड़ डिवीजन के विभिन्न थानों में नियुक्त किया गया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार भांगड़ क्षेत्र को लेकर विशेष रणनीति तैयार की गई है। हाल के वर्षों में यह इलाका कई बार राजनीतिक तनाव, कानून-व्यवस्था संबंधी चुनौतियों तथा विभिन्न आपराधिक गतिविधियों को लेकर चर्चा में रहा है। इसी कारण यहां पुलिस बल की संख्या और प्रशासनिक निगरानी बढ़ाने का निर्णय लिया गया है।

जानकारी के मुताबिक, तबादला सूची में कोलकाता पुलिस वेलफेयर संगठन से जुड़े कुछ अधिकारियों के नाम भी शामिल हैं। इनमें शांतनु सिन्हा विश्वास के करीबी माने जाने वाले पुलिस अधिकारी रुहुल अमीन अली शाह भी हैं, जो अब तक कोलकाता पुलिस वेलफेयर के संयोजक के रूप में कार्यरत थे। उन्हें भी नए आदेश के तहत अन्य स्थान पर भेजा गया है। इसके अलावा पुलिस वेलफेयर से जुड़े कई अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों का भी भांगड़ सहित विभिन्न इकाइयों में स्थानांतरण किया गया है।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि यह कदम पूरी तरह प्रशासनिक आवश्यकता और बल के पुनर्गठन की नीति के तहत उठाया गया है। भांगड़ डिवीजन का क्षेत्रफल काफी बड़ा है और इसके अंतर्गत छह थाना क्षेत्र आते हैं। लेकिन क्षेत्र की तुलना में पुलिसकर्मियों की संख्या अपेक्षाकृत कम होने के कारण लंबे समय से अतिरिक्त बल की आवश्यकता महसूस की जा रही थी।

तबादला आदेश के अनुसार 34 सब-इंस्पेक्टरों में से 11 को भांगड़ डिवीजन भेजा गया है। इसके अलावा 62 असिस्टेंट सब-इंस्पेक्टरों में से 17 अधिकारियों का भी वहां तबादला किया गया है। सात महिला एएसआई में से एक महिला अधिकारी को भी भांगड़ में नियुक्त किया गया है।

इसी प्रकार 111 कांस्टेबलों में से 37 को भांगड़ डिवीजन में भेजा गया है। 17 महिला कांस्टेबलों में से एक महिला कांस्टेबल को भी वहां तैनात किया गया है। अनुबंध के आधार पर नियुक्त तीन पुलिस चालकों में से एक चालक को भी भांगड़ डिवीजन में स्थानांतरित किया गया है।

पुलिस मुख्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों का मानना है कि अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती से क्षेत्र में कानून-व्यवस्था की निगरानी और अधिक प्रभावी होगी। अपराध नियंत्रण, गश्त व्यवस्था, खुफिया निगरानी तथा आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली को भी इससे मजबूती मिलेगी।

सूत्रों के अनुसार यह प्रक्रिया यहीं समाप्त नहीं होगी। भविष्य में आवश्यकता के अनुसार भांगड़ डिवीजन में पुलिस बल की संख्या और बढ़ाई जा सकती है। लालबाजार का मानना है कि क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति, जनसंख्या घनत्व और सुरक्षा संबंधी आवश्यकताओं को देखते हुए अतिरिक्त संसाधनों की उपलब्धता बेहद जरूरी है।


इस बड़े पैमाने के तबादले को कोलकाता पुलिस के हालिया प्रशासनिक पुनर्गठन की महत्वपूर्ण कड़ी माना जा रहा है। प्रशासन का दावा है कि इसका उद्देश्य किसी व्यक्ति विशेष को निशाना बनाना नहीं, बल्कि पुलिस व्यवस्था को अधिक सक्षम, सक्रिय और परिणामोन्मुख बनाना है।


## लक्खी भंडार योजना में कथित फर्जीवाड़ा, रिषड़ा नगरपालिका के पार्षद पार्थ सारथी गुप्ता गिरफ्तार



**हुगली, समाज्ञा :** लक्खी भंडार योजना में कथित वित्तीय अनियमितता के मामले में रिषड़ा नगरपालिका के वार्ड 1 के पार्षद पार्थ सारथी गुप्ता उर्फ पप्पू गुप्ता को श्रीरामपुर थाने की पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में विजय साव नामक एक अन्य व्यक्ति को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, रिषड़ा नगरपालिका के वार्ड 1 की निवासी उर्मिला देवी ने हाल ही में श्रीरामपुर थाने में एक लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में उन्होंने आरोप लगाया था कि उनके नाम पर मिलने वाली लक्खी भंडार योजना की अनुदान राशि उनके बैंक खाते में जमा होने के बजाय किसी अन्य व्यक्ति के खाते में भेजी जा रही थी। मामले की जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि उर्मिला देवी के नाम पर मिलने वाली राशि कथित रूप से पार्षद के रिश्तेदार विजय साव के बैंक खाते में जमा हो रही थी। आरोप है कि पिछले लगभग चार वर्षों से योजना की रकम इसी खाते में स्थानांतरित की जा रही थी। शिकायत मिलने के बाद श्रीरामपुर थाने की पुलिस ने जांच शुरू की और सबसे पहले विजय साव को हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान मिली जानकारी और उपलब्ध दस्तावेजों के आधार पर पुलिस ने रिषड़ा नगरपालिका के पार्षद पार्थ सारथी गुप्ता को भी गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि इस कथित फर्जीवाड़े में और कौन-कौन लोग शामिल हैं तथा क्या इसी तरह के अन्य लाभार्थियों की राशि भी गलत खातों में भेजी गई है। जांच के लिए बैंक खातों, सरकारी रिकॉर्ड और संबंधित दस्तावेजों की बारीकी से जांच की जा रही है। फिलहाल, पुलिस दोनों आरोपितों से पूछताछ कर मामले की तह तक पहुंचने का प्रयास कर रही है।

# उड़ान श्रीभूमि के त्रि-दिवसीय श्री श्याम कथा महोत्सव का भव्य शुभारंभ, भक्तिमय माहौल में उमड़े श्रद्धालु





**कोलकाता, समाज्ञा**

उड़ान श्रीभूमि द्वारा आयोजित त्रि-दिवसीय श्री श्याम कथा महोत्सव का शुभारंभ अत्यंत भव्य एवं भक्तिमय वातावरण में हुआ। मंगल कलश एवं मोरछड़ी के साथ एक विशाल शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें महिलाओं, पुरुषों एवं युवा श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बाबा श्याम के जयघोष, भजन-कीर्तन एवं भक्तिरस वातावरण ने संपूर्ण क्षेत्र को श्याममय बना दिया। शोभायात्रा के उपरांत कथा स्थल पर भजन-कीर्तन के साथ भक्तिमय समा बंधा। तत्पश्चात विश्वविख्यात कथावाचक परम पूज्य श्री पप्पूजी शर्मा ने कथा का आरंभ किया।

व्यास पीठ का पूजन सज्जन सराफ, मनीष सराफ, द्वारका प्रसाद टेकरीवाल, आयुष अश्विन टेकरीवाल, कांता महेश अग्रवाल, बिमला तोड़ी, विक्की राजसिकेरिया आदि अनेक श्रद्धालुओं ने परिवार सहित किया। डिविनिटी हॉल में भारी भीड़ उमड़ पड़ी। आयोजकों को व्यवस्था बनाए रखने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। श्याम बाबा के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में भक्त पहुंचे और कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

विधाननगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक शारदवत मुखोपाध्याय एवं एयरपोर्ट डायरेक्टर बिक्रम सिंह कार्यक्रम में पधारे और व्यास पीठ से आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम के सहयोगियों में नवल सुल्तानिया, पंकज भालोटिया, गुड्डू सुरेका, कपिल अग्रवाल तथा प्रयास संस्था के श्याम अग्रवाल का योगदान सराहनीय रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में यजमान के रूप में संजय कंसल, दिनेश गोयल (बीका), सुरेश गरोड़िया, जितेश शर्मा, उत्तम अग्रवाल, गोपाल बांका, गोपाल तिबड़ेवाल, संजय पोद्दार, सुभाष अग्रवाल, गणेश अग्रवाल तथा कनोडिया जी , पप्पू गोयल निरंतर जुड़े रहे। श्याम भक्त ललित बरेवाल एवं सुशील गोयनका का संस्था को पूर्ण सहयोग एवं समर्थन प्राप्त हुआ।

कार्यक्रम का सफल संचालन संस्था की सभापति उमा झवर एवं लक्ष्मण अग्रवाल ने कुशलतापूर्वक किया। कार्यक्रम में उपस्थित विशिष्ट अतिथियों का परिचय संस्था की चेयरपर्सन किरण अग्रवाल ने अत्यंत गरिमापूर्ण एवं प्रभावशाली ढंग से कराया।

आशा दीपंकर जिंदल, मधु संजय अग्रवाल, प्रभा सुनील अग्रवाल, मनीषा जैन, नीतू मनोज अग्रवाल, सीमा विशाल अग्रवाल, शीतल मनोज अग्रवाल, निशु केजरीवाल, मनोज झावर, सुनीता मनोज अग्रवाल एवं अन्य सभी सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। साखी संजय सरावगी, खुशी शर्मा, सुनीता मनोज अग्रवाल, सुनीता प्रदीप अग्रवाल सभी सक्रिय रहे।

## 30 मिनट के भीतर सफाई की गारंटी' पहल के तहत आसनसोल मंडल का स्वच्छता जागरूकता अभियान सफलतापूर्वक संपन्न



**आसनसोल :** पूर्व रेलवे के आसनसोल मंडल द्वारा 30 मिनट के भीतर सफाई की गारंटी पहल के अंतर्गत चलाए गए स्वच्छता जागरूकता अभियान चरण-खख का शुक्रवार को सफलतापूर्वक समापन हो गया। 16 मई से 30 मई 2026 तक आयोजित इस अभियान का उद्देश्य रेलवे परिसरों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना, यात्रियों की भागीदारी सुनिश्चित करना तथा स्टेशन परिसरों को अधिक स्वच्छ और यात्री-अनुकूल बनाना था।

अभियान के दौरान मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर व्यापक स्वच्छता अभियान, जनजागरूकता कार्यक्रम और यात्रियों के साथ संवाद सत्र आयोजित किए गए। रेलवे अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने यात्रियों को कचरे के उचित निपटान, डस्टबिन के उपयोग, थूकने एवं गंदगी फैलाने से बचने तथा स्टेशन परिसरों, सर्कुलेटिंग एरिया और रेल पटरियों के आसपास स्वच्छता बनाए रखने के प्रति जागरूक किया। इस पूरे अभियान काल में स्वच्छता से संबंधित केवल चार शिकायतें प्राप्त हुईं और सभी शिकायतों का निर्धारित 30 मिनट की समय-सीमा के भीतर निस्तारण कर दिया गया। यह 30 मिनट के भीतर सफाई की गारंटी पहल की प्रभावशीलता और रेलवे प्रशासन की तत्परता को दर्शाता है।

अभियान के अंतिम दिन कुल्टी एवं मधुपुर स्टेशनों पर वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता (पर्यावरण एवं हाउसकीपिंग प्रबंधन) तथा स्वास्थ्य निरीक्षकों की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किए गए। वहीं आसनसोल, राजबांध, जामताड़ा, देवघर, जसीडीह, सिउड़ी और उखड़ा स्टेशनों पर संबंधित रेलवे अधिकारियों के मार्गदर्शन में जागरूकता कार्यक्रम संपन्न हुए। इसके अलावा, कुमारडुबी, रूपनारायणपुर, दुर्गापुर, पानागढ़, विद्यासागर, बैद्यनाथधाम, अंडाल और बासुकीनाथ स्टेशनों पर भी रेलवे अधिकारियों, स्वास्थ्य निरीक्षकों, वाणिज्य एवं परिचालन विभाग के कर्मचारियों, आरपीएफ कर्मियों तथा हाउसकीपिंग स्टाफ की सक्रिय भागीदारी रही। संवाद सत्रों के दौरान यात्रियों को 30 मिनट के भीतर सफाई की गारंटी पहल की जानकारी दी गई और स्वच्छता बनाए रखने में सक्रिय सहयोग का आह्वान किया गया। आसनसोल मंडल ने यात्रियों से रेलवे स्टेशनों को अपने घर के समान स्वच्छ रखने, डस्टबिन का उपयोग करने तथा जिम्मेदार नागरिक व्यवहार अपनाने की अपील की है। स्वच्छ, हरित और यात्री-अनुकूल रेलवे परिसर सुनिश्चित करने के लिए रेलवे कर्मचारियों और यात्रियों की साझा भागीदारी अत्यंत आवश्यक है।

### सोनारपुर में तालाब से मछली चुराने के आरोप में तृणमूल पार्षद गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** राजपुर-सोनारपुर नगरपालिका में बेहद चौंकाने वाली घटना सामने आई। शनिवार के तड़के पुलिस ने वार्ड 32 के तृणमूल पार्षद वरुण सरकार को गिरफ्तार किया। उन पर आरोप है कि वह अपने कुछ साथियों के साथ मिलकर स्थानीय लोगों के एक तालाब से जबरन मछली चोरी कर रहे थे। जैसे ही इसकी भनक स्थानीय ग्रामीणों को लगी, वे भारी संख्या में मौके पर जुट गए। गुस्साए ग्रामीणों ने पार्षद वरुण सरकार को घेरकर बंधक बना लिया और जमकर हंगामा किया। सूचना मिलने पर सोनारपुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और पार्षद को भीड़ के चंगुल से छुड़ाकर थाने ले आई, जिसके बाद चोरी के पुख्ता आरोपों के आधार पर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया।

प्रथम पृष्ठ का शेषांश

## सोनारपुर में अभिषेक बनर्जी पर फूटा जनता का गुस्सा...

❑ **ममता बनर्जी ने इलाज में बाधा का लगाया आरोप**

अस्पताल से निकलते समय उन्होंने आरोप लगाया कि ईस्टर्न मेट्रोपॉलिटन बाइपास और मिंटो पार्क, दोनों अस्पतालों ने राज्य प्रशासन के दबाव में अभिषेक बनर्जी को भर्ती करने और उचित इलाज देने से इनकार कर दिया। ममता ने संवाददाताओं से कहा कि मिंटो पार्क अस्पताल पर कोलकाता पुलिस के एक डिप्टी कमिश्नर का दबाव था कि अभिषेक को भर्ती न किया जाए। पहले चुनाव धांधली और गुंडागर्दी के जरिए जीते गए, फिर अभिषेक पर हमला कराया गया और अब इलाज भी नहीं होने दिया जा रहा है।

❑ **अभिषेक बनर्जी को मिली एक्स श्रेणी की सुरक्षा**

तृणमूल कांग्रेस के सांसद अभिषेक बनर्जी को राज्य पुलिस द्वारा एक्स श्रेणी की सुरक्षा प्रदान करने का निर्णय लिया गया है। सूत्रों के अनुसार, यह व्यवस्था तत्काल प्रभाव से लागू भी कर दी गई है। पहले की ममता सरकार के दौरान अभिषेक बनर्जी को जेड प्लस श्रेणी की सुरक्षा प्राप्त थी, लेकिन सत्ता परिवर्तन के बाद उनकी सुरक्षा व्यवस्था हटा दी गई थी। अब नई व्यवस्था के तहत उनके साथ हर समय तीन सुरक्षा कर्मी तैनात रहेंगे। राज्य पुलिस ने सुरक्षा आकलन के आधार पर यह फैसला लिया है।

❑ **यह घटना स्वस्थ लोकतांत्रिक समाज के लिए उचित नहीं : समिक भट्टाचार्य**

घटना की निंदा करते हुए प्रदेश भाजपा इकाई के अध्यक्ष समिक भट्टाचार्य ने कहा कि इस तरह की घटनाएं एक स्वस्थ और सामान्य समाज में वांछनीय नहीं हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भाजपा इसमें किसी भी तरह से शामिल नहीं थी। भट्टाचार्य ने कहा कि यह घटना वर्षों से 'उत्पीड़न' झेल रहे स्थानीय लोगों के गुस्से का नतीजा हो सकती है। उन्होंने कहा कि मैं यह नहीं बता सकता कि पुलिस वहां क्यों नहीं थी, यह प्रशासन का मामला है। मैं पार्टी से हूं। टीएमसी ने इन वर्षों में हमारे पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ जो किया है, उसका वर्णन नहीं किया जा सकता। हमें आज भी याद है कि उन्होंने रूपा गांगुली के साथ, दक्षिण 24 परगना जिले में हमारे नेताओं के साथ क्या किया था।

# क्यों नहीं हैं बच्चों के संबंध माता-पिता से संवेदनशील

चेतन चौहान



आजकल पारिवारिक जीवन मूल्यों में तेजी से बदलाव आ रहा है। भौतिकवादी आधुनिक संस्कृति हमारे समाज व परिवार में इस कदर कड़वाहट घोल रही है कि छोटे से छोटे परिवार में भी विघटन हो रहा है। नये मूल्यों के स्थापित होने से घर में ही माता-पिता से उनके ही पुत्र - पुत्रियों के बीच तालमेल व वैचारिक एकता का अभाव स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है।

आज की आधुनिक सभ्यता अपने और सिर्फ अपने लिए ही जीना सिखा रही है। इसी सोच के चलते अब संयुक्त परिवारों में बिखराव की स्थिति बन गई है। जीवन मूल्यों की प्रथा के तो केवल मात्र अवशेष ही रह गये हैं।

विचारों की भिन्नता व आधुनिकता की होड़ में कोई भी माता-पिता चाहकर भी अपने बच्चों को उन उच्च आदर्शों से अवगत नहीं करा पा रहे हैं जो उन्हें अपने बड़े-बूढ़ों से विरासत में मिले थे। युवा होते बच्चे घरवालों के उपदेश कतई सुनने को तैयार नहीं होते बल्कि वे स्वतंत्र विचारों व बाह्य चकाचौंध के ही कायल रहना चाहते हैं, विशेषकर उन परिवारों में जहां बच्चों के माता-पिता स्वयं नौकरीपेशा हैं। उन्हें तो पता ही नहीं चल पाता कि उनके बच्चे अपने जीवन में क्या कर रहे हैं?

ऐसे में बच्चों से ठीक से न तो बातचीत हो पाती है व न ही आपस में तारतम्य बैठ पाता है। भले ही माता-पिता ड्यूटी से आकर घर पर रहें लेकिन वे यदि बच्चों से जरा भी कुछ पूछते हैं तो उनके व्यवहार में बदलाव पाकर जरा भी संतुष्ट नहीं होते। जरा-जरा सी बात पर कॉलेज में पढ़ने वाले युवा बेटी-बेटा तेज-तर्रार व्यवहार से बस सुनाने के ही मूड में रहते हैं। ऐसा इसलिए कि वे अपनी निजी जिन्दगी में किसी भी प्रकार का हस्तक्षेप पसन्द नहीं करते।

तब ऐसा लगता है कि वे दिशाहीन हो गये हैं व इनमें मानव संवेदनाएं समाप्त होती जा रही हैं। यही वजह है कि आज माता-पिता और बच्चों के संबंध पहले जैसे संवेदनशील नहीं रहे हैं? जिन बच्चों के जीवन में संवेदनाहीन वातावरण होगा, वे आगे चलकर रिश्तों के महत्व को हरगिज नहीं जान पायेंगे व समाज से अलग-थलग हो कर कटे-कटे से रहेंगे।

ऐसे गैर व्यवहार व संबंधों की अनदेखी करने वाले युवक-युवतियां जीवन की जटिलता को नहीं समझ पाते हैं बल्कि वे जीवन में भटकाव की ओर ही बढ़ते हैं। बगैर ठोस सोच व नकारात्मक रवैय्ये से ये अपना ध्यान गलत संबंधों, आदतों व व्यवहारों पर ही केन्द्रित कर लेते हैं। फिर वे न तो माता-पिता की परवाह करते हैं व न ही उन्हें सुनना पसंद करते हैं।

यह ठीक है कि आजकल सभी बराबरी का दर्जा चाहते हैं लेकिन इसका तात्पर्य यह तो नहीं कि जिस माता-पिता ने बचपन में तमाम मुश्किलें व परेशानियां झेल कर बच्चों को पाला-पोसा, स्नेह दिया, आज वे ही इतने संवेदनहीन हो जायें कि माता-पिता की उनसे लगी तमाम आशाएं निराशाओं में बदलने लग जायें? निश्चय ही यह स्थिति करूणा एवमं मूलभूत मानवीय संबंधों के टूटने का भाग्यहीन नजारा है। इससे जीवन में जहां विषमताएं बढ़ने लगती हैं वहीं अपनी कोख से जन्मे बच्चों के प्रति माता-पिता की नकारात्मक सोच भी बनने लगती है जो अंततः अलगाव व विरक्ति में परिणित हो जाती है।

कोई भी माता-पिता अपने बच्चों के दुःख दर्द, उन पर होने वाले अन्याय को बर्दाश्त नहीं करते लेकिन जब बच्चे उनसे व्यवहार के तौर पर संवेदनहीन होने लगें तो निश्चय ही इसकी चुभन को वे महसूस करते हैं। माना कि नई व पुरानी पीढ़ी में विचारों को लेकर द्वंद्व है जिससे मनमुटाव संभव है किन्तु उन प्रगाढ़ संबंधों व खून के रिश्तों को कम से कम इतना तो सफेद नहीं होने देना चाहिए कि बच्चे अपना फर्ज ही भूल बैठें।

आधुनिकता की अंधी होड़ में सब कुछ भूलकर जो पराकाष्ठा की सीमा रेखा पार करने की कोशिश करता है, उसका नैतिक पतन शीघ्र ही होने लगता है। यही वजह है कि आजकल भले ही हमारे समाज में पढ़े लिखे युवा-युवतियों की एक विशाल जमात है लेकिन दोहरे मानदण्ड व प्रगाढ़ संबंधों की अनदेखी करने वाले सदैव उस स्थिति में पहुंच जाते हैं जहां वे न घर के और न घाट के रह जाते हैं।

आवश्यकता इस बात की है कि युवक-युवतियां आधुनिकता की होड़ व अंधी गली में पांव रखने से पूर्व इतना अवश्य सोचें कि वे भी किसी परिवार के महत्त्वपूर्ण अंग हैं। अपनों की ही उपेक्षा कर दूसरों को ही महत्त्व देते फिरें तो यह उपेक्षा स्वयं के पांवों पर ही कुल्हाड़ी मारने जैसी साबित होगी। (उर्वशी)

# दहेज करे कोई, भरे कोई

सोनी मल्होत्रा



भारतीय समाज की सबसे बड़ी कुरीति 'दहेज' है। जिसको लड़की के लिए प्रारंभ से ही अभिशाप माना गया, उसी को वधू पक्ष बढ़ावा दे रहा है।

आज वर पक्ष को अपने हाथ फैलाने की जरूरत ही नहीं। वधू पक्ष इतना समझदार हो गया है कि बिन मांगे ही वह वर पक्ष को इतना कुछ दे देता है कि लड़के वालों की आंखें चकाचौंध हो जाती हैं और उनके लालच और बढ़ जाते हैं। इसका परिणाम सब लड़की वालों को भुगतना पड़ता है।

वर पक्ष से आए बाराती जब इन उपहारों को देखते हैं तो उनकी आकांक्षाएं भी अपनी आने वाली बहू से बढ़ जाती हैं। इसके लिए वे ऐसे समृद्ध परिवारों को ढूंढते हैं जो उनकी आकांक्षाओं की पूर्ति कर सकें। इसके परिणामस्वरूप वे माता-पिता जो ऐसे उपहार देने में असमर्थ हैं, उन्हें एक अच्छा वर तलाशने में बहुत मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। तंग आकर (मजबूरन) उन लोगों को भी कर्ज उठाकर अपनी बेटी का विवाह शानो-शौकत से करना पड़ता है और उपहार भी देने पड़ते हैं चाहे सारी जिंदगी वे उस कर्ज की अदायगी में पिसते रहें।

दहेज में दिए जाने वाले उपहारों की संख्या भी कुछ कम नहीं है। स्कूटर भला कोई देने की चीज है। अब तो बड़ी कारें उसका स्थान ले चुकी हैं। इसके अलावा फ्रिज, टी.वी., वी.सी.आर, एअर कंडीशनर, सीडी प्लेयर, वाशिंग मशीन, प्लाट, फ्लैट, ज्वैलरी, सोफा सेट, पलंग, टेबल, सेंट्रल टेबल, डाइनिंग टेबल और इसके साथ अगर नकद राशि भी हो जाए तो क्या कहना।

एक तरह से एक घर बनाने में जितनी वस्तुओं की जरूरत होती है वह सब घर समेत और इस बात की भी गारंटी नहीं कि यह सब लेकर भी वर पक्ष संतुष्ट है या नहीं। इन सभी कारणों से लड़के वालों के मुंह खुल रहे हैं परन्तु इन सब को बढ़ाने का जिम्मेदार भी कन्या पक्ष है। कुछ लोगों की गलतियों के कारण न जाने कितनी लड़कियों को बिना गलती के ही सजा भुगतनी पड़ती है।

और तो और, आज लड़की भी यह चाहती है कि उसे भी यह दहेज रूपी उपहार मिले ताकि ससुराल में उसकी इज्जत बढ़े और यह न सुनना पड़े कि फ्लां लड़की दहेज में कार लायी थी और वह नहीं लायी। लड़के वालों को यह समझना चाहिए कि लड़की स्वयं ही एक अनमोल उपहार है तो फिर उसके होते इन सब की क्या जरूरत। कन्या पक्ष वालों को भी चाहिए कि उपहार के रूप में वह अपनी बेटी को ऐसे संस्कार दें जिससे कि वह अपने घर को सुघड़ता से चला सके और

# बातचीत का रास्ता बन्द न करें

चन्द्र प्रभा सूद



लड़-झगड़कर मुँह फुलाकर अलग-थलग होकर बैठ जाना अथवा अपने-अपने रास्ते चल देना किसी भी समस्या का हल नहीं होता। समस्या का समाधान आपस में मिल-बैठकर किया जाता है, यानी कोशिश यही रहनी चाहिए कि बातचीत का रास्ता बन्द न हो। बातचीत अक्सर किसी रिश्ते में तनाव, नाराजगी या मतभेदों के कारण बन्द होती है। इसे खत्म करने के लिए सामने वाले की पसन्द की बातों में रुचि लेना, बोरिंग बातें शुरू कर उन्हें ऊबा देना, या शान्त माहौल में सीधे संवाद शुरू करना जैसे तरीके अपनाए जा सकते हैं।

यदि सम्भव हो तो सामने वाले व्यक्ति से सीधे पूछना चाहिए कि क्या हुआ है? और उन्हें अपनी बात रखने का मौका दिया जाए। कभी-कभी 'ओह ठीक है' जैसी संक्षिप्त प्रतिक्रियाएँ बातचीत को बन्द करने का संकेत दे सकती हैं जो वास्तव में कभी-कभी अशिष्ट लग सकता है। बातचीत बन्द होने पर उसे फिर से शुरू करना या उसे खत्म करना मनुष्य की स्थिति और सामने वाले व्यक्ति के साथ उसके सम्बन्धों पर निर्भर करता है। जब परिवार में कोई सदस्य बातचीत बन्द कर देता है तो यह तनावपूर्ण हो सकता है। धैर्य से उसे सुलझाया जा सकता है।

सम्बन्धों में कितनी भी कटुता क्यों न आ जाए, उनसे किनारा नहीं किया जा सकता। देर-सवेर उन्हें सुधारना ही पड़ता है। जब सब कुछ बिगड़ जाता है तब उन्हें जोड़ने पर एक गाँठ-सी पड़ जाती है। बाद में यही कहकर उन्हें भूलना होता है कि 'पुरानी बातों पर मिट्टी डालो और उन्हें भूल जाओ।' बड़े-बुजुर्ग गलत नहीं कहते। मिल-जुलकर, एक होकर रहने की शक्ति से हम सभी परिचित हैं।

समाज में, अपने आस-पड़ोस में, अपने कार्यक्षेत्र में अर्थात् हर स्थान पर यदाकदा मनमुटाव हो जाते हैं। हर व्यक्ति के विचार, उसकी सोच, उसके कार्य करने का तरीका सब अलग-अलग होते हैं। इसलिए ऐसा होना स्वाभाविक होता है, इससे कोई इन्कार नहीं कर सकता। इसका यह अर्थ कदापि नहीं हो सकता कि तब उस व्यक्ति विशेष से हम शत्रुता मोल ले बैठें। समय बीतते हमारी यही कटुता पीढ़ी-दर-पीढ़ी की दुश्मनी बन जाए, जिसका अन्त सुखद कम और दुखद अधिक होता है। इससे किसी का हित नहीं साधा जा सकता है। प्रायः प्रायः व्यवहार में हम देखते हैं।

दो लोगों या समूहों में भी यदि कभी झगड़े की स्थिति बनती है और थाना-पुलिस अथवा कोर्ट-कचहरी में जाने की नौबत आ जाती है तब भी अन्ततः समझौता ही करना पड़ता है। दोनों पक्षों को शेक हेंड करके ही मुक्ति मिलती है।

अपने घर में बच्चों के झगड़े होते ही रहते हैं। तब हम उन्हें गले मिलवाकर एक-दूसरे सॉरी कहलवा देते हैं। यानि कि उनमें समझौता हो जाता है और बच्चों के साथ-साथ हम भी खुश हो जाते हैं। उन्हें हम यही शिक्षा देते हैं कि झगड़ा मत करो, प्यार से रहो, गलती हो जाने पर माफी माँग लो और मिलकर रहो। बच्चों को हम सीख दे देते हैं और उनका कोमल मन हमारे प्रति सम्मान के कारण उसे मान लेता है।

जब हम बड़ों की बारी आती है तो हमारा अहं आड़े आ जाता है। हम दूसरों को दी हुई अपनी ही सीख को भूलकर अक्खड़ या हठी बन जाते हैं। बच्चे यदि हमारी बात को अनसुनी करना चाहते हैं तो उन्हें डपटकर, हम अपनी बात मनमवाते हैं। उनके समक्ष स्वयं क्या उदाहरण रखते हैं? घर-परिवार में होने वाले झगड़े प्रायः गलतफहमियों अथवा गलत फैसलों के कारण होते हैं। जिस प्रकार नाखूनों से माँस को कभी अलग नहीं किया जा सकता, उसी प्रकार भाई-बन्धुवों से पूर्वाग्रह के कारण किनारा नहीं करना चाहिए। सयाने कहते हैं 'अपना मारेगा भी तो छाया में फैंकेगा।' रिश्तों के धागों को मजबूती से पकड़े रहना चाहिए, उन्हें तोड़ना नहीं चाहिए। फिर जब जोड़ने का समय आता है तो मन में एक कसक रह जाती है। कभी-कभी यह अहसास हो जाता है कि बिना किसी की खास गलती के इतने समय तक हम एक-दूसरे को दोषी मानकर कोसते रहे।

हम राजनैतिक कूटनीति पर नजर डालें तो देखते हैं कि युद्ध के बाद भी दो देशों को आखिर समझौता ही करना पड़ता है। वहाँ पर दुश्मनी के बाद भी बातचीत बन्द नहीं की जाती।

अपना व्यवहार ऐसा रखना चाहिए कि उससे किसी का अहित न हो। बातचीत का रास्ता हमेशा खुला रखना चाहिए। अपनी हठधर्मिता को त्यागकर और मिल-बैठकर सदा ही सकारात्मक समझौते होते हैं। उनका मान रखने से सबको प्रसन्नता होती है जो अमूल्य होती है। अपनों का साथ बड़े ही भाग्यशालियों को मिलता है। इस सौभाग्य को दुर्भाग्य में बदलने से सबको बचना चाहिए।

# गर्मियों में रहे त्वचा निखरी-निखरी

सोनी मल्होत्रा



गर्मी की शुरूआत हुई नहीं कि त्वचा खिंची-खिंची, मुरझाई हुई नजर आने लगती है और जब शुरूआत में ही त्वचा इतनी प्रभावित होती है तो बाद में तो त्वचा पर गर्मी के प्रभाव का अनुमान लगाया ही जा सकता है। सूर्य की झुलसती धूप त्वचा को झुलसा देती है और सन बर्न, सन टैन हो जाना एक आम बात है। यही नहीं, सूर्य की यू. वी. ए और यू. वी. बी. किरणों से त्वचा कैंसर भी हो सकता है। यही किरणें बढ़ती उम्र की रेखाओं को भी उभारती हैं, इसलिए अपनी त्वचा के प्रति लापरवाही न बरत कर थोड़ा सा समय त्वचा की देखभाल के लिए भी निकालें ताकि आपकी त्वचा आभावान व कोमल रहे।

- सूर्य की यू. वी. ए और यू. वी बी किरणों से रक्षा के लिए सर्दियां हों या गर्मियां, बाहर निकलते वक्त सनस्क्रीन लगाना न भूलें। सूरज की हानिकारक किरणें गर्मियों में जितनी प्रबल होती हैं, सर्दियों में भी उतनी ही हानिकारक होती हैं। किरणें त्वचा के सहायक तत्वों और कोमलता को नुकसान पहुंचाती हैं जिससे त्वचा की प्राकृतिक आभा क्षीण पड़ने लगती है और त्वचा असमय ही झुर्रियों का शिकार बन सकती है।
- स्नान के पश्चात् न केवल चेहरे पर बल्कि शरीर के अन्य भागों पर माश्चराइजर लगाना न भूलें। इससे त्वचा की स्वाभाविक चमक बरकरार रहेगी व प्राकृतिक नमी बनी रहेगी।

त्वचा को रूखेपन से बचाने के लिए पानी खूब पिएं। दिन में कम से कम आठ गिलास पानी अवश्य पियें।

चेहरे को साबुन से न साफ करें। किसी अच्छे फेसवॉश या प्राकृतिक प्रसाधन दही, बेसन-दूध के मिश्रण, दूध से साफ करें। चेहरे को पोंछते समय तौलिए से रगड़ें नहीं बल्कि तौलिए से हल्के हाथों से थपथपाएं। इससे त्वचा पर खिंचाव नहीं आएगा।


- चेहरे की त्वचा के साथ-साथ बांहों, हाथों, गर्दन की त्वचा को अनदेखा न करें क्योंकि ये अंग ज्यादातर खुले रहते हैं व धूप के संपर्क में आते हैं, इसलिए इन पर नहाने के पश्चात बॉडी लोशन या माश्चराइजर लगाएं और सनस्क्रीन का प्रयोग भी अवश्य करें।
- दिन में अगर आप बाहर जा रही हैं तो एक गीला रूमाल अपने साथ रखें। थोड़े-थोड़े समय पश्चात् इससे चेहरा साफ करती रहें। इससे चेहरे को ठंडक भी मिलती रहेगी व चेहरे से धूल कण व मैल भी साफ होती रहेगी।
- बाहर जाते समय धूप का चश्मा लगा कर व छाता लेकर जाएं।

गर्मियों में चाय व काफी का अधिक सेवन न करें।

- गर्मियों में कभी भी क्रीमी सौंदर्य प्रसाधनों का प्रयोग न करें क्योंकि ये आपकी त्वचा को और चिपचिपा बनाते हैं।
- गर्मियों में पसीने से बचाव के लिए डिओडोरेंट का प्रयोग करें। इससे आप फ्रेश महसूस करेंगी।
- त्वचा में सही रक्तसंचार, नमी व कसाव बनाए रखने के लिए रात्रि को सोने से पूर्व किसी अच्छी पोषक नरिशिंग क्रीम से त्वचा की मालिश करें।
- त्वचा पर बहुत अधिक कृत्रिम सौंदर्य प्रसाधनों का प्रयोग न करें। प्राकृतिक सौंदर्य प्रसाधनों का प्रयोग त्वचा पर बुरा प्रभाव नहीं डालता।

संतुलित आहार का सेवन करें। हरी सब्जियां, जूस, दालों, फलों का अधिक सेवन करें ताकि ये त्वचा को आंतरिक पोषण दे सकें। (उर्वशी)

# स्वर्ग की खोज



महाराज कृष्णदेव राय अपने बचपन में सुनी कथा अनुसार यह विश्वास करते थे कि संसार-ब्रह्मांड की सबसे उत्तम और मनमोहक जगह स्वर्ग है। एक दिन अचानक महाराज को स्वर्ग देखने की इच्छा उत्पन्न होती है, इसलिए दरबार में उपस्थित मंत्रियों से पूछते हैं, बताइए स्वर्ग कहाँ है?

सारे मंत्रीगण सिर खुजाते बैठे रहते हैं पर चतुर तेनालीराम महाराज कृष्णदेव राय को स्वर्ग का पता बताने का वचन देते हैं। और इस काम के लिए दस हजार सोने के सिक्के और दो माह का समय मांगते हैं। महाराज कृष्णदेव राय तेनालीराम को सोने के सिक्के और दो माह का समय दे देते हैं और शर्त रखते हैं कि अगर तेनालीराम ऐसा न कर सके तो उन्हे कड़ा दंड दिया जाएगा। अन्य दरबारी तेनालीराम की कुशलता से काफी जलते हैं। और इस बात से मन ही मन बहुत खुश होते हैं कि तेनालीराम स्वर्ग नहीं खोज पाएगा और सजा भुगतेगा।

दो माह की अवधि बीत जाती है, महाराज कृष्णदेव राय तेनालीराम को दरबार में बुलवाते हैं। तेनालीराम कहते हैं कि उन्होंने स्वर्ग ढूंढ लिया है और वे कल सुबह स्वर्ग देखने के लिए प्रस्थान करेंगे। अगले दिन तेनालीराम, महाराज कृष्णदेव राय और उनके खास मंत्रीगणों को एक सुंदर स्थान पर ले जाते हैं। जहां खूब हरियाली, चहचहाते पक्षी, और वातावरण को शुद्ध करने वाले पेड़ पौधे होते हैं। जगह का सौंदर्य देख महाराज कृष्णदेव राय अति प्रसन्न होते हैं। पर उनके अन्य मंत्रीगण स्वर्ग देखने की बात महाराज कृष्णदेव राय को याद दिलाते रहते हैं। महाराज कृष्णदेव राय भी तेनालीराम से उसका वादा निभाने को कहते हैं। उसके जवाब में तेनालीराम कहते हैं कि जब हमारी पृथ्वी पर फल, फूल, पेड़, पौधे, अनंत प्रकार के पशु, पक्षी, और अद्भुत वातावरण और अलौकिक सौन्दर्य है। फिर स्वर्ग की कामना क्यों? जबकि स्वर्ग जैसी कोई जगह है भी इसका कोई प्रमाण नहीं है।

महाराज कृष्णदेव राय को चतुर तेनालीराम की बात समझ आ जाती है और वो उनकी प्रसंशा करते हैं। बाकी मंत्री जलन के मारे महाराज को दस हज़ार सोने के सिक्कों की याद दिलाते हैं। तब महाराज कृष्णदेव राय तेनालीराम से पूछते हैं कि उन्होंने उन सिक्को का क्या किया?

तब तेनालीराम कहते हैं कि वह तो उन्होंने खर्च कर दिये! तेनालीराम कहते हैं कि आपने जो दस हजार सोने के सिक्के दिये थे उनसे मैंने इस जगह से उत्तम पौधे और उच्च कोटि के बीज खरीदे हैं। जिनको हम अपने राज्य विजयनगर की जमीन में प्रत्यर्पित करेंगे; ताकि हमारा राज्य भी इस सुंदर स्थान के समीप आकर्षक और उपजाऊ बन जाए।

महाराज इस बात से और भी प्रसन्न हो जाते हैं और तेनालीराम को ढेरों इनाम देते हैं। और एक बार फिर बाकी मंत्री अपना सा मुंह ले कर रह जाते हैं!

## रेसिपी कार्नर — स्प्रिंग रोल

आपका Kitchen

### जरूरी सामग्री

- मैदा – 1 कप
- उबले हुए नूडल्स – 1 कप
- पत्ता गोभी – 1 कप बारीक कटी
- गाजर – 1 बारीक कटी
- शिमला मिर्च – 1 बारीक कटी
- प्याज – 1 कटा हुआ
- सोया सॉस – 1 चम्मच
- चिली सॉस – 1 चम्मच
- काली मिर्च – आधा चम्मच
- नमक – स्वादानुसार
- तेल – तलने के लिए

### 1. शीट तैयार करें

नूडल्स स्प्रिंग रोल बनाने की शुरुआत इसकी शीट से होती है, जो इसका बेस होती है।

इसके लिए एक बाउल में मैदा लें और उसमें थोड़ा नमक मिलाएं।

अब धीरे-धीरे पानी डालते हुए इसका पतला और स्मूद घोल तैयार करें, ताकि उसमें कोई गुठली न रहे।

तवा हल्का गर्म करें और उस पर थोड़ा तेल लगाकर फैला दें।

अब एक कलछी घोल डालकर पतली रोटी जैसी शीट बनाएं।

इसे धीमी आंच पर हल्का पकने दें, ताकि यह फटे नहीं और रोल बनाने के लिए मजबूत रहे।

### 2. स्टफिंग बनाएं

स्टफिंग स्प्रिंग रोल का सबसे स्वादिष्ट हिस्सा होता है।



एक पैन में थोड़ा तेल गर्म करें और उसमें बारीक कटा प्याज डालकर हल्का सुनहरा होने तक भूनें।

इसके बाद गाजर, पत्ता गोभी और शिमला मिर्च डालकर तेज आंच पर क्रंची रहने तक पकाएं।

अब इसमें पहले से उबले हुए नूडल्स डालें और अच्छे से मिक्स करें।

स्वाद बढ़ाने के लिए इसमें सोया सॉस, चिली सॉस, नमक और काली मिर्च डालें और 2-3 मिनट तक अच्छे से भून लें, ताकि सारे फ्लेवर एक साथ मिल जाएं।

### 3. रोल तैयार करें

अब तैयार शीट को साफ सतह पर रखें और उसमें तैयार नूडल्स वाली स्टफिंग को बीच में रखें।

ध्यान रहे कि स्टफिंग ज्यादा न हो, वरना रोल टूट सकता है।

अब शीट को धीरे-धीरे रोल की तरह मोड़ें और किनारों को मैदा-पानी के घोल से अच्छे से चिपका दें, ताकि तलते समय खुल न जाए।

### 4. फ्राई करें

कढ़ाई में तेल अच्छी तरह गर्म करें, लेकिन ज्यादा धुआं न उठे।

अब तैयार रोल्स को धीमी से मध्यम आंच पर डालकर सुनहरा और क्रिस्पी होने तक तलें।

अगर आप हेल्दी विकल्प चाहते हैं, तो इन्हें एयर फ्रायर में भी हल्का तेल लगाकर क्रिस्पी किया जा सकता है।

गरमा-गरम नूडल्स स्प्रिंग रोल को प्लेट में निकालें और इसे टमाटर केचअप, चिली सॉस या मेयोनीज के साथ सर्व करें।

## बाल कथा

# कथनी और करनी

परशुराम बंसल

नगर के बाहर एक बाग था। बाग में प्राचीन विशाल शिव मंदिर था। वहां रोज पांच मित्र आकर बैठते और अपने दुख सुख की बातें करते थे। उन पांच में से दो मित्र तो असमर्थ थे और तीन शारीरिक रूप से अपंग थे।

एक दिन उन्होंने बातों ही बातों में अपनी-अपनी मजबूरी पर रोना शुरू कर दिया। उनको ईश्वर से शिकायत थी कि उसने उन्हें अपंगता और असमर्थता प्रदान करके उनके साथ घोर अन्याय किया है। यदि औरों की तरह उन्हें भी समर्थ बनाया होता तो वे भी अपने हृदय में दम तोड़ती इच्छाओं को पूरी करते और समाज का बड़ा कल्याण करते।

उनमें से सबसे पहले अंधा साथी बोला-'सुना है आजकल बड़े पाप हो रहे हैं। चारों ओर हिंसा, द्वेष और व्यभिचार का बोलबाला है। यदि भगवान ने मुझे भी नेत्र दिये होते तो मैं कभी भी बुराई न पनपने देता। सही काम करता और दूसरों को भी सही काम करने की शिक्षा देता।'

अंधे के साथ बैठा व्यक्ति जो कुबड़ा होने के साथ-साथ लंगड़ा भी था, बोला-'अगर मुझे भी परमात्मा ने स्वस्थ और निर्दोष शरीर प्रदान किया होता तो लोगों की भलाई के मैं ऐसे ऐसे काम करता कि लोग मेरी खूब प्रशंसा करते और सम्मान देते।'

तीसरा दुबला-पतला बीमार सा व्यक्ति कराहते हुए बोला-'यदि मैं बलशाली होता तो समाज के अत्याचारियों को ऐसा सबक सिखाता कि आगे से वे किसी पर जुल्म ढाने का दुस्साहस न करते।'

चौथा व्यक्ति कंगाल था। उसने कहा-'अगर परमेश्वर ने मुझे खूब धन दौलत दी होती तो मैं दीन दुखियों, अपाहिजों और असहायों की दिल खोलकर सहायता करता और उन्हें किसी तरह की कमी न रहने देता।'

पांचवा व्यक्ति मूर्ख था, बोला-'यदि भगवान ने मेरे मस्तिष्क में ज्ञान का भंडार भर दिया होता तो सच कहता हूं कि मैं संसार में ज्ञान की गंगा बहा देता। लोगों में प्यार और भाईचारे की भावना जाग्रत करता।'

संयोग की बात है उसी समय उस ओर से शिव पार्वती कहीं जा रहे थे। कुछ देर के लिये वे मन्दिर में विश्राम करने के लिये रूक गये। मां पार्वती ने उन पांचों की बात सुनी। उन्होंने भगवान शिव से कहा- 'स्वामी, सामने बैठे इन पांचों व्यक्तियों के विचार आपने भी सुने। कितने उत्तम विचार हैं। समाज के प्रति इनमें कुछ करने की लगन है परन्तु अपनी असमर्थता और अपंगता के कारण ये विवश हैं। आप तो करूणासागर हैं। इन्हें इच्छित आर्शीवाद देकर समर्थता प्रदान कीजिये। ये अच्छे समाज के निर्माण में अपना सहयोग प्रदान कर सकेंगे।'

पार्वती जी की बात सुनकर शिव जी तनिक मुस्कराये और बोले-'देवी! अब समय बदल चुका है। जैसा तुम सोच रही हो, वैसा अब नहीं है। अब मानव की कथनी और करनी में बड़ा अंतर है। वह जो कहता है उसे करता नहीं है। हर कोई अपनी स्वार्थसिद्धि के पीछे है। कोई किसी के कल्याण की नहीं सोचता, सभी को अपनी पड़ी है।

किंतु पार्वती जी नहीं मानी। उन्होंने उन पांचों व्यक्तियों को इच्छित स्थिति प्रदान करने के लिये हठ पकड़ ली। शिवजी को झुकना ही पड़ा। 'ठीक है जैसी तुम्हारी इच्छा।' कहकर उन्होंने पांचों की मनोकामना पूरी होने का वरदान दे दिया। देखते ही देखते सबकी इच्छा फलीभूत हो गई। अंधे को नेत्र, कुबड़े लंगडे को स्वस्थ शरीर, कंगाल को धन दौलत, निर्बल को शक्ति तथा मूर्ख को ज्ञान का भंडार मिल गया। जब परिस्थिति बदली तो उनके विचार भी बदल गये। अंधा दुनियां की चकाचौंध देखकर ठगा-सा रह गया। अंधी आंखें जो अब तक दुनियां के अद्भुत नज़ारों से अनजान थी, वह उन्हें तृप्त करने में लग गया। वासनाओं ने उसे घेर लिया।

कुबड़ा लंगड़ा पुरुष स्वस्थ और सुन्दर शरीर का मालिक बन गया। अब तक दुनियां उसके लिये एक निश्चित स्थान तक ही सिमटी हुई थी परन्तु अब कूबड़ और पैर दोनों ठीक हो गये थे। वह सैर सपाटे के लिये लंबी यात्रा पर निकल पड़ा। घूमने फिरने और दुनियां देखने के अलावा उसके पास दूसरे कामों के लिये समय ही नहीं था।

धनी व्यक्ति अपने लिये कार कोठी, सुन्दर पत्नी और दूसरे ठाट बाट जुटाने और व्यवसाय को बढ़ाने में उलझ गया।

बलवान व्यक्ति अपनी शक्ति के घमंड में दूसरों को आंतकित करके उनसे धन ऐंठने लगा। विद्वान व्यक्ति अपनी बुद्धि और चतुराई के बल पर लोगों को उल्लू बनाकर उनसे मुंहमांगा पैसा लेने लगा। कुछ समय पश्चात् शिव पार्वती फिर उस नगर से होकर गुजरे। अचानक नीलकंठेश्वर को उन पांचों व्यक्तियों का ध्यान हो आया। वे पार्वती जी से बोले- 'देवी, उन अपंग और असमर्थ लोगों की करनी को नहीं देखोगी जो इच्छित स्थिति पाने पर बड़े-बड़े कार्य करने की प्रतिज्ञा कर रहे थे?'

'अवश्य स्वामी, देखें उन्होंने प्रतिज्ञा किस ढंग से निभाई है?' पार्वतीजी बोली।

लेकिन जब पार्वती जी ने देखा कि बड़ी-बड़ी डींगें हांकने वाले सब कुछ भूलकर केवल अपनी स्वार्थ पूर्ति में लगे हुए हैं तो उन्हें बड़ा पछतावा और दुख हुआ।

पार्वती जी को इस तरह दुखी देखकर शिवजी बोले-'देवी, दुखी होने की आवश्यकता नहीं है। ये पांचों व्यक्ति ही केवल ऐसे नहीं हैं जो अपने वचन से फिर गये हों। यहां देश के कर्णधार भी ऐसे ही हैं। वे भी कहते कुछ और करते कुछ और हैं। दया, धर्म, प्रेम और भाईचारा तो धीरे-धीरे लुप्त हो रहा है। बस अब तो पनप रहा है स्वार्थ, हिंसा और आतंकवाद।' (उर्वशी)

## टीसीएस नासिक मामला: निदा खान की जमानत याचिका पर सुनवाई टली

**नासिक :** नासिक की एक अदालत ने टीसीएस की नासिक इकाई में कथित यौन उत्पीड़न और जबरन धर्म परिवर्तन से जुड़े मामले में आरोपी निदा खान की जमानत याचिका पर सुनवाई शनिवार को 12 जून तक के लिए स्थगित कर दी। निदा खान को छत्रपति संभाजीनगर से गिरफ्तार किया गया था। उसे 11 मई को 24 मई तक के लिए न्यायिक हिरासत में भेजा गया था। बाद में उसकी हिरासत बढ़ा दी गई और उसकी जमानत याचिका पर सुनवाई 30 मई को निर्धारित की गई थी। शनिवार को अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश के. जी. जोशी (नासिक रोड) ने जमानत याचिका पर अगली सुनवाई के लिए 12 जून की तारीख निर्धारित की। निदा खान के साथ ही, आरोपी दानिश शेख और तौसीफ अत्तार की जमानत याचिकाओं पर भी उसी दिन सुनवाई होगी।

## सरकार ने शिकायत निवारण के लिए एआई आधारित 'समाधान दीदी' चैटबॉट पेश किया

**नयी दिल्ली :** केंद्र सरकार ने शनिवार को सरकारी विभागों के खिलाफ नागरिकों को ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराने में मदद के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) आधारित चैटबॉट 'समाधान दीदी' पेश किया। केंद्रीय कार्मिक राज्य मंत्री जितेन्द्र सिंह ने यहां 'समाधान दीदी' चैटबॉट की शुरुआत की और इसे देश में ''जन शिकायत निवारण तंत्र को लोकतंत्र आधारित बनाना'' करार दिया। उन्होंने कहा कि यह नागरिकों के लिए सार्वजनिक सेवाओं के उपयोग को आसान बनाने की सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि यह चैटबॉट लोक शिकायतों के निवारण को अधिक सरल, सुलभ और बहुभाषी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सिंह ने कहा कि अब नागरिक अपनी शिकायत को केवल अपनी भाषा में, सरल शब्दों में बताकर दर्ज करा सकते हैं, इसके लिए उन्हें यह जानने की आवश्यकता नहीं है कि यह किस मंत्रालय/विभाग, श्रेणी या उप-श्रेणी से संबंधित है। मंत्री ने कहा कि चैटबॉट शिकायत को समझता है, कुछ प्रासंगिक स्पष्टीकरण वाले प्रश्न पूछता है, स्वचालित रूप से उपयुक्त मंत्रालय, विभाग, श्रेणी और उप-श्रेणी की पहचान करता है और शिकायत को सही प्राधिकारी के पास दर्ज करा देता है।

## गुजरात: चार साल की बच्ची से दुष्कर्म के दोषी को उम्रकैद, पीड़ित परिवार को 10 लाख रुपये का मुआवजा


**गांधीनगर :** गुजरात के गांधीनगर की एक विशेष अदालत ने चार वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म के मामले में शनिवार को दोषी को उम्रकैद की सजा सुनाई और पीड़ित परिवार को 10 लाख रुपये का मुआवजा देने का आदेश दिया। लोक अभियोजक सुनील पंड्या ने यह जानकारी दी। यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत मामलों की सुनवाई के लिये गठित अदालत के अतिरिक्त जिला न्यायाधीश एसवी शर्मा ने आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। यहां सेक्टर 25 में मजदूर के रूप में काम करने वाले बिहार के मूल निवासी राम यादव ने पिछले साल दिसंबर में बच्ची को उसके घर से अगवा कर इंदिरा नगर के पास एक सुनसान जगह पर उससे दुष्कर्म किया था। अभियोजन पक्ष के अनुसार, सेक्टर 21 थाने में पॉक्सो अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया, जिसके बाद सीसीटीवी फुटेज के आधार पर यादव को गिरफ्तार किया गया।

# उत्तर भारत के कई इलाकों में बारिश ने गर्मी से राहत दिलाई, राजस्थान में धूलभरी आंधी



**नयी दिल्ली :** नई दिल्ली : सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से शनिवार को उत्तर भारत के अधिकांश हिस्सों में बारिश, आंधी और ओलावृष्टि हुई, जिससे पिछले कई दिनों से जारी भीषण गर्मी से लोगों को राहत मिली। हालांकि राजस्थान के कई जिलों में तेज धूलभरी आंधी ने जनजीवन को प्रभावित किया।राजस्थान के चूरू, बीकानेर, हनुमानगढ़, श्रीगंगानगर, नागौर, अलवर और सीकर समेत कई क्षेत्रों में तेज हवाओं के साथ धूलभरी आंधी चली। कई स्थानों पर दृश्यता लगभग शून्य हो गई और वाहन चालकों को दिन में ही हेडलाइट जलानी पड़ी। हनुमानगढ़ और श्रीगंगानगर में हवा की गति 56 किलोमीटर प्रति घंटा तक दर्ज की गई। वहीं जयपुर सहित कई क्षेत्रों में बारिश होने से तापमान में गिरावट आई।दिल्ली में भी मौसम ने करवट ली। मौसम विभाग ने राजधानी के लिए रेड और ऑरेंज अलर्ट जारी करते हुए गरज-चमक, बिजली गिरने, ओलावृष्टि और तेज आंधी की चेतावनी दी। विभाग के अनुसार हवा की गति 70 से 90 किलोमीटर प्रति घंटा तथा कुछ स्थानों पर 100 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंच सकती है।पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों में भी बारिश दर्ज की गई। पंजाब के मोहाली, अमृतसर, लुधियाना और पटियाला समेत कई शहरों में वर्षा हुई, जबकि पठानकोट में ओलावृष्टि दर्ज की गई। हरियाणा के गुरुग्राम, रोहतक, सोनीपत और करनाल में भी बारिश हुई। चंडीगढ़ में 18.2 मिमी वर्षा दर्ज की गई और अधिकतम तापमान सामान्य से 14 डिग्री कम रहा।उत्तर प्रदेश के कई जिलों में वर्षा के कारण तापमान में गिरावट आई। हिमाचल प्रदेश में भी हल्की से मध्यम बारिश और ओलावृष्टि हुई। मौसम विभाग ने राज्य के अधिकांश जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी करते हुए अगले 24 घंटों के दौरान गरज-चमक, तेज हवाओं और ओलावृष्टि की संभावना जताई है।

## अब भारत के 'सबसे बड़े ब्रांड एंबेसडर' प्रधानमंत्री मोदी हैं: शेखावत



**नयी दिल्ली :** केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत का कहना है कि 10-15 साल पहले तक विदेश में भारत की पहचान मुख्य रूप से महात्मा गांधी से जुड़ी थी, लेकिन अब यह बदल गया है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश के 'सबसे बड़े ब्रांड एंबेसडर' हैं। केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री ने 'पीटीआई वीडियो' को दिए एक साक्षात्कार में कहा कि भारत की संस्कृति- इसकी विरासत, त्योहार और व्यंजन - भी देश की पहचान हैं। उन्होंने कहा कि दुनिया में भारत को जिस नजरिए से देखा जाता था, उसमें 'कुछ कमी' थी। इस सप्ताह की शुरुआत में मंत्री ने 'पीटीआई-वीडियो' से कहा था,''10-15 साल पहले तक अगर आप दुनिया के किसी भी देश में जाते और किसी व्यक्ति से उसके हुलिए के आधार पर पूछते कि क्या वह भारतीय है, तो वह खुद को भारतीय कहने में हिचकिचाता था। वह अपना परिचय एशियाई के रूप में देता था। फिर अगर आप उससे पूछते कि वह एशिया में कहां से है, तब वह कहता कि मैं भारतीय हूं।'' मंत्री ने कहा कि इसके पहले अगर कोई पर्यटक विदेश में किसी को बताता कि वह भारतीय है, तो जवाब होता, 'भारत! ओह, श्रीमान गांधी'। शेखावत ने कहा कि भारत की छवि और पहचान 'गांधीजी से जुड़ी हुई थी'। उन्होंने कहा, ''लेकिन आज, और मैं पूरे विश्वास के साथ कह सकता हूं, आप दुनिया के किसी भी देश में जा सकते हैं... सबसे छोटे कैरेबियन द्वीप से लेकर अमेरिका तक, और दक्षिण एशिया से लेकर पश्चिम एशिया तक, आप कहीं भी जा सकते हैं, और अगर आप किसी को बताएं कि 'मैं भारत से हूं', तो आप उनके चेहरे पर एक प्यारी सी मुस्कान और एक विस्मयबोधक शब्द देखेंगे, 'भारत! ओह, श्रीमान मोदी'। मंत्री से पूछा गया कि भारत का सबसे बड़ा ब्रांड एंबेसडर कौन है, संस्कृति एवं पर्यटन या बॉलीवुड। इसके जवाब में उन्होंने कहा, ''आजकल हमारे सबसे बड़े ब्रांड एंबेसडर हमारे प्रधानमंत्री हैं।''

नीट-यूजी 2026 मामला

## एक आरोपी की सीबीआई हिरासत दो दिन बढ़ी, दूसरी न्यायिक हिरासत में

**नयी दिल्ली :** दिल्ली की एक अदालत ने नीट-यूजी 2026 कथित प्रश्नपत्र लीक मामले में आरोपी मनीषा संजय हवलदार की सीबीआई हिरासत शनिवार को दो दिन के लिए और बढ़ा दी और एक अन्य आरोपी मनीषा मंधारे को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। विशेष न्यायाधीश अजय गुप्ता केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की दोनों आरोपियों से पूछताछ की मांग वाली अर्जी पर सुनवाई कर रहे थे और उन्होंने एजेंसी की याचिका स्वीकार कर ली। हवलदार की हिरासत बढ़ाने का अनुरोध करते हुए विशेष लोक अभियोजक वी.के. पाठक ने अदालत को बताया कि वह राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के पैनल में भौतिकी विषय की अनुवादक के रूप में शामिल थीं और आरोप है कि उन्होंने अन्य आरोपियों के साथ साजिश कर अनधिकृत रूप से नीट-यूजी परीक्षा का प्रश्नपत्र अपने पास रखा तथा धन के बदले उसका वितरण किया। उन्होंने अदालत से कहा कि कथित साजिश में शामिल अन्य आरोपियों की पहचान करने और मामले की जांच के लिए हवलदार से हिरासत में पूछताछ करना आवश्यक है। इसका विरोध करते हुए हवलदार के वकील ने दलील दी कि उनकी मुवक्किल को 22 मई को गिरफ्तार किया गया था और उन्होंने जांच में सहयोग किया है।

## भारतीय नौसेना जटिल या दो तरफा खतरे से निपटने के लिए क्षमताएं बढ़ा रही : एडमिरल त्रिपाठी



**नयी दिल्ली :** नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी ने शनिवार को कहा कि हिंद महासागर क्षेत्र में चीन और पाकिस्तान की ओर से किसी भी ''दो-तरफा'' खतरे से निपटने के लिए भारतीय नौसेना ने अपनी पनडुब्बी-रोधी युद्ध क्षमता, पानी के भीतर निगरानी और नेटवर्क-आधारित अभियानों को काफी मजबूती प्रदान की है। एडमिरल त्रिपाठी ने 'पीटीआई-भाषा' के साथ विशेष साक्षात्कार में स्पष्ट किया कि नौसेना की ये कोशिशें किसी खास देश के खिलाफ नहीं हैं, बल्कि इनका उद्देश्य भारत के समुद्री हितों की पूर्ण सुरक्षा सुनिश्चित करना है। एडमिरल की यह टिप्पणी हिंद महासागर में चीन की बढ़ती मौजूदगी और पाकिस्तान के साथ उसके बढ़ते समुद्री तालमेल के बीच आई है। उन्होंने कहा, ''हम इस बात से पूरी तरह अवगत हैं कि हिंद महासागर क्षेत्र बढ़ती रणनीतिक प्रतिस्पर्धा और क्षेत्र के बाहर की ताकतों की अधिक मौजूदगी का गवाह बन रहा है। यह हमें 'सहयोग के युग' से निकालकर 'तीव्र प्रतिस्पर्धा के युग' की ओर ले जा रहा है'। उन्होंने कहा, ''एक पेशेवर समुद्री बल के रूप में, भारतीय नौसेना क्षेत्रीय स्तर पर होने वाले सभी घटनाक्रमों पर बहुत बारीकी से नजर रखती है, और हमारा दृष्टिकोण पूरी तरह से क्षमताओं पर आधारित और खतरों की सूचनाओं पर केंद्रित बना हुआ है।'' हाल के समय में समुद्री क्षेत्र में पाकिस्तान और चीन के बीच सहयोग बढ़ा है। पिछले महीने ही पाकिस्तान की नौसेना के लिए चीन द्वारा बनाई गईं चार डीजल-इलेक्ट्रिक हमला पनडुब्बियों में से पहली को शामिल करने की दोनों पक्षों ने घोषणा की थी। पाकिस्तानी नौसेना के आधुनिकीकरण में चीन बड़ी भूमिका निभा रहा है।

## फरीदाबाद के मस्जिद चौक पर कई अवैध ढांचों को ध्वस्त किया गया



**फरीदाबाद :** हरियाणा के फरीदाबाद प्रशासन ने शनिवार तड़के एनआईटी-3 इलाके के मस्जिद चौक पर एक मस्जिद समेत कई अवैध ढांचों को ध्वस्त कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि यह कार्रवाई आरआरटीएस कॉरिडोर और एलिवेटेड रोड परियोजना के लिए जमीन खाली कराने के उद्देश्य से की गई। राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के आदेशों के तहत चलाए गए इस अभियान में एक मंदिर, चार दुकानें और एक मकान भी ध्वस्त किया गया। उन्होंने बताया कि ध्वस्त ढांचों से मलबा हटाने का काम जारी है। पुलिस के अनुसार, यह अतिक्रमण हटाओ अभियान फरीदाबाद नगर निगम के अतिरिक्त आयुक्त परमजीत सिंह चहल की देखरेख में तड़के चार बजे शुरू हुआ और नगर निगम ने इसके लिए व्यापक तैयारियां की थीं। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस उपायुक्त रैंक के अधिकारी की देखरेख में भारी पुलिस बल तैनात किया गया था और इलाके में कड़ी निगरानी रखी गई थी। हरियाणा सरकार के गृह विभाग ने शुक्रवार को फरीदाबाद जिले के एनआईटी जोन में एक विशिष्ट दायरे में मोबाइल इंटरनेट, बड़ी संख्या में एक साथ एसएमएस भेजने और डोंगल सेवाओं को अस्थायी रूप से निलंबित करने का आदेश जारी किया था। यह प्रतिबंध शनिवार रात 10 बजे तक लागू रहेगा। पुलिस अधिकारी ने बताया कि इलाके में जारी अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान कानून व्यवस्था और जन शांति बनाए रखने के लिए यह कदम उठाया गया था।

## गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने, गोहत्या पर प्रतिबंध का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं : मेघवाल



गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने और देशभर में गोहत्या पर रोक लगाने की मांग करते रहते हैं। उन्होंने कहा, ''विभिन्न संगठन इन मुद्दों पर काम करते रहते हैं और सांसदों से भी संपर्क करते हैं। लोग ज्ञापन देते हैं और इस तरह के कदम उठाये जाने की अपील करते हैं।'' मंत्री ने हालांकि कहा कि फिलहाल केंद्रीय मंत्रिमंडल के पास ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। उन्होंने कहा,

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा है कि गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने या देशव्यापी स्तर पर गोहत्या पर प्रतिबंध लगाने का कोई प्रस्ताव फिलहाल केंद्र के पास विचाराधीन नहीं है। उन्होंने हालांकि यह भी कहा कि विभिन्न समूहों द्वारा इस तरह की मांग लगातार उठाई जाती रही है। मेघवाल ने कहा कि गोहत्या से जुड़े कानून राज्यों में अलग-अलग हैं और राज्य अपनी परिस्थितियों के हिसाब से फैसले लेते हैं। देशभर में गाय को राष्ट्रीय पशु का दर्जा देने और गोहत्या पर प्रतिबंध लगाने की मांगों से संबंधित एक सवाल का जवाब देते हुए, मेघवाल ने 'पीटीआई-भाषा' के साथ साक्षात्कार में कहा कि कई संगठन सांसदों और सरकार को ज्ञापन देकर ''फिलहाल हमारे समक्ष ऐसा कोई मामला नहीं है, जो मंत्रिमंडल के विचाराधीन हो। यदि किसी भी समय कोई प्रस्ताव ऐसे चरण तक पहुंचता है, जहां सरकार के निर्णय या मंत्रिमंडल के विचार की आवश्यकता हो, तो हम आपको सूचित करेंगे।'' उन्होंने भाजपा के नेतृत्व वाली पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा राज्य के 1950 के कानून के तहत पशु वध नियमों को सख्ती से लागू किये जाने संबंधी हालिया कदम का जिक्र करते हुए कहा, ''विभिन्न राज्य ऐसे मामलों में अपनी परिस्थितियों के हिसाब से निर्णय लेते हैं।'' मंत्री ने स्वीकार किया कि गोहत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग लगातार उठाई जा रही है और सोशल मीडिया समेत व्यापक स्तर पर इस पर चर्चा हो रही है।


## भारत में सिंचाई के लिए पानी की मांग 2050 तक 807 बीसीएम तक पहुंच सकती है

मंत्रालय का जल बजट पर जोर

**नयी दिल्ली :** भारत में साल 2050 तक सिंचाई के लिए पानी की मांग बढ़कर 807 बिलियन क्यूबिक मीटर (बीसीएम) हो सकती है, जहाँ दुनिया की 17.5 प्रतिशत आबादी और 11.6 प्रतिशत पशुधन है। जल शक्ति मंत्रालय के अनुमानों में यह बात कही गई है। मंत्रालय ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में होने वाले कुल पानी के इस्तेमाल का 80-90 प्रतिशत हिस्सा अकेले खेती (सिंचाई) में खर्च होता है, जिससे देश के जल संसाधनों पर दबाव और बढ़ता जा रहा है। केंद्रीय जल आयोग के अध्ययन, 'अंतरिक्ष इनपुट का उपयोग करके भारत में जल उपलब्धता का पुनर्मूल्यांकन, 2019' के अनुसार, देश में हर साल औसतन करीब 3,880 बीसीएम वर्षा होती है। वाष्पीकरण और अन्य कारकों जैसे प्राकृतिक नुकसान को ध्यान में रखने के बाद वार्षिक जल की औसत उपलब्धता 1,999.20 बीसीएम होने का अनुमान है। इस पृष्ठभूमि में, मंत्रालय ने 'जल बजट' तैयार करने की आवश्यकता पर बल दिया है। इसके अनुसार, भारत को आपूर्ति-संचालित दृष्टिकोण से हटकर मांग-आधारित और नियोजित जल प्रबंधन प्रणालियों की ओर बढ़ने की सख्त जरूरत है। मंत्रालय ने कहा कि जल बजट, समुदायों को पानी की उपलब्धता और मांग का आकलन करने में सक्षम बनाता है, जिससे कृषि, घरेलू उपयोग, पशुधन और उद्योग जगत में सोच-समझकर निर्णय लेने में मदद मिलती है।

## भारत ने नेपाल के मनांग में अस्पताल निर्माण के लिए सहायता प्रदान की


**काठमांडू :** भारत और नेपाल ने संयुक्त रूप से एक अस्पताल भवन की आधारशिला रखी, जिसका निर्माण नयी दिल्ली से मिलने वाली वित्तीय सहायता से हिमालयी राष्ट्र के उत्तरी मनांग जिले के एक दूरस्थ नगरपालिका में किया जाएगा। काठमांडू स्थित भारतीय दूतावास के उप प्रमुख राकेश पांडे और नासन ग्रामीण नगरपालिका के अध्यक्ष धन बहादुर गुरुंग ने बृहस्पतिवार को नगरपालिका के वार्ड नंबर पांच में अस्पताल भवन के निर्माण के लिए संयुक्त रूप से आधारशिला रखी। भारतीय दूतावास द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि यह अस्पताल उच्च प्रभाव वाली सामुदायिक विकास परियोजना के तहत भारत की ओर से दी गई 5.6 करोड़ नेपाली रुपये की सहायता से बनाया जा रहा है। गुरुंग ने विकास सहायता प्रदान करने के लिए भारत की सराहना की और उम्मीद जताई कि यह नई सुविधा काठमांडू से लगभग 280 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में स्थित ऊंचाई वाले क्षेत्र में बेहतर स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं प्रदान करने में मदद करेगी।



वाराणसी के दलमंडी सड़क चौड़ीकरण परियोजना के तहत कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच कार्रवाई फिर शुरू। वीडीए, जिला प्रशासन और सुरक्षा बलों की भारी तैनाती के साथ अभियान चलाया गया।

## भारत में रोटावायरस टीकाकरण की दर 85.4 प्रतिशत हुई : सर्वेक्षण

**नयी दिल्ली :** भारत में बच्चों को रोटावायरस टीके (आरवीवी) की तीनों खुराक दिए जाने का दायरा 2019-21 में 36.4 प्रतिशत से बढ़कर 2023-24 में 85.4 प्रतिशत हो गया, जो दोगुने से भी अधिक है। यह जानकारी नवीनतम राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस-6) में सामने आयी। भारत के सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम (यूआईपी) में 2016 में आरवीवी को शामिल किया गया और 2019 में इसे राष्ट्रीय स्तर पर विस्तारित किया गया। इस टीके का उद्देश्य बच्चों में रोटावायरस डायरिया से होने वाली मृत्यु और रुग्णता को कम करना है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा शुक्रवार को जारी सर्वेक्षण के निष्कर्षों के अनुसार,




भारत में बच्चों में तीव्र श्वसन संबंधी बीमारियों (एआरआई) की व्यापकता में गिरावट दर्ज की गई है - जो 2019-21 में 2.8 प्रतिशत से घटकर 2023-24 में 1.9 प्रतिशत हो गई है। अधिकारियों ने इस बात पर प्रकाश डाला कि एआरआई के प्रसार में कमी का श्रेय मुख्य रूप से 2017 में भारत के सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम में न्यूमोकोकल कंजुगेट वैक्सीन (पीसीवी) की शुरुआत को दिया जा सकता है। रिपोर्ट में यह भी दिखाया गया है कि 12-23 महीने की आयु के बच्चों में पूर्ण टीकाकरण दायरे में लगातार वृद्धि हुई है, जो एनएफएचएस-4 में 77.9 प्रतिशत से बढ़कर एनएफएचएस-5 में 83.8 प्रतिशत और एनएफएचएस-6 में 87.1 प्रतिशत हो गया है। एक अधिकारी ने कहा, 95.6 प्रतिशत से अधिक बच्चों को सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों के माध्यम से अधिकांश टीके लग चुके हैं। भारत का यूआईपी, जो दुनिया के सबसे बड़े सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्यक्रमों में से एक है, वर्तमान में सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं के माध्यम से 12 टीका-रोकथाम योग्य बीमारियों के खिलाफ 11 टीके मुफ्त में उपलब्ध कराता है, जिससे सालाना लगभग 2.55 करोड़ शिशुओं और 2.9 करोड़ गर्भवती महिलाओं को लाभ मिलता है।

## धन शोधन मामले में जैकलीन फर्नांडीज, सुकेश व 15 अन्य लोगों के खिलाफ आरोप तय करने का आदेश



**नयी दिल्ली :** दिल्ली की एक अदालत ने शनिवार को अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज, कथित ठग सुकेश चंद्रशेखर और 15 अन्य लोगों के खिलाफ 200 करोड़ रुपये के धन शोधन मामले में आरोप तय करने का आदेश दिया। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश (एएसजे) प्रशांत शर्मा ने कहा कि प्रथम दृष्टया, रिकॉर्ड पर पर्याप्त सामग्री मौजूद है, जिसके आधार पर सभी आरोपियों के खिलाफ गंभीर संदेह पैदा होता है। उन्होंने कहा, इन व्यक्तियों पर धन शोधन निवारण अधिनियम की धारा 3 के तहत (धन शोधन के) अपराध का आरोप लगाया जाना चाहिए, जो पीएमएलए की धारा 4 के तहत दंडनीय है। सभी आरोपियों को तीन जून को औपचारिक रूप से आरोप तय करने के लिए तलब किया गया है, जिसके बाद मामले की सुनवाई शुरू होगी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा जांच के सिलसिले में कई बार तलब की गई जैकलीन को एजेंसी द्वारा दायर पूरक आरोपपत्र में पहली बार आरोपी के रूप में नामित किया गया था। ईडी ने जैकलीन के खिलाफ अपनी दूसरी पूरक शिकायत में आरोप लगाया कि वह सुकेश के साथ लगातार संपर्क में थी और पिंकी ईरानी के माध्यम से उससे मूल्यवान उपहार प्राप्त करती थी। इस महीने की शुरुआत में, अदालत ने जैकलीन को 16 अप्रैल को दायर उनकी याचिका वापस लेने की अनुमति दी थी, जिसमें उन्होंने मामले में सरकारी गवाह बनने का अनुरोध किया था। ईडी ने जैकलीन की याचिका का विरोध करते हुए कहा था कि आरोपी (सुकेश) के आपराधिक इतिहास को जानते हुए भी वह उसके संपर्क में रहीं। अभिनेत्री की याचिका के जवाब में केंद्रीय एजेंसी ने कहा कि संचार के विभिन्न माध्यमों से निरंतर बातचीत और लाभ प्राप्त करने से जैकलीन द्वारा दावा किए गए अनजान पीड़ित होने के किसी भी दावे का खंडन होता है, और इसके बजाय मुख्य अपराधी के साथ उसके सचेत जुड़ाव को उजागर करता है।

## सही मतदाता सूची से निष्पक्ष चुनाव, एसआईआर सफल : सीईसी

**नयी दिल्ली :** मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार ने शनिवार को कहा कि सही मतदाता सूची ही निष्पक्ष चुनावों की आधारशिला होती है। उन्होंने दावा किया कि एसआईआर अपनी संवैधानिक जिम्मेदारी पूरी करने में बेहद सफल रहा है। उच्चतम न्यायालय द्वारा मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की वैधता बरकरार रखे जाने के बाद यह उनकी पहली सार्वजनिक टिप्पणी है। वह उच्चतम न्यायालय और विभिन्न उच्च न्यायालयों में निर्वाचन आयोग का प्रतिनिधित्व करने वाले कानूनी सलाहकारों के एक सम्मेलन में बोल रहे थे। सीईसी ने कहा, स्पष्ट मतदाता सूची और निष्पक्ष चुनाव। यही वह समय है और भारत आज इसी दौर से गुजर रहा है... एसआईआर न केवल भारत की सर्वोच्च अदालत की जांच में खरा उतरा है, बल्कि अपने संवैधानिक और कानूनी दायित्व को पूरा करने में भी अत्यंत सफल रहा है। उन्होंने कहा कि लाखों बूथ-स्तरीय एजेंट, कार्यकर्ता, मतदाता पंजीकरण अधिकारी और अन्य चुनाव अधिकारी निर्वाचन आयोग के तहत दुनिया की सबसे सटीक मतदाता सूचियों में से एक तैयार करने के लिए काम कर रहे हैं। पश्चिम बंगाल में एसआईआर को लेकर कलकत्ता उच्च न्यायालय में कई याचिकाएं दायर होने और बिहार में मतदाता सूची संशोधन को लेकर उच्चतम न्यायालय में हाल ही में चल रहे मामलों के बीच, निर्वाचन आयोग के कानूनी ढांचे और रणनीति को और मजबूत करने के लिए कानूनी सलाहकारों का सम्मेलन आयोजित किया गया था।

## हिंदी पत्रकारिता के 200 वर्ष पूरे: कोलकाता में 'उदंत मार्तण्ड' अखबार से शुरू हुई यात्रा


उदन्त मार्तण्ड

**नयी दिल्ली :** आज से ठीक 200 साल पहले कलकत्ता (अब कोलकाता) की तंग गलियों में एक पुराने प्रेस से 'उदंत मार्तण्ड' नामक साप्ताहिक पत्र का प्रकाशन शुरू हुआ था और इस तरह भारत में हिंदी पत्रकारिता की शुरुआत हुई। 'उदंत मार्तंड' का अर्थ 'उगता सूर्य' होता है। 30 मई, 1826 को पंडित जुगल किशोर शुक्ल के संपादन में इसका पहला अंक ''हिंदुस्तानियों के हित के हेत'' के संदेश के साथ निकाला गया था। इस ऐतिहासिक अवसर पर शनिवार को इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र (आईजीएनसीए) में एक प्रदर्शनी आयोजित की गई। इसमें 19वीं और 20वीं शताब्दी के कई ऐतिहासिक हिंदी पत्रों के दुर्लभ पन्नों को प्रदर्शित किया गया। इसी के साथ, हिंदी पत्रकारिता के 200 वर्ष पूरे होने पर आईजीएनसीए और भोपाल के 'माधवराव सप्रे स्मृति समाचार पत्र संग्रहालय एवं शोध संस्थान' द्वारा दो दिवसीय गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने एक स्मारक डाक टिकट और द्वि-शताब्दी विशेषांक जारी किया। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा हिंदी में भेजा गया एक लिखित संदेश भी मंच पर दिखाया गया। 29 मई के अपने संदेश में प्रधानमंत्री ने कहा, ''मुझे विश्वास है कि हिंदी पत्रकारिता की यह 200 वर्षों की गौरवशाली यात्रा पत्रकारों, शोधकर्ताओं और मीडिया जगत से जुड़े नई पीढ़ी के लोगों को प्रेरित करेगी।'' प्रदर्शनी में सप्रे संग्रहालय के अभिलेखागार से लिए गए दुर्लभ चित्र प्रदर्शित किए गए। इनमें 19वीं सदी के प्रमुख हिंदी समाचार पत्र जैसे 'मालवा अखबार' (हिंदी/उर्दू), 'अखबार ग्वालियर', 'समाचार सुधावर्षण', 'कविवचनसुधा', 'हिंदी प्रदीप', 'हिंदोस्थान', और 'श्री वेंकटेश्वर समाचार' आदि शामिल थे। वरिष्ठ पत्रकार और सप्रे संग्रहालय के संस्थापक विजयदत्त श्रीधर ने बताया कि 'उदंत मार्तण्ड' को पर्याप्त आर्थिक सहयोग नहीं मिल सका और यह ''एक साल और सात महीने'' में ही बंद हो गया। उन्होंने पत्रकार, कवि और लेखक माखनलाल चतुर्वेदी को उद्धृत करते हुए कहा, ''पत्रकार के लिए सबसे बड़ी चीज है- कलम। जो न रुकनी चाहिए, न झुकनी चाहिए, न अटकनी चाहिए और न ही भटकनी चाहिए।''

# आरसीबी और गुजरात टाइटंस के बीच फाइनल में होगी रोमांचक टक्कर

### हर कप्तान ट्रॉफी जीतना चाहता हैं; किसी से तुलना करने के बजाय में अपनी राह पर चलना चाहता हूं: पाटीदार

**अहमदाबाद :** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के फाइनल में रविवार को मौजूदा चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और गुजरात टाइटंस आमने-सामने होंगे। आरसीबी लगातार दूसरा खिताब जीतने के इरादे से उतरेगी, जबकि गुजरात पांच वर्षों में अपना दूसरा आईपीएल खिताब हासिल करना चाहेगी।टूर्नामेंट में आरसीबी ने आक्रामक बल्लेबाजी के दम पर शानदार प्रदर्शन किया है। विराट कोहली, कप्तान रजत पाटीदार, फिल साल्ट, टिम डेविड और वेंकटेश अय्यर ने टीम को कई मैचों में मजबूत शुरुआत दिलाई है। पहले क्वालीफायर में भी आरसीबी ने गुजरात को हराया था। इस सत्र में सबसे अधिक बार 200 से ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड भी आरसीबी के नाम है।कप्तान रजत पाटीदार के शांत नेतृत्व और भुवनेश्वर कुमार की अगुआई वाली गेंदबाजी इकाई ने टीम को संतुलन दिया है। भुवनेश्वर



26 विकेट लेकर पर्पल कैप की दौड़ में दूसरे स्थान पर हैं।दूसरी ओर, गुजरात टाइटंस ने संयमित और योजनाबद्ध क्रिकेट खेलकर फाइनल में जगह बनाई है। कप्तान शुभमन गिल (722 रन), साई सुदर्शन (710 रन) और जोस बटलर (507 रन) टीम की बल्लेबाजी की रीढ़ रहे हैं। गुजरात की सफलता काफी हद तक शीर्ष क्रम के प्रदर्शन पर निर्भर रही है।गेंदबाजी में गुजरात को कागिसो रबाडा, मोहम्मद सिराज, राशिद खान और प्रसिद्ध कृष्णा से मजबूती मिली है। रबाडा 28 विकेट के साथ पर्पल कैप की दौड़ में सबसे आगे हैं। हालांकि सिराज की फिटनेस चिंता का विषय बनी हुई है।कागजों पर आरसीबी को थोड़ा मजबूत माना जा रहा है, लेकिन गुजरात की संतुलित टीम किसी भी चुनौती का सामना करने में सक्षम है। ऐसे में दोनों टीमों के बीच खिताबी मुकाबले के बेहद रोमांचक होने की उम्मीद है।

## गुलवीर सिंह चार मिनट से कम समय में एक मील दौड़ पूरी करने वाले पहले भारतीय बने

**क्लेवलैंड :** भारतीय लंबी दूरी के धावक गुलवीर सिंह ने एक और ऐतिहासिक उपलब्धि अपने नाम करते हुए चार मिनट से कम समय में एक मील दौड़ पूरी करने वाले पहले भारतीय बनने का गौरव हासिल किया। उन्होंने यह उपलब्धि अमेरिका में आयोजित 24वें वार्षिक म्यूजिक सिटी ट्रैक कार्निवल में खिताब जीतते हुए हासिल की। म्यूजिक सिटी ट्रैक कार्निवल का आयोजन अमेरिका स्थित ली यूनिवर्सिटी के क्लीवलैंड परिसर में किया गया था। यह प्रतियोगिता विश्व एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर की चैलेंजर श्रेणी का हिस्सा है। गुलवीर ने पुरुषों की पेशेवर एक मील दौड़ में 3 मिनट 55.63 सेकंड का शानदार समय निकालते हुए स्वर्ण




पदक जीता। इस प्रदर्शन के साथ 27 वर्षीय धावक ने भारतीय एथलेटिक्स इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ दिया। मेजबान अमेरिका के क्रिस्टोफर नाइट 3 मिनट 59.72 सेकंड के समय के साथ दूसरे स्थान पर रहे, जबकि ट्रिस्टन ट्रेविनो ने 4 मिनट 00.27 सेकंड का समय निकालकर तीसरा स्थान हासिल किया। पुरुष 10,000 मीटर दौड़ में एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता गुलवीर इन दिनों आगामी राष्ट्रमंडल खेलों और जापान में होने वाले एशियाई खेलों की तैयारी के लिए अमेरिका में प्रशिक्षण और विभिन्न प्रतियोगिताओं में हिस्सा ले रहे हैं। भारतीय सेना से जुड़े इस धावक के नाम पहले से ही कई राष्ट्रीय रिकॉर्ड दर्ज हैं। उनके नाम 5,000 मीटर और 10,000 मीटर दौड़ का राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी दर्ज है।

## केम्प के ऑलराउंड प्रदर्शन से इंग्लैंड ने भारत को हराया, सीरीज 1-1 से बराबर



**बराबरब्रिस्टल :** फ्रेया केम्प के शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन की बदौलत इंग्लैंड ने दूसरे महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में भारत को 26 रन से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला 1-1 से बराबर कर ली। निर्णायक मुकाबला मंगलवार को टॉनटन में खेला जाएगा।पहले बल्लेबाजी करते हुए इंग्लैंड ने पांच विकेट पर 168 रन बनाए। टीम की शुरुआत धीमी रही, लेकिन एमी जोन्स (28), एलिस कैप्सी (28) और डैनी व्याट-हॉज (29) ने उपयोगी योगदान दिया। भारतीय गेंदबाजों ने नियमित अंतराल पर विकेट लेकर इंग्लैंड को दबाव में रखा। युवा स्पिनर श्री चरणी ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 25 रन देकर तीन विकेट झटके। हालांकि मैच का रुख अंतिम ओवरों में बदल गया, जब फ्रेया केम्प ने मात्र 13 गेंदों में नाबाद 39 रन की विस्फोटक पारी खेली। उन्होंने आखिरी ओवर में दो छक्के और दो चौके लगाकर इंग्लैंड को मजबूत स्कोर तक पहुंचाया।169 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने अच्छी शुरुआत की। शेफाली वर्मा ने 22 और स्मृति मंधाना ने 32 रन बनाए। नौवें ओवर तक भारत 70 रन पर था, लेकिन मंधाना के आउट होते ही पारी लड़खड़ा गई। चार्ली डीन और सोफी एक्लेस्टोन की स्पिन जोड़ी ने मध्य ओवरों में रनगति पर अंकुश लगाया।कप्तान हरमनप्रीत कौर और ऋचा घोष के जल्दी आउट होने से भारत पर दबाव बढ़ गया। यास्तिका भाटिया ने 33 रन बनाए, लेकिन तेजी से रन नहीं बना सकीं। भारत की टीम निर्धारित 20 ओवर में नौ विकेट पर 142 रन ही बना सकी।केम्प ने गेंद से भी कमाल दिखाते हुए दो विकेट लेकर इंग्लैंड की जीत में अहम भूमिका निभाई।

## एशियाई खेल: बीसीसीआई की 30 संभावित खिलाड़ियों की सूची में सूर्यकुमार और गिल नहीं, सूर्यवंशी शामिल

**नयी दिल्ली :** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने 19 सितंबर से चार अक्टूबर तक आइची-नागोया में होने वाले एशियाई खेलों के लिए भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) को 30 पुरुष संभावित खिलाड़ियों की सूची सौंपी है जिसमें आईपीएल स्टार वैभव सूर्यवंशी का नाम शामिल है लेकिन भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव के अलावा टेस्ट और वनडे कप्तान शुभमन गिल का नाम नहीं है। यह पहले से ही तय था कि बीसीसीआई को दो अलग-अलग टी20 टीम चुननी होंगी क्योंकि वेस्टइंडीज के खिलाफ भारत की घरेलू सफेद गेंद की श्रृंखला का कुछ हिस्सा चार साल में होने वाले एशियाई खेलों के कार्यक्रम के साथ पड़ रहा रहा है। वेस्टइंडीज सीरीज में 27 सितंबर से 17 अक्टूबर के बीच आठ सफेद गेंद के मैच (तीन वनडे और पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय) खेले जाएंगे। उम्मीद है कि गिल वनडे में टीम की कप्तानी करेंगे इसलिए उन्हें एशियाई खेलों के लिए नहीं चुना गया है। हालांकि कुछ खिलाड़ी वनडे और टी20 अंतरराष्ट्रीय दोनों टीम हैं, लेकिन एशियाई खेलों में पुरुषों की क्रिकेट स्पर्धा 24 सितंबर से तीन अक्टूबर के बीच होगी जिसके चलते चयनकर्ताओं को दो टीमें चुनने के लिए एक बड़ा पूल बनाना पड़ा है। माना जा रहा है कि 2028 ओलंपिक खेलों और अगले टी20 विश्व कप को देखते हुए सूर्यकुमार अब बड़ी योजनाओं का हिस्सा नहीं हैं और एशियाई खेलों की लंबी सूची में उनका नाम नहीं होना कोई हैरानी की बात नहीं है। एशियाई खेलों की इस सूची में कप्तानी के दावेदारों में श्रेयस अय्यर, संजू सैमसन और तिलक वर्मा शामिल हैं।

## उलटफेर का शिकार हुए जोकोविच, फ्रेंच ओपन में नया पुरुष चैंपियन बनना लगभग तय

**पेरिस :** विश्व नंबर-एक यानीक सिनर के बाहर होने के बाद अब दिग्गज नोवाक जोकोविच के भी उलटफेर का शिकार हो जाने से फ्रेंच ओपन में पुरुष एकल खिताब की दौड़ पूरी तरह खुल गई है और यह तय हो गया है कि रोलां गैरो को नया चैंपियन मिलेगा। ब्राजील के 19 वर्षीय खिलाड़ी जोआओ फोन्सेका ने तीसरे दौर में जोकोविच को पांच सेटों के रोमांचक मुकाबले में 4-6, 4-6, 6-3, 7-5, 7-5 से हराकर बड़ा उलटफेर किया। यह मुकाबला दो घंटे से अधिक समय तक चला और अंत तक बेहद संघर्षपूर्ण रहा। जोकोविच के लिए यह हार उनके 25वें ग्रैंड स्लैम खिताब के सपने पर बड़ा झटका साबित हुई। यह केवल दूसरी बार है जब वह दो सेटों की बढ़त गंवाकर कोई मैच हारे हैं। इससे पहले ऐसा 2010 में पेरिस में हुआ था। जोकोविच, डेनियल मेदवेदेव, मारिन चिलिच और स्टान वावरिंका जैसे सभी ग्रैंड स्लैम विजेता इस बार टूर्नामेंट से बाहर हो चुके हैं, जिससे यह तय हो गया है कि सात जून को पुरुष एकल में नया चैंपियन ट्रॉफी उठाएगा। फोन्सेका ने इस ऐतिहासिक जीत के बाद कहा, मैच खत्म होने के 10 मिनट बाद मुझे समझ आया कि मैंने कितना बड़ा कारनामा किया है। जोकोविच जैसे दिग्गज को हराना मेरे करियर का सबसे बड़ा पल है।

### मनु-सम्राट ने जीता रजत, भारत पदक तालिका में दूसरे स्थान

**परम्यूनिख :** भारतीय निशानेबाज मनु भाकर और सम्राट राणा की जोड़ी ने आईएसएसएफ विश्व कप की 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में रजत पदक जीता। फाइनल में उन्हें चीन के विश्व चैंपियन याओ कियानक्सुन और हू काई से मात्र 0.3 अंक के अंतर से हार का सामना करना पड़ा। ओलंपिक पदक विजेता मनु और सम्राट ने फाइनल में 483.6 अंक जुटाए। भारतीय जोड़ी की शुरुआत धीमी रही, लेकिन दूसरे और तीसरे चरण में शानदार प्रदर्शन करते हुए उसने चीन की मजबूत चुनौती का मुकाबला किया। एक समय भारतीय जोड़ी ने 2.2 अंकों की बढ़त भी बना ली थी, लेकिन अंतिम चरण में कुछ चूकों का फायदा उठाकर चीनी जोड़ी ने बढ़त हासिल कर ली और स्वर्ण पदक अपने नाम कर लिया।मनु ने निर्णायक क्षणों में कई बेहतरीन शॉट लगाए, जबकि सम्राट ने भी लगातार अच्छा प्रदर्शन किया। हालांकि अंतिम दौर में चीन के हू काई ने शानदार निशाने लगाकर अपनी टीम को जीत दिलाई।

## एशियाई खेल ट्रायल के सेमीफाइनल में हारीं विनेश, वापसी का सपना टूटा



**नयी दिल्ली :** भारतीय महिला पहलवान विनेश फोगाट का एशियाई खेलों के लिए राष्ट्रीय टीम में वापसी का सपना शनिवार को तब टूट गया, जब वह 53 किलोग्राम वर्ग के चयन ट्रायल के सेमीफाइनल में मीनाक्षी गोयत से 4-6 से हार गईं।पेरिस ओलंपिक 2024 के बाद पहली बार मैट पर उतरीं विनेश ने शुरुआत शानदार की। उन्होंने पहले मुकाबले में ज्योति को 7-1 से हराया, जबकि क्वार्टर फाइनल में निशु कुमारी के खिलाफ संघर्षपूर्ण मुकाबले में 6-5 से जीत दर्ज की। हालांकि सेमीफाइनल में वह अपनी लय बरकरार नहीं रख सकीं और एशियाई चैंपियनशिप रजत पदक विजेता मीनाक्षी के हाथों हार गईं।ट्रायल से पहले भी काफी विवाद हुआ। आधिकारिक वजन-माप के दौरान विनेश को केवल 50 किलोग्राम वर्ग में उतरने की अनुमति देने की बात कही गई, जिस पर उन्होंने विरोध जताया। बाद में हस्तक्षेप के बाद उन्हें 53 किलोग्राम वर्ग में भी हिस्सा लेने की अनुमति मिली। हार के बाद भावुक विनेश ने कहा, मुझे नहीं लगता कि मैं असफल हुई हूं। मैं पूरी व्यवस्था से लड़ रही थी। मेरे साथ सही व्यवहार नहीं हुआ, लेकिन मैं वापसी करूंगी। फाइनल में अंतिम पंघाल ने मीनाक्षी को 3-2 से हराकर खिताब अपने नाम किया। दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश के बाद ट्रायल में उतरीं विनेश ने संकेत दिए कि वह अभी कम से कम दो वर्षों तक प्रतिस्पर्धी कुश्ती जारी रखेंगी।

राधे-राधे
।। श्री गणेशाय नमः ।। ।। श्री श्याम देवाय नमः ।। ।। श्री हनुमंते नमः ।।
पतित पावन श्री पुरुषोत्तम मास के अवसर पर
श्रीमद्भागवत कथा



8 जून से 14 जून 2026
मुख्य यजमान
श्री गजानन्द जी-श्रीमती गायत्री बिड़दीका
दोपहर 2.00 बजे से सायं 6.00 बजे

समारोह अध्यक्ष: श्री महेश जी अग्रवाल
उद्घाटनकर्ता: श्री अशोक जी पोद्दार, श्री विवेक जी आडुकिया
प्रधान अतिथि : श्री जुगल किशोर जी सराफ
विशिष्ट अतिथि : श्री दिनेश जी आडुकिया
मुख्य कथा संरक्षक
पद्मश्री प्रहलाद राय जी अग्रवाल, श्री ओम जी जालान, श्री राजीव जी जाजोदिया, श्री भगवान दास जी अग्रवाल, श्री गौतम जी नारसरिया
श्रीमती विद्यावती जी दिनोदिया, श्री नवल जी रुंगटा, श्री अभिषेक जी अग्रवाल, श्री गिरधारी लाल जी गोयनका, श्री अंकित जी जायसवाल

15 जून 2026, सोमवार
हवन
प्रातः 10.00 बजे से
महाप्रसाद
दोपहर 1.00 बजे से

विशेष उपस्थिति
श्री रमेश जी सरावगी श्री पवन जी टिबड़ेवाल
श्री सज्जन जी बंसल श्री आदित्य जी दीवान
श्री सुनील जी बंसल श्री कृष्णा-निर्मला देवी (सम्बलपुर)
श्री सुनील जी खेतान श्री सुनील जी चौधरी

संरक्षकगण
श्री कैलाश क्याल, श्री संतोष चौधरी, श्री आशीष झुनझुनवाला, श्री राजकुमार मुसद्दी, श्री शंकर लाल भावसिंहका, श्री रामगोपाल शाह, श्री राजकुमार मनकसिया, श्री भगवती प्रसाद सुरेका, श्री गजानन्द मुनका, श्री प्रकाश चण्डालिया, श्री संजय हरलालका, श्री विजय मित्तल, श्री सुशील चौधरी, श्री महेश शर्मा, श्री रमेश खेतान, श्री रतन बुबना, श्री बिजय सुल्तानिया, श्री विमल दीवान, श्री प्रवीण अग्रवाल, श्री विश्वनाथ-दीपक चौधरी, श्री जुगल किशोर अग्रवाल, श्री घनश्याम अग्रवाल, श्री निर्मल अग्रवाल, श्री नारायण अग्रवाल, श्री कैलाश डालमिया, श्री प्रदीप रुइया, श्री आयुष सरावगी, श्री विक्कीराज सीकरिया, श्री मुरारी लाल दीवान, श्री दीपक संघई, श्री विमल सदाका, श्री प्रदीप संघई, श्री मधुसूदन सरावगी, श्री सुभाष मुरारका, श्री रामचन्द्र जोशी, श्री विनोद कैलाश सुल्तानिया, श्री राजेन्द्र सुल्तानिया, श्री प्रकाश पोद्दार, श्री दीपक तोदी (आसनसोल), श्री राकेश भट्टर, श्री नवल सुल्तानिया, श्री राधेश्याम सुल्तानिया, श्री मनीष नारसरिया, श्री विक्रम नारसरिया, श्री पवन चौधरी, श्री नवीन टिकमानी, श्री प्रीतम जैन, श्री सुरेन्द्र छापरिया, श्री विनोद-पुष्पा साव, श्री श्रीजी लाखोटिया, श्रीमती लक्ष्मी डालमिया, श्री लीलाराम अग्रवाल, श्री श्याम सुन्दर अग्रवाल, श्री सत्यनारायण गुप्ता (LIC), श्री दिनेश बजाज (पूर्व विधायक), श्री मुकेश सुदेश गोयल, श्री सीताराम मुकेश गोयल, श्रीमती कामिनी टिबड़ेवाल, श्री रविन्द्र लड़िया, श्री राजकुमार शर्मा, श्री पिन्टू अग्रवाल, श्री आलोक मोर, श्री बिरमप्रकाश सुल्तानिया, श्री शम्भु पोद्दार, श्री अशोक प्रसाद गुप्ता, श्री अरुण सोमानी, श्री पवन गोयल, श्रीमती रानी दास, श्री सुबोदीप गुहा, श्री सयकेत घोष, श्री अशोक मुसद्दी, श्री संजय सराफ, श्री बिमल बेंगानी,श्री जयप्रकाश साव, श्री विजय बिदासरिया, श्री संतोष अग्रवाल, श्री प्रदीप दारुका, श्री राकेश अग्रवाल, श्री विनोद शर्मा, श्री सुरेश गाड़ोदिया, श्री नन्दकिशोर, वरुण अग्रवाल, विनोद अग्रवाल (बेलघरिया), श्री बनवारी लाल सोती, श्री अभिनव अग्रवाल (ROXX) श्री विश्वनाथ अग्रवाल, श्री निर्मल-संजय गोयल (OSL), श्री राजकुमार शर्मा, श्री केशव शर्मा, श्री मदन राजगढ़िया, श्री अशोक-राहुल अग्रवाल (35mm), श्री किशन किल्ला, श्री विजय अग्रवाल, श्री विजय-अर्चना भूत, श्री आदित्य पोद्दार, श्री सुधांशु शेखर (युवा शक्ति), श्री संतोष ढांढनिया, श्री रोशन साव, श्री सज्जन तायल, श्री बालकिशन अग्रवाल, श्री नीरज गर्ग, श्री आदरीक बैशाखी राय, श्री शंकर लाल अग्रवाल (रुंगटा)



अंतरराष्ट्रीय कथा वाचिका
पूज्या देवी ऋचा मिश्रा जी

आयोजक व कथा स्थल
श्री श्याम मन्दिर आलमबाजार (कोलकाता)
LIVE
सम्पर्क 98311 95501 / 98311 12051 / 98311 74704 / 91638 00326
98310 46127 / 79806 35849 / 98300 81923 / 93046 91052
Shyam 98318 80860
Vallet Car Parking
बड़ा बगान मैदान
(आलमबाजार पोस्ट आफिस के बगल गली में)
(केवल 8 से 14 जून 2026 तक)
BENGAL ENERGY LIMITED | RUPA | UltraMax 550D TMT BAR ULTRA SHAKTI! MAXIMUM MAZBOOTI! | SKIPPER Limited | baazar
Jai Balaji Group | CALCUTTA EXPORT COMPANY | Adhunik TMT BARS BHAROSA HAMESHA | UTKARSH PIPES & FITTINGS | delica SPPL गजानन्द बिड़दीका
सेवा-साधना पत्रिकाओं में बेस्ट गुणवत्ता में श्रेष्ठ
सम्पादक : प्रवीण केजरीवाल 97482 85779

वर्ष 11, पूर्णांक 3608 अंक 074 RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित। सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in